सुप्रभात
रांची, शनिवार
17.05.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, पंचमी, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 301



12 कांस में जैकलीन ने बिखेरा जलवा

## न्यूज डायरी

### जेपीएससी अभ्यर्थियों का बेमियादी अनशन खत्म

**रांची।** जेपीएससी कार्यालय के पास अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठे छात्रों ने अपना आंदोलन समाप्त कर दिया है। ठात्र अपना विरोध जता रहे थे। उनका कहना है कि 10 महीने पहले आयोजित परीक्षा का परिणाम अभी तक नहीं आया है। उनका भविष्य अंधकार में है। डुमरी विधायक जयराम महतो ने छात्रों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्या का समाधान करवाने के लिए वे हर संभव प्रयास करेंगे।

### अब गया नहीं गया जी बोलना होगा, नाम बदला

**पटना।** एतिहासिक शहर गया अब गया जी के नाम से जाना जायेगा। राज्य सरकार ने मंत्रिमंडल की बैठक में गया का नाम बदलने का फैसला लिया है। शुक्रवार की बैठक में यह फैसला लया गया। साथ ही ऑपरेशन सिंदूर में शहीद हुए जवानों के घरवालों को 50 लाख का अनुग्रह अनुदान देगी।

### सिंधु जल पर पाकिस्तान की गुजारिश खारिज

**नयी दिल्ली।** पाकिस्तान के साथ सिंधु जल समझौता तब तक स्थगित रहेगा जब तक वह सीमापार आतंकवाद को समर्थन–संरक्षण देना पूरी तरह समाप्त नहीं कर देता। पाकिस्तान को न केवल इसे समाप्त करना होगा, बल्कि उसके प्रयास भरोसेमंद भी होने चाहिए। पाकिस्तान सरकार की ओर से भेजे गये आग्रह पत्र पर केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय ने भारत की स्थिति स्पष्ट कर दी।

### हथियारों से भरी पानी टंकी जंगल से बरामद

**गिरिडीह।** नक्सली संगठन भाकपा माओवादियों के नक्सलियों के खिलाफ पुलिस और सीआरपीएफ के जवान लगातार कार्रवाई कर रहे है। जिले के नक्सल प्रभावित खुखरा थाना इलाके के चतरो के कानाडीह और गार्दी के घने जंगल मे छिपाकर पानी टंकी में रखे विस्फोटक पदार्थ और हथियारों को पुलिस ने बरामद किया है। बरामद पानी टंकी से हथियार और कारतूस के साथ विस्फोटक पदार्थ जब्त किये गये। पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता कर इसकी जानकारी दी।

### बहू ने ससुर पर लगाया आरोप, बुजुर्ग ने की खुदकुशी

**मेदिनीनगर।** बहू की ओर से महिला थाने में शिकायत करने के बाद 55 वर्षीय ससुर ने फंदे से लटक कर खुदकुशी कर ली। घटना जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र के तेनुडीह गांव के धनीडीह टोला की है। महिला ने अपने ससुर पर प्रताड़ित और मारपीट करने का आरोप लगाया है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा दिया है। मृतक की पहचान लालमोहन विश्वकर्मा के रूप में हुई है। मृतक की बड़ी बहू शिवानी देवी, पति बीरेंद्र विश्वकर्मा ने महिला थाने में शिकायत दर्ज करायी थी।

## कार्टून कोना




# रामभद्राचार्य ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित

### बीमारी के कारण गीतकार गुलजार सम्मान लेने नहीं आ सके

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को यहां एक समारोह में संस्कृत के प्रकांड विद्वान जगद्गुरु रामभद्राचार्य को 58वें ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया। नयी दिल्ली के विज्ञान भवन में राष्ट्रपति ने जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य को ज्ञानपीठ पुरस्कार प्रदान किया। प्रख्यात गीतकार गुलजार को भी ज्ञानपीठ पुरस्कार दिया गया। हालांकि वह अस्वस्थ होने के कारण पुरस्कार समारोह में शामिल नहीं हो सके। राष्ट्रपति ने इस अवसर पर जगद्गुरु रामभद्राचार्य जी



के साथ साथ ज्ञानपीठ पुरस्कार वाले गीतकार गुलजार को भी बधाई दी। उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की।

**साहित्य समाज को जागृत करता है :** राष्ट्रपति ने कहा कि साहित्य समाज को जोड़ता और जागृत करता है। उन्होंने कहा कि 19वीं सदी के सामाजिक जागरण से लेकर 20वीं सदी के स्वतंत्रता संग्राम तक, कवियों और लेखकों ने लोगों को जोड़ने में बड़ी भूमिका निभायी है। बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित -वंदे मातरम- गीत लगभग 150 वर्षों से भारतीयों को जागृत कर रहा है और हमेशा करता रहेगा। उन्होंने कहा कि वाल्मीकि, व्यास और कालिदास से लेकर रवींद्रनाथ टैगोर जैसे शाश्वत कवियों की रचनाओं में हम जीवंत भारत की धड़कन महसूस करते हैं जो भारतीयता की आवाज है। राष्ट्रपति ने कहा कि आशापूर्णा देवी, अमृता प्रीतम, महादेवी वर्मा, कुर्रतुल-ऐन-हैदर, महाश्वेता देवी, इंदिरा गोस्वामी, कृष्णा सोबती और प्रतिभा रे जैसी ज्ञानपीठ पुरस्कार विजेता महिला लेखकों ने भारतीय परंपरा और समाज को विशेष संवेदनशीलता के साथ देखा और अनुभव किया है और हमारे साहित्य को समृद्ध किया है। (शेष पेज 11 पर)

### दिव्य दृष्टि से असाधारण सेवा की

राष्ट्रपति ने जगतगुरू रामभद्राचार्य के बारे में कहा कि उन्होंने उत्कृष्टता का एक प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने उनके बहुमुखी योगदान की प्रशंसा की और कहा कि शारीरिक रूप से विकलांग होने के बावजूद उन्होंने अपनी दिव्य दृष्टि से साहित्य और समाज की असाधारण सेवा की है। उन्होंने कहा कि श्री रामभद्राचार्य ने साहित्य और समाज सेवा दोनों ही क्षेत्रों में व्यापक योगदान दिया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनके गौरवशाली जीवन से प्रेरणा लेकर आने वाली पीढ़ियाँ साहित्य सृजन, समाज निर्माण और राष्ट्र निर्माण के सही मार्ग पर आगे बढ़ती रहेंगी।

# खुशखबरी : मंईयां योजना की 9609 करोड़ राशि जारी

### लाभुकों को शीघ्र एक साथ मिलेगी दो माह की राशि

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की महत्त्वपूर्ण सामाजिक योजनाओं में से एक महत्वाकांक्षी मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों के लिए खुशखबरी है। जल्द ही पात्र लाभुकों को अप्रैल और मई माह की 5000 रुपये राशि एक साथ खातों में ट्रांसफर की जायेगी। जानकारी के अनुसार महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग ने इसके लिए 9609 करोड़ रुपये की राशि जारी कर दी है। इस योजना का उद्देश्य राज्य की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है।




**आधार सीडिंग नहीं तो लाभ नहीं :** राज्य सरकार की ओर से यह स्पष्ट किया गया है कि जिन लाभुक महिलाओं ने आधार सीडिंग नहीं करवाया है, उन्हें यह राशि नहीं मिलेगी। ऐसे में जिन महिलाओं ने अब तक आधार सीडिंग नहीं करवाया है, उन्हें 5000 रुपये नहीं मिलेंगे। (शेष पेज 11 पर)

### 5वीं जेपीएससी अपील याचिका सुप्रीम कोर्ट से निष्पादित

# दावे पर विचार करने को दो महीने का दिया वक्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** सुप्रीम कोर्ट ने पांचवीं जेपीएससी संयुक्त सिविल सेवा प्रतियोगिता परीक्षा के मामले में अपील पर फैसला सुनाते हुए उसे निष्पादित कर दिया। झारखंड सरकार को चयन प्रक्रिया में उनकी योग्यता के अनुसार नियुक्ति के लिए अपीलकर्ताओं के दावे पर विचार करने का निर्देश दिया। सभी आवश्यक कार्रवाई दो माह के अंदर पूरा करने को कहा है।

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा है कि अपीलकर्ता सभी परिणामी लाभों अर्थात वरिष्ठता व वेतन निर्धारण (बकाया वेतन के बिना) के हकदार होंगे। हालांकि वे काल्पनिक वेतन निर्धारण के हकदार होंगे। इस स्तर पर यह बताया गया है कि



अपीलकर्ता संख्या-दो अर्थात ज्योति कुमारी ने छठी जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा उत्तीर्ण की है और वह पहले से ही प्रखंड विकास पदाधिकारी के रूप में नियुक्त हैं। उन्हें उस पद पर शामिल होने का विकल्प दिया जायेगा, जिसके लिए वह पांचवीं जेपीएससी परीक्षा में अपनी योग्यता के अनुसार पात्र पायी जा सकती हैं, जो हमें सूचित किया गया है कि वह झारखंड प्रशासनिक सेवा में होंगी।

### इन्होंने अपील याचिका की थी दायर

सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने कहा है कि यदि ऐसा प्रस्ताव उन्हें स्वीकार्य नहीं है, तो उन्हें पांचवीं जेपीएससी परीक्षा के अनुसार नियुक्त माना जाएगा तथा वह वेतन निर्धारण को छोड़ कर किसी अतिरिक्त मौद्रिक लाभ के बिना उस बैच के साथ वरिष्ठता की हकदार होंगी। इससे पूर्व मामले की सुनवाई के दौरान प्रार्थियों की ओर से एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड सुचित्रा पांडेय ने पैरवी की। अपीलकर्ता कपिलदेव हांसदा और ज्योति कुमारी की ओर से अपील याचिका दायर की गयी थी।

### भुज एयरबेस से पाक को राजनाथ सिंह का कड़ा संदेश

# अभी तो ट्रेलर दिखाये हैं पूरी पिक्चर अभी बाकी है

### ऑपरेशन सिंदूर जारी रहेगा

एजेंसी

**भुज।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को गुजरात के भुज एयरफोर्स स्टेशन पर वायुसैनिकों को संबोधित करते हुए कहा, आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई सिर्फ सुरक्षा का मामला नहीं है, यह अब राष्ट्रीय सुरक्षा सिद्धांत का हिस्सा बन गया है और हम आतंकवाद के हर स्वरूप को जड़ से खत्म कर देंगे। रक्षामंत्री ने भुज एयरबेस से पाकिस्तान को कड़ा संदेश भी दिया। उन्होंने साफ किया है कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है। अभी तो हमारी कार्रवाई तो बस एक ट्रेलर थी, अगर जरूरत पड़ी तो हम पूरी तस्वीर दिखायेंगे। आतंकवाद पर हमला करना और उसे खत्म करना नये भारत की नयी सामान्य बात है। उन्होंने पाकिस्तान का



सख्त लहजे में चेताया और कहा, झलक दो दिखा चुके हैं अपनी हरकतों से बाज नहीं आये तो पूरी फिल्म भी हम दिखा देंगे। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना ने प्रभावी भूमिका निभायी जिसकी न केवल भारत में बल्कि विदेशों में भी सराहना हो रही है।

**आईएमएफ लोन पर दुबारा सोचे :** भारत ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से पाकिस्तान को दी जाने वाली एक अरब डॉलर की सहायता पर शुक्रवार को पुनर्विचार करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, इस्लामाबाद इस सहायता का इस्तेमाल आतंकवाद के वित्तपोषण के लिए करता रहा है और आगे भी कर सकता है। (शेष पेज 11 पर)

### जवानों का बढ़ाया हौसला

रक्षा मंत्री ने भुज वायुसेना स्टेशन का दौरा किया। यह स्टेशन उन स्थानों में शामिल है जिन्हें पिछले सप्ताह पाकिस्तानी सेना ने निशाना बनाया था। रक्षा मंत्री ने सशस्त्र बलों की सराहना करते हुए कहा, ऑपरेशन सिंदूर में हमारे सशस्त्र बल न केवल दुश्मन पर हावी रहे बल्कि उन्हें नेस्तनाबूद करने में भी उन्होंने सफलता पायी। रक्षा मंत्री ने एक दिन पहले ही जम्मू कश्मीर में नियंत्रण रेखा और अंतरराष्ट्रीय सीमा पर समग्र सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की थी। भुज वायुसेना स्टेशन पर उन्होंने साहसी वायु योद्धाओं से बातचीत की और उनका हौसला बढ़ाया।

# वज्रपात से जख्मी सीआरपीएफ अधिकारी शहीद

### झारखंड को बड़ी क्षति, एम प्रबो सिंह मणिपुर के थे

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड के सारंडा में नक्सलियों के खिलाफ अभियान में शामिल जिन बहादुर अफसर का नक्सली भी कुछ बिगाड़ नहीं पा रहे थे उनमें से एक प्राकृतिक आपदा



(बज्रपात) की चपेट में आ कर शहीद हो गये। नक्सलियों के खिलाफ सीधा मुकाबला कर रहे सीआरपीएफ को झारखंड में बड़ा झटका लगा है। वज्रपात की वजह से गुरुवार को जख्मी सीआरपीएफ 26 बटालियन के सेकंड कमान अफसर एम प्रबो सिंह शहीद हो गये। शुक्रवार को सीआरपीएफ की तरफ से उनकी मृत्यु की पुष्टि की गयी। मणिपुर के रहने वाले एम प्रबो सिंह की पोस्टिंग कुछ महीने पहले ही झारखंड में हुई थी।

**चार जवान घायल थे :** चाईबासा के बालिवा में एंटी नक्सल अभियान पर निकले जवान गुरुवार को आसमानी बिजली की चपेट में आ गये थे। हादसे में सीआरपीएफ के दो अधिकारी सहित कुल चार जवान घायल हो गये थे। चाईबासा में हादसे के बाद सीआरपीएफ के असिस्टेंट कमांडेट सहित तीन को बेहतर इलाज के लिए एयरलिफ्ट कर रांची लाया गया है।

गौरतलब है कि अभियान छोटानागरा एवं जराईकेला थाना के सीमावर्ती जंगली व पहाड़ी क्षेत्र में प्रारंभ किया गया है। अभियान के दौरान गुरुवार की शाम करीब साढ़े पांच बजे बलिबा के आस-पास जंगली व पहाड़ी क्षेत्र में तेज बारिश के साथ अचानक वज्रपात हो गया। (शेष पेज 11 पर)

### एसडीपीओ को रोका थाना प्रभारी निलंबित

**मेदिनीनगर।** बिश्रामपुर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आलोक कुमार टूटी को थाना में जाने से रोके जाने पर एसपी रीष्मा रमेशन ने शुक्रवार को रेहला के थाना प्रभारी संतोष कुमार को निलंबित कर दिया है। उनकी जगह मेदिनीनगर टाउन थाना में तैनात सब इंस्पेक्टर गुलशन बिरूआ को रेहला का नया थाना प्रभारी बनाया गया है। दरअसल, बिश्रामपुर के एसडीपीओ आलोक कुमार टूटी रात्रि गश्ती के दौरान अवैध रूप से बालू का उठाव करते हुए ट्रैक्टर को पकड़ा था। एसडीपीओ ट्रैक्टर को लेकर रेहला थाना गये, लेकिन थाने के मुख्य गेट पर ताला लगा हुआ था। एसडीपीओ ने तत्काल थाना प्रभारी को कॉल किया, लेकिन कॉल का कोई जवाब नहीं दिया गया। इस दौरान एसडीपीओ ने मौके पर तैनात ऑन ड्यूटी पुलिस अधिकारी से पूछताछ की। एसडीपीओ को जानकारी मिली कि थानेदार के आदेश पर गेट में ताला लगाया गया है। एसडीपीओ आलोक कुमार टूटी ने पूरे मामले में एसपी रीष्मा रमेशन को एक रिपोर्ट बनाकर सौंपी थी।

# बिहार आई बैंक ट्रस्ट का नाम बदलें : राज्यपाल

### झारखंड बने दो दशक बाद भी यह नाम

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार की अध्यक्षता में राजभवन में बिहार आई बैंक ट्रस्ट की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में ट्रस्ट की वर्तमान गतिविधियों, भावी योजनाओं और संगठनात्मक स्वरूप पर चर्चा की गयी। राज्यपाल ने कहा कि झारखंड राज्य के गठन को दो दशक से अधिक समय बीत चुका है, इसके बावजूद ट्रस्ट का नाम अब भी बिहार आई बैंक ट्रस्ट ही है। उन्होंने ट्रस्ट के नाम में शीघ्र परिवर्तन करने का निर्देश दिया।

**विशिष्ट पहचान बनाने का आह्वान :** राज्यपाल ने ट्रस्ट से कहा कि वह लोगों को बेहतर नेत्र उपचार की



सुविधा उपलब्ध कराकर समाज में एक विशिष्ट पहचान स्थापित करे। उन्होंने नेत्र रोगों के उपचार और नेत्रदान को बढ़ावा देने के लिए जन-जागरूकता कार्यक्रमों को भी बढ़ावा देने का आह्वान किया। बैठक में आयुष्मान भारत योजना का लाभ लोगों को प्रदान करने और ट्रस्ट की वित्तीय स्थिति पर चर्चा की गयी।

राज्यपाल ने ट्रस्ट की वित्तीय स्थिति और संसाधनों के विविध स्रोतों पर भी चर्चा की। बैठक में राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव डॉ नितिन कुलकर्णी, स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह, वित्त विभाग के सचिव प्रशांत कुमार और ट्रस्ट की सचिव डॉ. प्रोन्नति सिन्हा सहित अन्य ट्रस्टीगण उपस्थित थे।

# थरूर, ओवैसी समेत ये नेता दुनिया में खोलेंगे पाक की पोल

### आपरेशन सिंदूर : अब डिप्लोमेसी स्ट्राइक

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर पर भारत का पक्ष रखने एवं आतंकवाद पर पाकिस्तान को बेनकाब करने के लिए केंद्र सरकार ने सांसदों के एक दल को विदेश भेजने का फैसला किया है। इस बड़े कूटनीतिक अभियान के तहत सरकार वैश्विक मंच पर पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद को बेनकाब करने के लिए अगले सप्ताह से भारतीय नेताओं को अलग-अलग देशों में भेजेगी। केंद्र सरकार ने विपक्ष सहित कई राजनीतिक दलों के सांसदों से इस बारे में बात की है। कांग्रेस समेत कई दलों ने इस पहल में भागीदारी का ऐलान किया है। शुक्रवार से संसदीय कार्यमंत्री







किरेन रिजिजू सभी पार्टियों के संसदीय दल के नेताओं से संपर्क कर रहे हैं।

उन्होंने विदेश मंत्रालय के साथ मिलकर सांसदों के दल का समूह बनाने की कवायद शुरू की है। सूत्रों के अनुसार कांग्रेस नेता शशि थरूर और एआईएआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी भी इस डेलिगेशन के हिस्सा हो सकते है।

**ओवैसी भी प्रतिनिधिमंडल में होंगे :** सूत्रों के अनुसार एआईएमआईएम के असदुद्दीन ओवैसी, टीएमसी के सुदीप बंदोपाध्याय, जदयू के संजय झा, बीजद के सस्मित पात्रा, एनसीपी (एसपी) की सुप्रिया सुले, डीएमके की के कनिमोझी, सीपीआई (एम) के जॉन ब्रिटास को प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा बनने के लिए चुना जा रहा है। दूसरे दलों के सदस्यों के अलावा कांग्रेस के कम से कम चार सांसदों को भी इस कूटनीतिक अभ्यास के बारे में बताया है। सरकार की लिस्ट में कांग्रेस सांसदों में शशि थरूर, मनीष तिवारी, सलमान खुर्शीद और अमर सिंह शामिल हैं। पार्टी ने पुष्टि की है कि वह प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा होगी। (शेष पेज 11 पर)

### राष्ट्रीय हित सर्वोच्च : कांग्रेस

हालांकि केंद्र सरकार की ओर से प्रतिनिधिमंडल के बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने बताया कि केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने इस बारें में कांग्रेस अध्यक्ष से बात की है। जयराम रमेश ने दावा किया कि विपक्षी पार्टी की ओर से एकता और एकजुटता का आह्वान किये जाने के बावजूद सत्तारूढ़ पार्टी लगातार कांग्रेस को बदनाम कर रही है। कांग्रेस हमेशा सर्वोच्च राष्ट्रीय हित में रुख अपनाती है। इसलिए, कांग्रेस निश्चित रूप से इन प्रतिनिधिमंडलों का हिस्सा होगी।

# शिक्षक नियुक्ति मामले में जवाब दायर करने का निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस दीपक रोशन की अदालत ने हजारीबाग में वर्ष 2015 के विज्ञापन के आधार पर वर्ष 2019 में प्रारंभिक शिक्षक के पद पर नियुक्ति को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई की। इस मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने प्रार्थी का पक्ष सुना। इसके बाद अदालत ने राज्य सरकार को मामले में जवाब दायर करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही अदालत ने प्रार्थियों से कम अंक रहने के बावजूद नियुक्त इंटरमीडिएट प्रशिक्षित शिक्षकों (इंटरमीडिएट ट्रेंड टीचर्स) को नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। इस मामले की अगली सुनवाई के लिए अदालत ने जुलाई माह में तिथि निर्धारित करने को कहा। इससे पूर्व प्रार्थियों की ओर से अधिवक्ता चंचल जैन ने पक्ष रखते हुए अदालत को बताया कि प्रार्थियों को अधिक अंक रहने के बावजूद उनकी नियुक्ति नहीं की गयी, जबकि कम अंक वाले को इंटरमीडिएट प्रशिक्षित शिक्षक के पद पर नियुक्त कर दिया गया।

**शिक्षकों को सेवा से हटाने का किया आग्रह :** अधिवक्ता चंचल जैन ने नियुक्त किये गये शिक्षकों को सेवा से हटाने तथा पद नहीं रहने पर नया पद सृजित कर उनकी नियुक्ति करने के लिए राज्य सरकार को आदेश देने का अदालत से आग्रह किया।

## दुष्कर्मी के लिये मुआवजा, पीड़िता के लिये मौन यही है हेमंत का झारखंड मॉडल : बाबूलाल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने शुक्रवार को राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार का मॉडल कुछ ऐसा है जिसमें दुष्कर्मी को मुआवजा मिलता है और पीड़िता पर मौन रखा जाता है। उन्होंने कहा कि बोकारो के कडरूखुळा गांव में एक आदिवासी महिला तालाब में स्नान करने गई थी। वहीं, गांव में काम कर रहा अब्दुल कलाम महिला से छेड़खानी करता है और दुष्कर्म की कोशिश करता है। महिला चिल्लाती है, ग्रामीण जुटते हैं। आरोपी की जमकर पिटाई होती है। पिटाई के दौरान उसकी मौत हो जाती है। घटना दुखद है। कानून को हाथ में लेना सही नहीं। उन्होंने कहा कि उससे भी ज्यादा शर्मनाक है इसके बाद झारखंड सरकार और कांग्रेस नेताओं की प्रतिक्रिया। जिन्होंने पीड़िता को भूलकर पूरी संवेदना उस व्यक्ति के लिये लुटा दी, जो एक आदिवासी महिला का बलात्कार करना चाहता था। उन्होंने कहा कि मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने पूरे मामले को मॉब लिंचिंग कहकर मुस्लिम उत्पीड़न की कहानी बना दी। हेमंत सोरेन सरकार ने तत्काल अब्दुल कलाम के परिवार को 4 लाख मुआवजा, एक लाख सहायता राशि और स्वास्थ्य विभाग में नौकरी तक ऑफर कर दी। उन्होंने कहा कि एक बलात्कारी के साथ शहीद जैसी राजकीय सहानुभूति आ>र्यजनक है। उन्होंने कहा कि यह समझना बहुत अहम है कि राज्य और तथाकथित सेक्युलर विचारधारा ने इस मामले को कैसे पलट दिया। उन्होंने कहा कि डॉ इरफान अंसारी जैसे नेता इस मुद्दे को साम्प्रदायिक रंग देकर आदिवासी समाज के घाव पर नमक छिड़कते हैं। जबकि झारखंड सरकार पूरी तरह वोटबैंक तुष्टिकरण में लिप्त है। बलात्कारी अगर श्राजनीतिक रूप से सुरक्षित समुदाय से हो, तो उसके घर को ही पीड़ित परिवार घोषित कर दिया जाता है। उन्होंने कहा कि आदिवासी स्त्रियों की अस्मिता अब आपकी राजनीति के लिए दूसरी प्राथमिकता बन चुकी है।

## मंत्री इरफान अंसारी ने कडरू गोदाम का किया औचक निरीक्षण

# भण्डारित अनाजों की गुणवत्ता परखी गयी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** खाद्य आपूर्ति मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने शुक्रवार को कडरू स्थित जेएसएफसी गोदाम का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने गोदाम की क्षमता, सुरक्षा और भण्डारित अनाजों के बचाव और चावल की क्वॉलिटी के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के क्रम में छोटी-छोटी त्रुटियां हमारे समाने आई हैं। इसके मद्देनजर अधिकारियों को निर्देशित किया कि गोदाम में भण्डप्रित अनाजों का पूर्ण दस्तावेजों के साथ मिलान कर जांच रिपोर्ट जल्द उपलब्ध करायें। उन्होंने कहा कि अनाज का एक-एक दाना जनता का है। हमारी जनता-जनार्दन को अच्छी और गुणवत्तापूर्ण अनाज उपलब्ध हो, यह हमारी सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि आज हमने रांची के गोदाम से निरीक्षण की शुरूआत की है। आने वाले दिनों में राज्य के विभिन्न जिलों और गोदामों में निरीक्षण किया जायेगा। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हमारी सरकार प्रत्येक नागरिक को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराते हुए स्वस्थ रखने की सोच पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व की भाजपा सरकार के शासनकाल में राज्य की जनता को अनाज से वंचित रखने के लिये राशनकार्ड से नाम काट दिये गये थे। लेकिन संवेदनशील मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की दूरदर्शिता और राज्य के प्रत्येक नागरिक को खाद्यान्न उपलब्ध कराने की सकारात्मक सोच के तहत हरा राशनकार्ड की मंजूरी दी गई। इसके तहत वर्तमान में राजभर में लाखों की संख्या में नए राशनकार्ड धारी के नाम अंकित हुये हैं। आने वाले समय में 5 लाख से अधिक लोगों को हरा राशनकार्ड से जोड़ा जायेगा।

### एक नजर में

## जनगणना कोड में सरना धर्म को शामिल करने की मांग को लेकर राज्य स्तरीय धरना 26 को

**रांची।** सरना धर्म कोड को जनगणना कॉलम मे शामिल करने की मांग को लेकर कांग्रेस राज भवन के समक्ष राज्य स्तरीय एक दिवसीय धरना प्रदर्शन 26 मई को करेगी। उक्त जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस मीडिया चेयरमैन सतीश पौल मुजनी ने कहा कि प्रदर्शन में प्रदेश कांग्रेस के सभी पदाधिकारी गण, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, कार्यकारी अध्यक्ष, बोर्ड निगम के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष, पदाधिकारीगण, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य सहित राज्य स्तर के कार्यकर्ता शामिल होंगे। उन्होंने कहा है कि झारखंड एक आदिवासी बहुल क्षेत्र है। यहां का आदिवासी समुदाय सरना धर्म को मानने वाला प्राचीन परंपराओं और प्रकृति का उपासक है। सरना धर्म की संस्कृति, पूजा पद्धति, आदर्श मान्यताएं प्रचलित सभी धर्म से अलग है। आदिवासी सरना समुदाय पिछले कई वर्षों से अपने धार्मिक अस्तित्व की रक्षा के लिए जनगणना कोड में सरना धर्म को शामिल करने की मांग करता रहा हैं। देश में हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, बौद्ध, जैन के लिए कोड नि>ित है लेकिन आदिवासी सरना धर्म वालों के लिए जनगणना फॉर्म में अलग से कोड नहीं दिया गया है। झारखंड विधानसभा से भी प्रस्ताव पारित कर केंद्र से सातवां कॉलम मे आदिवासियों के लिए सरना धर्म को शामिल करने की मांग की गई है परंतु केंद्र सरकार इस पर मौन है। केंद्र सरकार के इसी रवैये के खिलाफ एक दिवसीय राज्यव्यापी प्रदर्शन कांग्रेस द्वारा किया जाएगा।

## उम्रकैद की सजायाफ्ता को हाईकोर्ट से मिली जमानत

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा काट रही ललिता देवी और राम प्रसन्न देवी को जमानत प्रदान कर दी है। जस्टिस आर मुखोपाध्याय और जस्टिस अंबुज नाथ की अदालत ने दस-दस हजार के मुचलके पर दोनों को जमानत देने का निर्देश दिया है। दोनों के खिलाफ उनकी बहु के परिवार वालों ने दहेज मांगने और प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। इस प्रताड़ना से तंग आकर बहु के फांसी लगाने की बात कही गयी थी। निचली अदालत ने इस मामले की सुनवाई पूरी करने के बाद दोनों को उम्रकैद की सजा सुनायी थी। इस सजा के खिलाफ दोनों ने हाईकोर्ट में अपील दायर की थी। इसके साथ ही हस्तक्षेप याचिका दायर कर जमानत प्रदान करने का आग्रह किया गया था। सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने दोनों को जमानत प्रदान कर दी।

## बाबूलाल मरांडी ने डीसी को लिखा पत्र कांके सीओ पर कार्रवाई की मांग की



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने रांची डीसी को पत्र लिखकर कांके अंचलाधिकारी के खिलाफ जांच कराने और कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। श्री मरांडी ने आरोप लगाया है कि कांके अंचलाधिकारी ने स्वार्थवश अवैध तरीके से दोहरा जमाबंदी कायम किया है।

**क्या है आरोप :** आरोप है कि कांके अंचलाधिकारी जय कुमार राम ने निजी स्वार्थवश लेन-देन के आधार पर 03 अप्रैल 2025 को वर्णित जमीन की दोहरी जमाबंदी सलीमा खातून के नाम से कर दी है। जो पूर्णतः गलत है। इस जमीन का लगान रसीद निर्गत करने का आदेश भी दिया गया है। आरोप है कि जमीन दलालों ने विवादित भूमि पर कब्जा कर बेचने की कोशिश की और जमीन मालिकों के साथ लाठी और डंडे से मारपीट की। इस मामले में अनुमंडल न्यायालय में वाद लंबित है और यथास्थिति बनाये रखने का आदेश है। बाबूलाल मरांडी ने मांग की है कि कांके अंचलाधिकारी के खिलाफ जांच कराई जाये और दोषी पाये जाने पर कड़ी कार्रवाई करते हुये सेवा से बर्खास्त करने की अनुशंसा की जाये।

## झामुमो ने बीजेपी पर लगाया सेना का अपमान करने का आरोप



**रांची।** मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री और उपमुख्यमंत्री द्वारा सेना पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता भड़क गए हैं। पार्टी के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भप्ताचार्य ने भाजपा की कार्यशैली पर बड़ा सवाल खड़ा किया है। उन्होंने कहा कि एक तरफ भाजपा तिरंगा यात्रा निकालने का नाटक करती है और दूसरी तरफ उसके नेता भारतीय सेना का अपमान करते हैं और इन सब पर उनका आलाकमान चुप रहता है। सुप्रियो भप्ताचार्य ने कहा कि हमारी भारतीय सेना के जवान सर्वश्रेष्ठ हैं, भारतीय सेना किसी भी देश की सेना में सर्वश्रेष्ठ है लेकिन भारतीय जनता पार्टी की मानसिकता सेना का मनोबल तोड़ रही है। लगातार सेना के खिलाफ अभद्र शब्दों का प्रयोग करना भाजपा की मानसिकता को दशार्ता है, भाजपा का शीर्ष नेतृत्व भी ऐसी मानसिकता वाले भाजपा नेताओं को बल देता है। सुप्रियो भप्ताचार्य ने कहा कि मध्य प्रदेश के एक मंत्री द्वारा सेना के अधिकारियों के खिलाफ दिया गया बयान दशार्ता है कि उनका मनोबल कैसा है। उस मंत्री के खिलाफ कार्रवाई तो हुई ही नहीं, अभी तक उनकी गिरफ्तारी भी नहीं हुई है। इससे पहले भी भाजपा के लोग इस तरह के बयान दे चुके हैं।

## कांके प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष बनें गुरुचरण मुंडा

**रांची।** शुक्रवार को कांके प्रखंड के कांके उत्तरी पंचायत के सभागार में कांके प्रखंड के सभी मुखिया गनों का झारखंड प्रदेश मुखिया संघ के अध्यक्ष सोमा उराँव की अध्यक्षता में एक विशेष बैठक किया गया। जिसमें सर्व समिति से कांके प्रखंड मुखिया संघ को भंग कर नया कांके प्रखंड मुखिया संघ बनाया गया। बैठक में सर्व समिति से चंदवे पंचायत के मुखिया गुरुचरण मुंडा को अध्यक्ष, पिठोरिया पंचायत के मुखिया मुन्नी देवी को उपाध्यक्ष, हुंदूर पंचायत के मुखिया रजनी देवी को सचिव, चुटु पंचायत के मुखिया लक्ष्मी देवी को उपसचिव, ईचापिड़ी पंचायत के मुखिया लाखो उरांव को कोषाध्यक्ष, बनाया गया है।

# अमृत भारत स्टेशन के तहत रेलवे स्टेशनों का कायकल्प शुरू, रांची व हटिया भी होगा हाईटेक

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**रांची।** केंद्रीय रेल मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर पूरे देश में अमृत भारत स्टेशन के अंतर्गत 554 से ज्यादा स्टेशनों के पुनर्विकास का काम शुरू करवाया गया है, जो अब अंतिम चरण पर है। इसी कड़ी में झारखंड के विभिन्न रेल मंडल के 57 रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास भी शुरू है। इसमें रांची रेल मंडल के रांची, हटिया, रेलवे स्टेशन समेत कुल 15 रेलवे स्टेशनों का कायाकल्प करने की दिशा में कदम बढ़ाएं गए हैं। बताते चलें कि रांची रेल मंडल में कुछ 55 रेलवे स्टेशन हैं। इन स्टेशनों को इ, एफ और जी हॉल्ट स्टेशन के रूप में वगीर्कृत किया गया है। इस श्रेणी में कुल 20 स्टेशन हैं, इ श्रेणी में 20 स्टेशन, एफ श्रेणी में 9 और जी हॉल्ट स्टेशन श्रेणी में अन्य स्टेशन हैं। अमृत भारत रेलवे स्टेशन के रूप में 15 स्टेशनों का चयन हुआ है। जिसका काम युद्ध स्तर पर जारी है। मुख्य रूप से लोहरदगा, बालसिरिंग, गोविंदपुर रोड, बानो, पोरका, नामकुम, गंगाघाट, मुरी, सिल्ली, रामगढ़ कैंट को अमृत स्टेशन के रूप में विकसित किया जा रहा है। इन रेलवे स्टेशनों में एस्केलेटर, यात्रियों को बैठने की एसी, नॉन-एसी की व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था, फुटपाथ, कैंटीन, बाजार, सुरक्षा और पार्किंग के अलावा तमाम अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। दूसरी ओर रांची और हटिया रेलवे स्टेशन को वर्ल्ड क्लास बनाने की दिशा में कदम बढ़ा दिए गए हैं। इन रेलवे स्टेशनों पर वह तमाम सुविधाएं उपलब्ध की जा रही हैं, जो सुविधा एयरपोर्ट पर दी जाती है। फ्री वाई-फाई की सुविधा जल्द ही रेलवे स्टेशनों पर उपलब्ध करा दी जाएगी।

### रेल परियोजनाओं के लिए बजट की राशि

रांची रेलवे स्टेशन को हाईटेक और वर्ल्ड क्लास बनाने के लिए निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। बता दें कि झारखंड राज्य के लिए वर्ष 2024-25 के बजट में 7302 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। झारखंड में रेल परियोजनाओं के लिए 52 हजार 885 करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा। इसी बजट में पूर्व से चल रही रेल परियोजनाओं का विस्तार होगा 1000 करोड़ रुपए से गोयलकेरा-मनोहरपुर थर्ड लाइन का 40 किलोमीटर का विस्तारीकरण किया जाना है। वहीं ढाई सौ करोड़ रुपए से बंडा मुंडा रांची रेल लाइन के 58 किलोमीटर का विस्तार करने में खर्च किए जा रहे हैं। जबकि 9.50 करोड़ रुपए में रांची लोहरदगा टोरी लाइन की 113 किलोमीटर का विस्तार कार्य लगभग पूरा होने को है। वहीं मुरी-बड़काखाना 58 किलोमीटर रेल लाइन के दोहरीकरण समेत 15 रेलवे स्टेशनों का कायाकल्प भी किया जाना है।

## संविधान से ऊपर शरिया को मानने वाले मंत्री हफीजूल हसन को कब करेंगे बर्खास्त : आदित्य

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा सांसद आदित्य साहू ने कहा कि झामुमो और इंडी गठबंधन राज्य की सत्तामद में चूर हो चुका हैं। पूरे राज्य में अवस्था अराजकता की स्थिति है। संवैधानिक संस्थाओं को बौना कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि जिसके दिल में तिरंगा के प्रति सम्मान नहीं होता उसे ही भारतीय सेना के सम्मान में निकाली गई तिरंगा यात्रा नौटंकी लगती है। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों को फिलिस्तीन और पाकिस्तान के झंडों से प्यार है। तभी तो जब पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाये जाते हैं, तो ये झामुमो कांग्रेस की सरकार ऐसे लोगों पर कार्रवाई करने से कतराती है। उन्होंने कहा कि राजधानी में अवैध तरीके से रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को देश से बाहर भेजने में भी ये लोग सोच विचार करने लगते है। नये-नये बहाने ढूंढते हैं। उन्होंने कहा कि संविधान से ऊपर शरिया को मानने वाले राज्य सरकार के मंत्री ने संविधान और तिरंगे का खुल्लम खुल्ला अपमान किया। लेकिन राज्य के मुख्यमंत्री तुष्टीकरण की राजनीति में इतने डूब चुके हैं कि मंत्री को बर्खास्त करना तो दूर उनसे सवाल पूछने की भी हिम्मत नहीं जुटा पाये। उन्होंने कहा कि झामुमो और इंडी गठबंधन की राजनीति पूरी तरह से परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण में आकंठ डूबी हुई है। इसलिये तिरंगा यात्रा इन्हें बर्दाश्त नहीं है। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता नमाज कक्ष, विद्यालयों में प्रार्थना पद्धति बदलना, स्कूल के गेट को मीनार का रूप देना, विद्यालय की छुप्तियों के दिन बदलना, कोरोना काल में भी तुष्टीकरण के आधार पर निर्णय लेना, बांग्लादेशी घुसपैठियों को संरक्षण देना जैसी राजनीतिक नौटंकी को खूब जानती है।

## झारखंड की महिलाओं को मिली उद्यमिता की नई उड़ान



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** पलाश दीदी कैफे फूड क्लस्टर डेवलपमेंट प्रोजेक्ट के अंतर्गत आयोजित दस दिवसीय उद्यमिता प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुक्रवार को समापन हुआ। इस कार्यक्रम में झारखंड के 12 जिलों से चयनित स्वयं सहायता समूह की 30 दीदियों ने हिस्सा लिया। यह तीसरा बैच था, और अब तक कुल 125 दीदियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। प्रशिक्षण में स्थानीय व्यंजन, बेकरी, खाद्य सेवा, कैफे की स्थापना, लागत निर्धारण, बिक्री तकनीक और उद्यमिता जैसे विषयों को शामिल किया गया।

समापन समारोह में सभी प्रतिभागी दीदियों को मुख्य अतिथि जेएलपीएस की सीओ कंचन सिंह के हाथों प्रमाण पत्र दिया गया। इस मौके पर आईएचएम के प्राचार्य डॉ. भूपेश कुमार, राज्य कार्यक्रम प्रबंधक नितीश कुमार सिन्हा एवं मीनाक्षी प्रकाश भी उपस्थित थी।

# गुरुजी के विचारों से भटक गया है झामुमो : सुदेश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने कहा है कि गुरुजी शिबू सोरेन के मूल सोच और विचारधारा से झामुमो भटक चुका है। गुरुजी शराब को समाज के लिए घातक मानते थे, लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण है कि खनिज संसाधनों से भरे-पूरे राज्य में शराब बेचकर राज्य का खजाना भरने की बात हेमंत सरकार कर रही है। श्री महतो ने पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह के बाद मीडिया से बात करते हुए कहा कि राज्य सरकार की कथनी और करनी में भेद दिख रहा है।

**पेसा कानून में भी राज्य सरकार का रवैया स्पष्ट नहीं :** श्री महतो ने कहा कि पेसा कानून के संबंध में भी राज्य सरकार का रवैया स्पष्ट नहीं है और इससे संबंधित बैठक में मुख्यमंत्री स्वयं उपस्थित नहीं दिखे। कहा कि पेसा कानून को हुबहू लागू किया जाना चाहिए ताकि जनता की भावनाओं का सम्मान हो सके। उन्होंने कहा कि जेपीएससी को पटरी पर लाने में सरकार विफल रही है, जिससे युवाओं में आक्रोश दिख रहा है।

**बुद्धिजीवियों और युवाओं ने थामा आजसू का दामन :** इससे पूर्व आजसू पार्टी के मिलन समारोह में दर्जनों बुद्धिजीवियों एवं युवाओं ने पार्टी का दामन थामा। पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो एवं झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर ने पार्टी का पप्ता पहनाकर उनलोगों का स्वागत किया। पार्टी में संजय साहू, डॉ. अमित कुमार साहू, डॉ. अभिषेक झा, डॉ. अंबुज मिश्रा, मोहित गोप, रोहित प्रजापति, सुभाष गोप, देवेंद्र साहू, अमित साहू सहित अन्य युवा शामिल हुए। इस अवसर पर संजय मेहता, हरीश कुमार, दीपक महतो, डॉ पार्थ, जिलाध्यक्ष संजय महतो, मीडिया संयोजक परवाज खान, इम्तियाज अहमद नज्मी, चेतन प्रकाश, अजीत कुमार सहित अन्य वरिष्ठ नेता उपस्थित थे।

# मॉब लिंचिंग कानून बनाने की मांग को लेकर अल्पसंख्यक कांग्रेस बोकरो से राजभवन रांची तक न्याय पद यात्रा करेगी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन मंजूर अंसारी ने कहा कि पूरे झारखंड प्रदेश से कुछ खबरे मॉब लिंचिंग पर आ रही है। झारखंड में सबसे ज्वलंत मुद्दा मॉब लिंचिंग की है। सरकार अगर कानून नहीं बनाती है तो मैं पार्टी पदाधिकारियों के साथ अपने आवास बोकारो से राजभवन तक पदयात्रा कार्यक्रम करूंगा। इस पद यात्रा का नाम-न्याय यात्रा होगी। अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन मंजूर अंसारी शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मीडिया से बात कर रहे थे। इस मौके पर अजय जैन,अख्तर अली, हुसैन खान, अरशदुल कादरी, हसनैन उपस्थित थे।

मंजूद अंसारी ने कहा कि हम अपने शीर्ष नेतृत्व से इस बात का गुजारिश किये हैं कि इस पर जितना जल्दी हो सके मॉब लिंचिंग पर कठोर कानून बने ताकी इस तरह के कृत्य करनेवाले देषियों को कठोर से कठोर सजा मिल सके। उन्होंने कहा है कि आज के युग में भी एक इंसान को बेहरमी से भीड द्वारा मार-मार कर उसकी हत्या कर दी जाती है।

उन्होंने गठबंधन की राज्य सरकार को शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि सरकार काफी संजीदगी के साथ तीन बार इससे संबंधित विधेयक राजभवन को भेजा लेकिन किसी न किसी बात को लेकर राज्यपाल के यहां से उसे वापस किया गया। उन्होंने कहा कि समय रहते अगर मॉब लिंचिंग कानून झारखंड में नहीं बना तो अल्पसंख्यक कांग्रेस बोकारो से रांची तक पैदल न्याय यात्रा निकालेगी। उन्होंने कहा कि हम सबों को उम्मीद है कि इस यात्रा के पहले ही संबंधित विधेयक पर सकारात्मक बात होगी।

मंजूर अंसारी ने कहा कि झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी अल्पसंख्यक विभाग के नवनियुक्त झारखंड प्रभारी जीनल एन गाला जी 18 मई को झारखंड की राजधानी रांची आयेंगी, जिसकी तैयारियां जोर शोर से की जा रही है। उन्होंने कहा कि श्रीमती जीनल एन गाला काफी अनुभवी हैं, इनके प्रभारी बनने से अल्पसंख्यक विभाग को जमीनी स्तर पर कार्य करने में बल मिलेगी। झारखंड प्रभारी के आगमन होने पर 18 मई को रांची के विभिन्न चौक चौराहों पर महान शहीदों के प्रतिमा में माल्यार्पण करते हुए कांग्रेस भवन पहुंचेंगी, जहां पार्टी की ओर से जोरदार स्वागत की जाएगी। उन्होंने कहा कि स्वागत के उपरांत प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में संगठन की मजबूती पर विचार-विमर्श कर सामयिक रणनीति बनाई जाएगी।

## सेना और सैन्य अधिकारियों को अपमान करने का अभियान छेड़ रखा है बीजेपी : सोनाल शांति

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री मोदी के चरण चाटुकारों ने सेना और सैन्य अधिकारियों को लगातार अपमानित करने का एक अभियान छेड़ रखा है। उन्होंने मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा के बयान की निंदा की है। जिसमें उन्होंने कहा है कि देश की सेना और सैनिक मोदी के चरणों में नतमस्तक हैं।

सोनाल शांति ने कहा है कि बीजेपी नेता मोदी जी की चाटुकारिता के चक्कर में देश की सेना के खिलाफ अपशब्दों का प्रयोग करने में परहेज नहीं कर रहे है। सेना के शौर्य और विजय का श्रेय लूटने के चक्कर में बीजेपी नेता प्रधानमंत्री की चापलूसी करने की सारी सीमाओं को लांघ चुके हैं। उन्होंने कहा है कि अगर चापलूसी की ओलंपिक प्रतिस्पर्धा होती तो पूरे विश्व में सबसे ज्यादा स्वर्ण पदकों के साथ भाजपा के चापलूसवीर पहले पायदान पर होते।

सोनाल शांति ने कहा है कि भाजपा के नेताओं का राजनीतिक और चारित्रिक संस्कार पूरे देश के सामने प्रतिदिन उजागर हो रहा है। पहले मंत्री विजय शाह द्वारा सैन्य अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी का अपमान किया जाता है फिर भाजपा विधायक बालमुकुंद आचार्य द्वारा तिरंगे का उसके बाद मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा सेना और सैनिकों के बारे में अपमानजनक बातें कही जाती हैं। इसके बावजूद भाजपा द्वारा इन नेताओं पर कार्रवाई नहीं की जा रही है। इससे यह बात साबित हो रहा है कि इन नेताओं को मोदी जी का बरदहस्त प्राप्त है।

सोनाल शांति ने कहा है कि भाजपा लगातार सेना और सैनिकों के प्रति ऐसी बातें इसलिए करती हैं क्योंकि इनकी रगों में बलिदान का नहीं मुखबिरी का खून है। ये प्रधानमंत्री मोदी का अनुसरण करते हैं क्योंकि प्रधानमंत्री खुद कहते हैं कि एक व्यापारी में सेना से ज्यादा साहस है। उन्होंने कहा कि सैनिकों की शहादत पर राजनीति की बिसात बिछाना भाजपा की पुरानी आदत है। अपनी कूटनीतिक विफलता को छुपाने और सेना की सफलता को भुलाकर अपने पाले में करने की कोशिश में भाजपा नेतृत्व ने अपने स्तर को गिरा लिया है।

उन्होंने कहा है कि विजय शाह और जगदीश देवड़ा पर अगर अविलंब कार्रवाई नहीं की जाती है तो जनता मान लेगी कि यह सब प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की मौन सहमति से पूरे संरक्षण के साथ हो रहा है। कांग्रेस देश की सेना के शौर्य और साहस के साथ खड़ी है कांग्रेस सैनिकों को अपमानित नहीं होने देगी।

## स्पीड न्यूज



### पुराना सोनारी में छऊ नृत्य आज

**जमशेदपुर।** पुराना सोनारी विकास समिति के बैनर तले कल, 17 मई (शनिवार) को समिति के मैदान (कारमेल स्कूल के पीछे) में विशाल छऊ नृत्य का आयोजन किया जायेगा। रातभर चलनेवाले उक्त आयोजन का मुख्य आकर्षण महिला छऊ नृत्य टीम (उस्ताद संजय छऊ नाच) होगा, जो पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिला के बंदवान से आएगी। दूसरी छऊ नृत्य टीम सरायकेला खरसावां के नीमडीम की छऊ नृत्य टीम (उस्ताद चंडीचरण महतो) आएगी और अपना प्रस्तुति देगी। इस संबंध में समिति के अध्यक्ष धनंजय महतो ने बताया कि छऊ नृत्य कार्यक्रम का शुभारंभ रात्रि 9.30 बजे शहीद निर्मल महतो, पूर्व सांसद स्व. सुनील महतो तथा राज्य के पूर्व उप मुख्यमंत्री स्व. सुधीर महतो को श्रद्धांजलि से होगी।

### मजदूरों का देशव्यापी आम हड़ताल स्थगित



**जमशेदपुर।** 18 मार्च को दिल्ली में आयोजित मजदूरों के राष्ट्रीय सम्मेलन द्वारा 20 मई 2025 को मजदूरों की देशव्यापी आम हड़ताल का आह्वान अब देश की वर्तमान स्थिति की पृष्ठभूमि में 9 जुलाई को पुनर्निर्धारित किया गया है। कोल्हान के ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच की ओर से सूचित किया गया है कि, राष्ट्रीय स्तर के ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच ने वर्तमान स्थिति की समीक्षा के बाद, देश के जिम्मेदार देशभक्त नागरिकों के एक अभिन्न अंग के रूप में, सभी तैयारियां पूरी होने के बावजूद हड़ताल को स्थगित करने का निर्णय लिया है।

### सुपरवाइजर पर अश्लील हरकत करने का आरोप

**जादूगोड़ा।** जादूगोड़ा स्थित यूसिल की सुरक्षा में जुटी आर्मी सुपरवाइजर के खिलाफ यूसिल की पूर्व महिला होम गार्ड ने जे एल के एम नेता राम हांसदा की अगुवाई में आज बृहस्पतिवार को यूसिल कॉलोनी के संपदा विभाग में न्याय की मांग की लेकर प्रदर्शन किया व जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई। जे एल के एम नेता यूसिल प्रबंधन से महिला उत्पीड़न से जुड़ी मामले में मुलाकात कर मामले की सुलझाने कंपनी के संपदा विभाग पहुंचे व अधिकारियों से संपर्क नहीं होने यूसिल की सुरक्षा व्यवस्था व यूसिल की पूर्व महिला होम गार्ड के अपमान के खिलाफ उनका गुस्सा फूट पड़ा व यूसिल के खिलाफ प्रदर्शन किया।

### नौकरी दिलाने के नाम पर युवती से यौन शोषण

**गम्हरिया।** बिजली विभाग में संविदा पर नौकरी दिलाने के नाम पर एक जेइइ द्वारा 18 वर्षीय युवती के साथ यौन शोषण करने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले को लेकर पीड़िता ने गम्हरिया थाना में लिखित आवेदन देकर कारवाई करने व न्याय दिलाने की मांग की है। आवेदन में युवती ने बताया है कि विगत 13 जनवरी को वह अपने मित्र के साथ गम्हरिया स्थित एक मैरिज हॉल में गई थी। वहां उसकी मुलाकात उक्त युवक से हुई, जिसने अपने आप को सरायकेला बिजली विभाग का जेइइ बताया। इस दौरान युवती ने जब कहा कि मुझे भी नौकरी की तलाश है, तब युवक ने उसे बिजली विभाग में संविदा पर नौकरी दिलवाने की बात कही। इसके बाद दोनों ने एक दूसरे का नम्बर आदान-प्रदान किया। तत्पश्चात युवक ने विगत 28 जनवरी को फोन कर गम्हरिया स्थित एक होटल में युवती को बुलाया और वहां कमरे में ले जाकर उसके साथ जबरन दुष्कर्म करने का प्रयास किया। इसका विरोध करने पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी भी युवती को दी गई। इसके बाद जबरन संबंध बनाकर विडियो भी बनाया। साथ ही, किसी को बताने पर अश्लील वीडीओ को सोशल मीडिया पर अपलोड करने की धमकी भी दी।

# नर्सों की नेतृत्वकारी भूमिका और उनकी नि:स्वार्थ सेवा सराहनीय : डीबी सुंदर राममम्

- टीएमएच ने अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया, नर्सों ने किया 45 यूनिट रक्तदान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** टाटा मेन हॉस्पिटल ने अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस 2025 को गर्व के साथ मनाया। इस अवसर पर अस्पताल में एक सप्ताह तक चलने वाले कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनका उद्देश्य नर्सिंग स्टाफ की अटूट निष्ठा और सेवा भावना को सम्मानित करना था। इस वर्ष की थीम -हमारी नर्सें : हमारा भविष्य। नर्सों की देखभाल से मजबूत होती है अर्थव्यवस्था रही, जो इस बात पर प्रकाश डालती है कि नर्सें केवल स्वास्थ्य सेवा ही नहीं, बल्कि समाज और अर्थव्यवस्था के व्यापक विकास में भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

सप्ताह भर चले कार्यक्रमों का मुख्य आकर्षण एक विशेष समारोह रहा, जिसकी अध्यक्षता डी. बी. सुंदर रामम, वाइस प्रेसिडेंट (कॉर्पोरेट सर्विसेज), टाटा स्टील ने की। कार्यक्रम में टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष संजीव चौधरी की भी उपस्थिति रही। इस आयोजन में टाटा मेन हॉस्पिटल की नर्सिंग स्टाफ, टाटा वर्कर्स यूनियन के पदाधिकारीगण, विभिन्न विभागों के एचओडी तथा वरिष्ठ अधिकारियों सहित कुल 850 से अधिक लोगों ने सहभागिता की। यह समारोह नर्सिंग समुदाय की अदम्य सहनशक्ति, निष्ठा और करुणा को समर्पित एक भावपूर्ण श्रद्धांजलि थी।

अपने संबोधन में सुंदरा रामम ने नर्सों द्वारा निभाई जा रही अग्रिम पंक्ति की नेतृत्वकारी भूमिका और उनकी नि:स्वार्थ सेवा की प्रशंसा की। वहीं संजीव चौधरी ने नर्सिंग स्टाफ के स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में महत्वपूर्ण योगदान को रेखांकित करते हुए उनके प्रति निरंतर समर्थन और सम्मान की आवश्यकता पर बल दिया।



**टीएमएच में नर्स डे सेलेब्रेशन का उद्घाटन करते टाटा स्टील के वीपी डीबी सुंदर रामम, श्रीमती शैलजा सुंदर रामम। साथ में यूनियन अध्यक्ष संजीव चौधरी, टीएमएच की जीएम डा विनीता सिंह व अन्य।**

विनिता सिंह, जनरल मैनेजर (मेडिकल सर्विसेज), टाटा स्टील ने भी समारोह को संबोधित किया। उन्होंने नर्सिंग स्टाफ के प्रति आभार व्यक्त करते हुए टाटा मेन हॉस्पिटल की इस प्रतिबद्धता को दोहराया कि नर्सों के लिए एक सहयोगी, प्रगतिशील और सशक्त वातावरण तैयार करना संस्थान की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है।

पूरे सप्ताह के दौरान टाटा मेन हॉस्पिटल ने जमशेदपुर, जामाडोबा, नोआमुंडी और जोड़ा सहित विभिन्न स्थानों पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया। इन आयोजनों में रक्तदान शिविर, सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्वास्थ्य शिविर और वाद-विवाद सत्र शामिल थे। सभी गतिविधियों का उद्देश्य नर्सिंग के जज्बे का जश्न मनाना और सराहना एवं विकास की संस्कृति को प्रोत्साहित करना था।

टाटा मेन हॉस्पिटल, जमशेदपुर ने एक दिवसीय स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया, जिसमें स्वास्थ्य सेवा के सभी वर्गों के कर्मी, विशेषकर नर्सिंग छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस शिविर में कुल 45 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया, जिसमें से आधी हिस्सेदारी महिला रक्तदाताओं की थी, यह एक दुर्लभ और प्रेरणादायक उपलब्धि थी, जिसे उपस्थित अधिकारियों ने भी सराहा।

जामाडोबा में, संजय राजोरिया, जनरल मैनेजर, झरिया डिवीजन ने अन्य गणमान्य व्यक्तियों और नर्सिंग सुपरीटेंडेंट सिस्टर किरण टोप्पो के साथ फ्लोरेंस नाइटिंगेल को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद एक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

नोआमुंडी में अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस पर गांव कांटाडिया में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर हमारे नए मोबाइल मेडिकल यूनिट की मदद से संचालित किया गया, जिसका उपयोग उद्घाटन के बाद पहली बार किया गया। जोड़ा में अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस के जश्न में शपथ ग्रहण समारोह और केक कटिंग समारोह शामिल था, जिसके बाद इस वर्ष की थीम पर एक वाद-विवाद सत्र आयोजित किया गया। साथ ही, सत्र 2024-25 के लिए सर्वश्रेष्ठ शोधपत्र प्रस्तुति को भी इस अवसर पर सम्मानित किया गया। इस समारोह में मुख्य रूप से राजेश कुमार, चीफ, सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों और नर्सिंग स्टाफ की उपस्थिति रही। वेस्ट बोकारो में समारोह के दौरान दीप प्रज्वलन, नर्सों द्वारा शपथ, राष्ट्रगान और सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे विविध आयोजन हुए। इसके बाद मुख्य अतिथि अनुराग दीक्षित, जनरल मैनेजर, वेस्ट बोकारो ने शुभकामनाएं और प्रेरणादायक विचार साझा किए।

# मानसून सिर पर, डेंगू की रोकथाम को लेकर रेस हुआ जिला प्रशासन

- डीडीसी की अध्यक्षता में हुई डेंगू टास्क फोर्स की बैठक
- बहुस्तरीय समन्वय व ठोस कार्ययोजना पर दिया गया बल,
- डेंगू रोकथाम को लेकर प्रतिक्रियात्मक नहीं बल्कि सक्रिय रूख अपनाने, व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त श्री अनन्य मित्तल के निदेर्शानुसार समाहरणालय सभागार में डेंगू की रोकथाम, नियंत्रण एवं बचाव के लिए डेंगू टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उप विकास आयुक्त श्री अनिकेत सचान ने की। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी धालभूम श्रीमती शताब्दी मजूमदार,



**बैठक करते डीडीसी अनिकेत सचान।**

एमजीएम अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. जुझार माझी, एसीएमओ डॉ. जोगेश्वर प्रसाद, जिला मलेरिया पदाधिकारी डॉ. ए. मित्रा, जेएनएसी के उप नगर आयुक्त श्री कृष्ण कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्री पंचानन उरांव, एमओआईसी समेत निजी अस्पताल, कंपनी, जुस्को तथा अन्य स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

जिला में बरसात के दिनों में डेंगू का प्रसार नहीं हो इसके लिए क्या-क्या एहतियाती कदम उठाये जाएं इसपर विस्तृत चर्चा की गई । तथा सभी संबंधित विभागों के बीच प्रभावी समन्वय स्थापित कर एक प्रोएक्टिव अप्रोच अपनाने पर बल दिया गया। उप विकास आयुक्त ने निर्देशित किया कि विभिन्न विभागों की भूमिकाओं एवं जिम्मेदारियों को स्पष्ट करते हुए एक विस्तृत कार्य-कालेंडर तैयार किया जाए, जिससे सभी कार्य समयबद्ध एवं लक्षित ढंग से पूर्ण हो सकें। सभी सरकारी एवं निजी अस्पतालों से रोजाना रिपोर्टिंग अनिवार्य रूप से प्राप्त किए जाएं। उन्होंने कहा कि डेंगू का एक भी मामला गंभीरता से लिया जाए और उसके आधार पर संभावित आउटब्रेक को रोकने हेतु विशेष निगरानी और उपाय अपनाए जाएं। साथ ही उन्होंने कहा कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों, स्कूलों के छात्र-छात्राओं एवं स्वयंसेवी संस्थाओं की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए जन-जागरूकता लायें, नुक्कड़ नाटक व पोस्टर अभियान जैसे माध्यमों से लोगों को डेंगू से बचाव हेतु शिक्षित किया जाए।

एसडीओ धालभूम ने कहा कि इस अभियान को केवल एक सरकारी औपचारिकता के रूप में न लेकर जन-सहभागिता के रूप में क्रियान्वित किया जाए। अभियान को डिसेंट्रलाइज तरीके से प्रत्येक घर, स्कूल, वार्ड, मोहल्ला एवं गली तक पहुंचाया जाए, ताकि जमीनी स्तर पर लोगों में जागरूकता बढ़े और वे स्वयं भी डेंगू रोकथाम के उपायों में भागीदार बनें। उन्होंने पूर्व में चिन्हित हॉटस्पॉट क्षेत्रों में अभी से ही टास्क फोर्स गठित कर, लक्षित रूप से जागरूकता व सफाई अभियान चलाने, विशेष रूप से निमार्णाधीन भवनों में पानी का ठहराव डेंगू के लार्वा पनपने का मुख्य स्त्रोत बनता है, ऐसे स्थानों पर नियमित जांच, निगरानी और एंटी लार्वल ट्रीटमेंट सुनिश्चित करने की बात कही।

निर्णय लिया गया कि नगर निगम तथा अन्य शहरी निकाय नियमित रूप से फॉगिंग, एंटी लार्वल स्प्रे, नालों की सफाई तथा जलजमाव वाले क्षेत्रों की पहचान कर उन्हें दूर करने का अभियान चलाएंगे। साथ ही जागरूक करने हेतु विभिन्न माध्यमों से व्यापक प्रचार-प्रसार अभियान चलाया जायेगा।

## एक नजर में

### डीबीएमएस कदमा हाई स्कूल में मना समर कैंप



**जमशेदपुर।** डी.बी.एम.एस. कदमा हाई स्कूल में 10 मई से 16 मई तक सप्ताहव्यापी ग्रीष्मकालीन शिविर (समर कैंप) का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा एक से पाँच तक के लगभग 140 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस शिविर का उद्देश्य छात्रों के शारीरिक और मानसिक विकास को बढ़ावा देना था। शिविर में डांस, म्यूज़िक, आर्ट एंड क्राफ्ट जैसी रचनात्मक गतिविधियों के साथ-साथ फुटबॉल, वॉलीबॉल, हैंडबॉल, बास्केटबॉल, एथलेटिक और आर्चरी जैसे विविध खेलों का भी आयोजन किया गया। इन गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को टीम वर्क, अनुशासन, सहयोग, नेतृत्व, समय प्रबंधन, स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और आत्मविश्वास जैसे जीवनोपयोगी गुणों का व्यवहारिक प्रशिक्षण प्राप्त हुआ। मौके पर खेल विभाग की सह-संचालिका श्रीमती सुप्रवा पांडा तथा रेनू मुंडा, रंजीत गोप, राकेश कुमार, बलराम महतो, जय कुमार, जसवंत साहू, चिन्फ कुमार सहित अन्य शिक्षकगण सक्रिय रूप से उपस्थित रहे और बच्चों का मार्गदर्शन किया।

### आंध्रभक्त श्रीराममंदिरम् में मना स्पेशल समर कैंप

**जमशेदपुर।** शुक्रवार को शहर की नाट्य संस्था गीता थिएटर एवं रॉबिन हुड आर्मी जमशेदपुर के संयुक्त तत्वावधान से शहर के वंचित बच्चों हेतु आयोजित स्पेशल समर कैंप के दूसरे चैप्टर का बिस्टुपुर स्थित आंध्र भक्त श्रीराम मंदिरम मध्य स्कूल में समापन हुआ। इस अवसर पर पूर्व विधायक कुणाल षाडंगी मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित थे। गीता थियेटर की संस्थापक गीता कुमारी ने बताया कि अब इस समर कैंप का तीसरा चैप्टर गांधी आश्रम बाराद्वारी में 25 मई से होगा क्योंकि 20 मई को गीता थिएटर की टीम कोलकाता के हावड़ा में आयोजित होने वाले अखिल भारतीय नाट्य महोत्सव में कसक नाटक की प्रस्तुति हेतु जा रही है।

### धूमधाम से मनाया गया सीएसआईआर-एनएमएल का स्वच्छता पखवाड़ा-2025



**जमशेदपुर।** भारत सरकार के स्वच्छ भारत मिशन के अनुरूप, सीएसआईआर-राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला (सीएसआईआर-एनएमएल), जमशेदपुर ने 1 से 15 मई, 2025 तक स्वच्छता पखवाड़ा-2025 के अन्तर्गत 15 दिवसीय स्वच्छता अभियान मनाया। यह पहल सीएसआईआर-एनएमएल के निदेशक डॉ संदीप घोष चौधरी के मार्गदर्शन में संचालित की गई और इसका समन्वयन डॉ शर्मिष्ठा सागर, मुख्य वैज्ञानिक के साथ-साथ श्री जय शंकर शरण, विप्लव विशाल, श्री पंकज कुमार, श्री भोला आजाद, श्री विश्वजीत भौमिक, उदय भास्कर राव और कई अन्य कर्मचारियों की समर्पित टीम द्वारा किया गया। समापन समारोह के दौरान, सीएसआईआर-एनएमएल के निदेशक डॉ संदीप घोष चौधरी ने स्वागत भाषण दिया तथा स्वच्छता पखवाड़ा के महत्व और भारत सरकार के स्वच्छ भारत मिशन के साथ इसके संरेखण पर जोर दिया। उन्होंने इस तरह की पहलों के दीर्घकालिक सामाजिक और पर्यावरणीय लाभों के तहत, विशेषकर भावी पीढ़ियों की भलाई पर प्रकाश डाला। डॉ. चौधरी ने स्वच्छ और अधिक जिम्मेदार समाज के निर्माण में स्थिरता और पुनर्चक्रण की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम की समन्वयक और मुख्य वैज्ञानिक, डॉ शर्मिष्ठा सागर ने प्रयोगशाला के विभिन्न परिसरों में पखवाड़े के दौरान आयोजित गतिविधियों का विस्तृत सारांश प्रस्तुत किया। उन्होंने आगे की राह भी बताई और पखवाड़े के बाद भी दैनिक व्यवहार में स्वच्छता और स्थिरता को शामिल करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

### मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज में 200 यूनिट रक्तदान



**जमशेदपुर।** स्वास्थ्य सेवा को सशक्त बनाने और जीवन बचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज (एमटीएमसी) के आउटरीच विभाग द्वारा 16 मई 2025 को एक सफल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भारी उत्साह देखने को मिला, जहां 200 से अधिक यूनिट रक्त उत्साही दाताओं द्वारा दान किया गया। यह एमटीएमसी परिसर में आयोजित छठा रक्तदान शिविर था, जो संस्थान की समुदाय कल्याण और स्वास्थ्य सेवा के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता को दशार्ता है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. ख्याति शुक्ला मित्तल रहीं, जिन्होंने आयोजन समिति की सराहना की और रक्तदाताओं की स्वैच्छिक भावना की प्रशंसा की। कार्यक्रम में डॉ. हरीश चंदर बंधु, डीन-इन-चार्ज, भी उपस्थित थे, जिन्होंने नियमित रक्तदान के महत्व और आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं में इसकी भूमिका पर बल दिया। इस शिविर में छात्रों, फैकल्टी सदस्यों, कर्मचारियों और स्थानीय समुदाय के लोगों ने सक्रिय रूप से भाग लिया, जिससे यह एक बड़ी सफलता बन गई। सभी रक्तदाताओं की प्रशिक्षित चिकित्सकीय विशेषज्ञों द्वारा स्क्रीनिंग की गई और उन्हें सुरक्षित एवं स्वच्छ रक्त संग्रह की प्रक्रिया से अवगत कराया गया।

## बिजली तार की चपेट में आने से दंपत्ति की मौत पर मिला 10 लाख का मुआवजा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**गोइलकेरा, पश्चिम सिंहभूम।** गत 14 जुलाई 2022 को गोइलकेरा प्रखंड के ग्राम कदमडीहा, टोला इचाहातु में ग्रामीण चुड़ी सुरीन तथा उनकी पत्नी सोमवारी सुरीन की एलटी तार के संपर्क में आने से मृत्यु हो गई थी। इसके एवज में पति और पत्नी दोनों को मुआवजा राशि पांच-पांच लाख कुल 10 लाख रुपए का मुआवजा उनके आश्रितों को प्रदान किया गया। गोइलकेरा प्रखंड कार्यालय में विधायक जगत माझी के हाथों दंपति के परिजनों को मुआवजा राशि का चेक सौंपा गया। मालूम हो कि विधायक जगत माझी के प्रयास से विद्युत विभाग द्वारा मुआवजा राशि स्वीकृत करायी गई। दंपत्ति की पुत्री नागुरी सुरीन को विधायक जगत माझी ने विद्युत विभाग के सहायक अभियंता जितेंद्र कुमार की उपस्थिति में चेक प्रदान किया गया। मौके पर गोइलकेरा प्रखंड प्रमुख निरुमनी कोड़ा, प्रखंड उप प्रमुख वरदान भुईयां, गोइलकेरा प्रखंड अध्यक्ष गणेश बोदरा, प्रखंड सचिव आघना कडुलना भी थे।

## श्रीनाथ विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग ने दी छात्रों की विदाई

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** श्रीनाथ विश्वविद्यालय, जमशेदपुर में स्कूल ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट के बाद स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग द्वारा एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को ससम्मान विदाई दी गई। इस विशेष अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति, कुलपति, एसोसिएट डीन (एकेडमिक्स), और इंजीनियरिंग विभाग के हेड की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम



की शुरुआत दीप प्रज्वलन और स्वागत भाषण के साथ की गई। इसके पश्चात रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की श्रृंखला आरंभ हुई, जिसने छात्रों को उल्लास से भर दिया। फेयरवेल में विद्यार्थियों ने रैंप वॉक, नाटक तथा मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। छात्र-छात्राओं की रचनात्मकता और आत्मविश्वास ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिये। कुलाधिपति सुखदेव महतो ने विद्यार्थियों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा, आप सभी हमारे विश्वविद्यालय के गौरव हैं। हमें विश्वास है कि आप अपने ज्ञान और मूल्यों के बल पर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लायेंगे।

## साकची हाई स्कूल का 71वां वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** सन 1947 में स्थापित साकची उच्च विद्यालय एवं प्राथमिक विद्यालय के प्रागंण में आज दिनाँक 16/5/2025 (शुक्रवार) को 71 वाँ वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। साथ ही बच्चों द्वारा एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया करने के बाद छात्र-छात्राओं ने जो उपलब्धि गया। साल भर भर पढ़ाई



**पुरस्कार वितरण समारोह में पुरस्कृत छात्र-छात्राएं अतिथियों संग मंच पर।**

हासिल किया उसके लिए छात्रों को सम्मान स्वरूप पुरस्कार प्रदान किया गया। सर्वप्रथम संध्या 6 बजे मुख्य अतिथि राष्ट्रीय धातु प्रयोगशाला (एनएमएल) जमशेदपुर के निर्देशक डॉ संदीप घोष चौधरी महाशय ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किये। विशिष्ट अतिथि के रूप में राँची विश्वविद्यालय के बंगला विभाग के पूर्व विभागीय प्रधान डॉ राम रंजन सेन महाशय उपस्थित थे।

## पूर्व सैनिक की पत्नी के गले से सोने का मंगल सूत्र छीन भागे बदमाश

- टेल्को थाने में लगायी गयी फरियाद

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के टेल्को में शुक्रवार को अपराधियों ने बड़ी वारदात को दिया अंजाम। अपराधियों ने संगठन सदस्य योगेश्वर नन्द सिंह (पूर्व नौसैनिक) की पत्नी से झपटमारी कर कर ली है। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कार्यकर्ता की पत्नी श्रीमती स्वेता सिंह के गले से चारपहिया वेन सवार बदमाशों ने सोने की चेन (मंगलसूत्र) छीन लिया और फरार हो गए। बताया जा रहा है कि आज सुबह जब श्वेता मॉर्निंग वॉक के लिए जब गई हुई थी, तब करीब 6 बजे के आस पास जमशेदपुर टेल्को कॉलोनी के जी ई हॉस्टल से लुपिटा चर्च के रास्ते गुजर रही थी, वही अपराधी ताक लगाए बैठे थे ये बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। पूर्व सैनिक की पत्नी अपनी फरियाद लेकर टेल्को थाना पहुंचीं और घटना की पूरी जानकारी टेल्को थाना प्रभारी को अपने साथ हुई घटना के बारे में विस्तार से बताया।

## रेडिसन होटल का उद्घाटन कल, 105 कमरों के साथ मिलेगी सेवा

- पीएम मॉल, बिष्टुपुर कैंपस में खुल रहा होटल, पर्यटन मंत्री करेंगे उद्घाटन
- जमशेदपुर के हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में जुड़ा एक और फाइव स्टार होटल ब्रांड

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर शहर का हॉस्पिटैलिटी सेक्टर अब एक नए मुकाम की ओर बढ़ने जा रहा है। आगामी 18 मई 2025 को रेडिसन होटल जमशेदपुर के भव्य उद्घाटन के साथ शहर के पर्यटन उद्योग को नयी पहचान मिलेगी। बिस्टुपुर पी एंड एम हाई-टेक सिटी सेंटर मॉल



**पीएम मॉल के दाहिनी छोर पर विकसित रेडिसन होटल और पत्रकारों को होटल के बारे में जानकारी देते जनरल मैनेजर विकास कुमार वर्मा। साथ में उनके सहयोगी (इनसेट)।**

के केंद्र में स्थित रेडिसन होटल आधुनिक सुविधाओं का बेहतरीन संगम है। होटल में कुल 105 शानदार कमरे हैं, जो इसे जमशेदपुर का सबसे बड़ा आवासीय इन्वेंट्री बनाते हैं। इसके अलावा, 5000 वर्गफीट में फैले दो भव्य बैंक्वेट हॉल, एक बोर्डरूम, स्पा, सैलून, फिटनेस सेंटर, लाउंज बार, बिजनेस सेंटर और वॉक-इन लाइब्रेरी जैसी अनेक सुविधाएं उपलब्ध हैं।

बता दें कि रेडिशन होटल का जमशेदपुर में खुल रहा होटल देश-विदेश में इस ग्रुप का 146 वां होटल है। होटल के महाप्रबंधक विकास वर्मा ने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए बताया कि रेडिसन होटल का उद्घाटन 18 मई को झारखंड के पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार के हाथों होगा जबकि व्यवसायिक रूप से 19 मई से प्रारंभ होगा। यह होटल न सिर्फ व्यवसायिक यात्रियों के लिए बल्कि पर्यटकों के लिए भी पहली पसंद साबित होगा।

उन्होंने बताया कि रेडिसन होटल का ऑल-डे डाइनिंग रेस्टोरेंट 'सारंडा' स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय व्यंजनों का स्वादिष्ट संगम है। इसके अलावा, दो प्राइवेट डाइनिंग रूम भी उपलब्ध हैं। होटल का लाउंज बार 'पलाश' प्राकृतिक प्रकाश और वाक-इन लाइब्रेरी के साथ खासतौर पर पोस्ट-वर्क रीलैक्सेशन के लिए डिजाइन किया गया है। विकास वर्मा ने बताया कि बिजनेस मीटिंग्स और पारिवारिक आयोजनों के लिए होटल में आधुनिक तकनीक से युक्त 'सुबनरेखा' पिलरलेस हॉल है।

## स्पीड न्यूज

### भाजपा नेत्री लवली गुप्ता डॉ ऑफ फिलोसपी से पीएचडी उत्तीर्ण घोषित

**मेदिनीनगर।** भाजपा नेत्री लवली गुप्ता देवी उर्फ नमिता देवी पति अनुप प्रसाद गुप्ता ग्राम –नूरु, थाना– पांकी पलामू ने श्री सत्य साई विश्वविद्यालय आफ टेक्नोलॉजी एंड मेडिकल साइंस सीहोर मध्य प्रदेश द्वारा 19 अप्रैल को आयोजित डॉ आफ फिलॉसफी की परीक्षा समाजशास्त्र विषय से पीएचडी की उत्तीर्ण घोषित किया गया। उनका शोध संस्थान डॉक्टर ललित मोहन चौधरी एसोसिएट प्रोफेसर समाजशास्त्र विभाग श्री सत्य साइन विश्वविद्यालय सीहोर के निर्देशन में 'व्यावसायिक शिक्षा में जाति एवं लिंग की असमानता का एक समाजशास्त्रीय अध्ययन' (पलामू जिला झारखंड के संदर्भ में) अपना शोध प्रस्तुत किया। तदुपरांत विश्वविद्यालय के ने अधिसूचना जारी कर प्रमाण पत्र निर्गत कर दिया।

### विहिप सेवा विभाग ने सेवा बस्ती की कन्या के विवाह को आर्थिक मदद की



**मेदिनीनगर।** सेवा सदन रोड में स्थित सेवा बस्ती निवासी संजय राम और ललिता देवी की पुत्री मुस्कान कुमारी की शादी तय हुई है। परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है। उन्होंने विश्व हिंदू परिषद से सहायता हेतु संपर्क किया था। प्रातः विश्व हिंदू परिषद पलामू की एक प्रतिनिधि मंडल उनके आवास पर पहुंच कर अपने सेवा कार्य के अंतर्गत बीस हजार का चेक प्रदान किया। प्रतिनिधि मंडल में विश्व हिंदू परिषद प्रांत सेवा टोली सदस्य सह जिला पालक पलामू दामोदर मिश्र, प्रांत साप्ताहिक मिलन सह प्रमुख कुमार गौरव, विभाग विशेष संपर्क प्रमुख दिनेश द्विवेदी, जिला अध्यक्ष उमेश अग्रवाल, जिला मंत्री अमित तिवारी, गौ रक्षा प्रमुख विहिप भोला नाथ अग्रवाल ,सेवा बस्ती से संजय, अमित, विक्की, माया देवी, सुभाष राम, सपना कुमारी और कुसुमी देवी मौजूद थे।

### श्री सर्वेश्वरी समूह के गुरी प्रार्थना गृह ने किया पनशाला का शुभारंभ


**विश्रामपुर (पलामू)।** श्री सर्वेश्वरी समूह द्वारा गुरी प्रार्थना गृह मंदिर के पास शुक्रवार को पनशाला खोली गयी। समूह सदस्यों द्वारा मंदिर में अघोरेश्वर महाप्रभु जी व परमपूज्य गुरुदेव गुरुपद बाबा जी के विधिवत पूजा अर्चना के बाद नारियल फोड़ कर पनशाला का उदघाटन किया गया। पहले दिन समूह सदस्यों ने राहगीरों व ग्रामीणों को अपने हाथों मिष्ठान खिलाकर पानी पिलाया। श्री सर्वेश्वरी समूह के गुरी प्रार्थना गृह के संस्थापक सदस्य जयराम मिश्रा ने कहा कि मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। मानव सेवा को लेकर समूह द्वारा 19 सूत्री कार्यक्रम चलाया जाता है जिसके तहत समय समय पर जरूरत मंद लोगो की सेवा के लिये विभिन्न कार्य किया जाता है। मौके पर जयराम मिश्रा, राम लखन पांडेय, राधेश्याम मिश्रा, हलकानी राम, बिनोद पांडेय,जवाहिर साव, हीरा लाल साव, साहेब राम, मिथलेश कुमार, अंशराज, चंद्रदेव साव, कमलापति वैद, श्रीकांत मिश्रा, अजीत कुमार मिश्रा,संजीत कुमार मिश्रा व समूह के कई सदस्य मौजूद थे।

### सघन जांच अभियान में दर्जनों वाहन जब्त



**मेदिनीनगर।** ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद द्वारा छह मुहान पर चार पहिया वहान एवं दोपहिया वाहन गाड़ियों का जांच किया गया । जांच के क्रम में दोपहिया वाहन के कुछ चालक बगैर हेलमेट तथा बगैर लाइसेंस के थे। जिसमें से 11 दो पहिया वाहन गाड़ियों को जप्त कर शहर थाना परिसर में सुरक्षाथ रखा गया है। कल रात में 01 मिनी ट्रक गाड़ी के चालक शराब पी के अपनी गाड़ी चला रहे थे उस गाड़ी का भी आज चालान फाइन हेतु भेजा गया है। जिला परिवहन कार्यालय से 15 दोपहिया वाहन मोटरसाइकिल गाड़ियों का चलान फाइन राशि 24,000 आया एवं 02 मोटरसाइकिल गाड़ी के चालक शराब पीकर गाड़ी चला रहे थे पहले का उसका का चालान फाइंड राशि 33,561 रुपया आया है। टोटल फाइन राशि 57,561 रुपया आया है ।

### चोरी की दो बाइक के साथ युवक धराया



**तरहसी पलामू।** एसपी के निर्देश पर तरहसी पुलिस ने तरहसी किशुनपुर रोड पर सुखरो पुल के पास वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान आने जाने वाले वाहनों को रोककर पुलिस द्वारा वाहनों की जांच की गई। इस दौरान किशुनपुर की तरफ से एक वाहन आ रही थी । पुलिस ने एक व्यक्ति सवार को रोकने का ईशरा किया। वह व्यक्ति वाहन को भगाने का प्रयास किया लेकिन वहां मौजूद सशस्त्र बल ने उसे पकड़ लिया। गिरफ्तार व्यक्ति अपना नाम धर्मेंद्र कुमार चंद्रवंशी पिता सुमेश राम ग्राम लोइंगा पाटन बताया। पुलिस ने उससे वाहन के कागजात की मांग की। लेकिन उसके द्वारा कागजात नहीं प्रस्तुत किया गया। पुलिस ने बाइक जेएच 038 5781 की जांच तो इंजन व चेचिस नंबर अलग पाया गया। गिरफ्तार धमेंद्र चंद्रवंशी से गाड़ी के बारे में पूछताछ किया तो उनके द्वारा बताया गया कि यह गाड़ी गढ़वा रोड रेलवे स्टेशन के पास से चोरी कर लाये हैं। उसके बाद उसमें अपने भाई के बाइक का चेचिस नंबर को चोरी बाइक में लगा दिये । चोरी का चेचिस को अपने भाई के बाइक में लगा दिया। साथ में नंबर प्लेट भी गलत पाया गया। गिरफ्तार अभियुक्त नावा जयपुर थाना क्षेत्र से भी एक बाइक अपने अन्य दो साथियों द्वारा लूटने की बात स्वीकार की है। पुलिस ने दोनों बाइक को जब्त कर तरहसी थाना ले आयी है। बाइक चेकिंग में तरहसी थाना के पुलिस पदाधिकारी व सशस्त्र बल शामिल थे।

### 300 मीटर स्कूल का पहुंच पथ बनना शुरू, सीओ-उपप्रमुख के प्रति आभार

**सतबरवा पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती पीएम श्री सोहडी खास प्लस टू उच्च विद्यालय तक पहुंच पथ बनाने का कार्य शुक्रवार को फिर से शुरू किया गया है। कार्य शुरू कराने के दौरान अंचलाधिकारी कृष्ण मुरारी तिर्की,अंचल निरीक्षक अनीश कुमार सिंह, राजस्व उप निरीक्षक विकास मिंज अंचल अमीन हरेंद्र प्रजापति ,लालबाबू चौधरी के अलावे बीडब्लूओ राजीव रंजन ,विशाल कुमार के साथ प्रखंड के कर्मियों के अलावा स्कूल के हेडमास्टर भरदुल सिंह, विज्ञान शिक्षक अर्पण गुप्ता, नंदन कुमार, कौशल कुमार, नंदकिशोर सिंह के साथ बीडीसी लक्ष्मी देवी,पूर्व मुखिया लक्ष्मण यादव, बृजनंदन सिंह के साथ विद्यालय के करीब एक हजार छात्र– छात्राएं मौजूद थे। इस दौरान प्रखंड अंचल कर्मी के जवानों के अलावे लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के पुलिस जवान शामिल थे।

# बीड़ी पत्ता के संग्रहण कार्य से जुड़े मजदूरों का हक मारना अत्यंत गंभीर मामला है : डॉ मेहता

- विधायक ने कॉर्पोरेशन के डीएफओ शुभेन्द्र कुमार से दुरभाष पर की वार्ता

**खबर मन्त्र संवाददाता**



डॉ शशिभूषण मेहता, विधायक।

**पांकी पलामू।** बीड़ी पत्ता के संग्रहण के कार्य से जुड़े मजदूरों का मजदूरी व हक मारना यह अत्यंत गंभीर मामला है। इसकी जानकारी मिलने पर पांकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता द्वारा क्षेत्र के बीड़ी पत्ता मजदूरों के मजदूरी का मामला संज्ञान में लाया गया । पांकी विधायक ने कहा कि पाँकी विधानसभा क्षेत्र सहित पूरे पलामू जिला में बिड़ी पत्ता के ठेकेदारों के द्वारा मजदूरों को तय मजदूरी 1 रुपया 83 पैसा प्रति बंडल की जगह 1 रुपया 40 पैसा प्रति बंडल ही भुगतान किया जाता है। इस प्रकार बिड़ी पत्ता ठेकेदारों के द्वारा गरीब मजदूरों का हक अधिकार मारा जा रहा है, उनका शोषण किया जा रहा है। इस संबंध में विधायक के द्वारा कॉर्पोरेशन के डी.एफ.ओ. शुभेन्द्र कुमार से दुरभाष पर बात कर ठेकेदारों द्वारा किये जा रहे इस अन्याय के संबंध में शिकायत किया गया है। विधायक के द्वारा यह हिदायत दी गई है कि गरीब मजदूरों के हक अधिकार का शोषण अक्षम्य है, इसे किसी भी रुप में बर्दाशत नहीं किया जाएगा। इस पर शुभेन्द्र कुमार के द्वारा तय मजदूरी के दर से कम भुगतान करने वाले ठेकेदारों पर कार्रवाई करने एवं पूर्व में किये गए कम भुगतान के शेष राशि का भुगतान कराने तथा तय दर 1 रुपया 83 पैसा प्रति बंडल की दर से भुगतान कराने का आश्वासन दिया गया। डा मेहता ने कहा कि बीड़ी पत्ता ठेकेदारों को मजदूरों को उचित मजदूरी हर हाल में देना होगा। गरीब मजदूरों के हकमारी को लेकर किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं।

# कार्यपालिका-न्यायपालिका की जिम्मेवारी योजनाओं को धरातल पर उतारना: वित्त मंत्री

- वित्त मंत्री ने प्रखंड व अंचलकर्मियों के साथ की समीक्षा बैठक जमीन का पूरा दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराने पर जताई नाराजगी
- बैठक का उद्देश्य जरूरतमंदों को त्वरित न्याय दिलाना है

**खबर मन्त्र संवाददाता**



कार्यक्रम में उपस्थित वित्त मंत्री व अन्य।

**पाटन पलामू।** प्रखंड कार्यालय सभागार में झारखंड सरकार के वित मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने प्रखंड एवं अंचल कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक की। समीक्षा बैठक में उप विकास आयुक्त सबीर अहमद, अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, सज्जाद अहमद ,अवर सचिव ग्रामीण विकास विभाग भु अर्जन विभाग के निदेशक भोर सिंह यादव, डीआरडीए डायरेक्टर, पलामू पाटन प्रमुख शोभा देवी ,पाटन बीडीओ अमित कुमार झा, पाटन सीओ राकेश कुमार श्रीवास्तव उपस्थित थे। समीक्षा बैठक में पाटन प्रखंड कार्यालय एवं अंचल कार्यालय के सभी कर्मी उपस्थित थे। समीक्षा बैठक में वित मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि बैठक करने का मतलब है जरुरत मंद लोगों को त्वरित न्याय देना है। इस कार्य के लिए आप सभी कर्मियों का सहयोग जरूरी है । समीक्षा बैठक में अंचल से सम्बंधित कार्य प्रगति का जानकारी प्राप्त किया गया। पाटन सीओ राकेश कुमार श्रीवास्तव ने अंचल में राजस्व कर्मचारी की कमी होने की बात कही। इस पर वित मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने जमीन सबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा।

### एसबीएस इंटर कॉलेज जपला में शिक्षक प्रतिनिधि का चुनाव संपन्न

# एकल निर्विरोध चुने गये संजय कुमार सिंह, शिक्षकों ने दी बधाई

- महाविद्यालय व शिक्षक हितों के लिए कटिबद्ध रहूंगा : संजय

**खबर मन्त्र संवाददाता**



विजेता को प्रमाण पत्र देते पदाधिकारी।

**हुसैनाबाद पलामू।** शहीद भगत सिंह इंटर महाविद्यालय जपला में शिक्षक प्रतिनिधि का चुनाव किया गया। जिसमें कॉलेज के मनोविज्ञान के व्याख्यता संजय कुमार सिंह को एकल व निर्विरोध रूप से चुना गया। चुनाव विधिवत प्रक्रिया के तहत सभी क्रियाकलापों को पूर्ण करते हुए निर्वाचन की घोषणा चुनाव पर्यवेक्षक धनंजय कुमार सिंह व्याख्याता वाणिज्य के द्वारा की गई जिसके बाद प्राचार्य प्रेम नाथ ने शिक्षक प्रतिनिधि के तौर पर व्याख्याता संजय कुमार सिंह को निर्विरोध चुने जाने का प्रमाण पत्र दिया । इस दौरान नवनिर्वाचित प्रतिनिधि कहा कि यह पद शिक्षकों व कर्मियों के हित की रक्षा व अधिकार के लिए सरकार द्वारा वैधानिक नियमो के तहत बनाया गया हैं। मैं सभी शिक्षकों व कर्मियों तथा महाविद्यालय हितों के रक्षा व उसके उत्तरोत्तर विकास के लिए हमेशा खड़ा रहूँगा। वहीं प्राचार्य प्रेम नाथ सिंह ने बताया कि झारखंड अधिविध परिषद के निर्देश पर गत माह के 9 अप्रैल को शासी निकाय की बैठक में शिक्षक प्रतिनिधि का चयन चुनावी प्रक्रिया सम्पन्न कराने से सम्बंधित निर्णय लिया गया था जिसके बाद यह चुनाव प्रक्रिया को कराया गया जिसके चुनाव पर्यवेक्षक सह पीठासीन अधिकारी के रूप में धनंजय कुमार सिंह को बनाया गया था जिन्होंने विधिवत प्रक्रिया से गुजरते हुए चुनाव को सम्पन्न कराया। इस चुनाव में संजय कुमार सिंह के अलावा दूसरे कोई भी व्यक्ति द्वारा दावेदारी पेश नही करने के कारण उन्हें एकल व निर्विरोध घोषित किया गया।

# 25 मई से छह जून तक नाइट बल्ड सर्वे कराया जायेगा: डॉ राजेंद्र कुमार

- फाइलेरिया के 21 मरीजों के बीच एमएमडीपी किट का हुआ वितरण, दिया गया प्रशिक्षण
- फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत बिश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नावा बाजार में शिविर का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



लोगों को स्वास्थ्य कीट देते पदाधिकारी व अन्य।

**बिश्रामपुर पलामू।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिश्रामपुर सहित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नावा बाजार में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान फाइलेरिया के 21 मरीजों के बीच मोरबिडिटी मैनेजमेंट एंड डिसेबिलिटी प्रीवेंशन (एमएमडीपी) किट का वितरण कर इसकी जानकारी दी गई।

साथ ही उन्हें 12 दिनों की फाइलेरिया रोधी दवाओं के साथ उचित परामर्श भी दिया गया। मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजेंद्र कुमार ने बताया कि फाइलेरिया से प्रभावित अंगों की साफ-सफाई के साथ नियमित देखभाल भी जरुरी है।

स्वास्थ्य विभाग की ओर से उनके बीच एमएमडीपी किट प्रदान किया जा रहा है। इस किट में एक-एक टब, मग, बाल्टी तौलिया, साबुन, एंटी फंगल क्रीम आदि शामिल हैं। लगातार इसका इस्तेमाल करने से प्रभावित अंगों के सूजन में भी कमी आयेगी। डॉ राजेंद्र कुमार ने बताया कि प्रभावित अंगों की साफ-सफाई व देखभाल जरूरी है। फाइलेरिया ग्रस्त अंगों मुख्यतः पैर की साफ-सफाई रखने से संक्रमण का खतरा नहीं रहता। साथ ही, प्रभावित अंगों के सूजन में भी कमी आती है।

### एक्साइज एक्ट का नामजद गिरफ्तार, गया जेल



**पाटन पलामू।** पाटन थाना कांड संख्या 76/25 दिनांक12/205/25 धारा 318(2)/ 318)(4)/ 271/272/ 274/275/ 3(5)/एवं 47( ) एक्साइज एक्ट के नामजद अभियुक्त सुनिल प्रसाद पिता अकलू साव पता नावा थाना नावाजयपुर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायलय के न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

## आदिवासी छात्रा से दुष्कर्म का प्रयास अत्यंत निंदनीय : मुमताज अहमद

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**पांकी पलामू।** आजाद समाज पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सह पांकी के भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी के पूर्व प्रत्याशी मुमताज अहमद खान ने पांकी में हुए एक आदिवासी नाबालिक बच्ची की दुष्कर्म के प्रयास की निंदा की है। उन्होंने पुलिस प्रशासन द्वारा संवैधानिक समुचित धारा में दर्ज किए गए मुकदमा की सराहना की। कहा है कि इस तरह का घटना मानवता को शर्मशार करनेवाला है। कहा कि पुलिस ने इस घटना में शामिल लोगों को गिरफ्तार भी किया है। उन्होंने कहा कि हमें पलामू जिला के प्रशासन पर भरोसा है कि इस घटना के अनुसंधान में दोषी बचेगा नहीं और निर्दोष फंसेगा नहीं,ताकि आने वाला समय में दूसरी बेटियां सुरक्षित महसूस कर सके,और कोई दूसरा इस तरह का अपराध करने की दुस्साहस ना कर सके। भीम आर्मी - आजाद समाज पार्टी पीड़िता के साथ है। पांकी विधायकके बयान पर कहा है कि सोशल मीडिया में क्षेत्रीय विधायक के वक्तव्य पर न्याय के लिए और पीड़िता के साथ खड़े रहने के लिए उनके द्वारा आरोपियों को अभिलंब गिरफ्तार करने एवं फास्ट ट्रैक में न्याय दिलाने की बात सराहनीय है।

## सरकारी स्कूलों के बच्चों में भी प्रतिभा की कमी नहीं : बीडीओ

- सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चो के प्रस्तुति से गदगद हुए अतिथि और अभिभावक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**नावा बाजार, पलामू।** शुक्रवार को नावाबाजार प्रखण्ड के कंडा पीएम श्री स्तोरन्नत्त प्लस टू उच्च विद्यालय में सांस्कृतिक बदलाव कार्यक्रम सह बिरसा मुंडा लर्निंग फेस्टिवल एक भारत श्रेष्ठ भारत का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का उदघाटन प्रखण्ड प्रमुख विद्या देवी, बीडीओ रेणु बाला ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। विद्यालय से छात्राओं ने सुस्वागतम नृत्य से अतिथियों का स्वागत किया कार्यक्रम का संचालन छात्र नीतीश कुमार एवं राजकुमार ने शिक्षिका मेहनाज के निर्देशन में किया ।विद्यालय के सभी शिक्षकों ने अतिथियों को पौधा देकर सम्मानित किया। बीडीओ रेणु बाला ने कहा कि आज सरकारी स्कूल व ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम यह साबित कर दिया कि सरकारी स्कूलों के बच्चों में भी प्रतिभा की कमी नहीं है। आज के कार्यक्रम से स्पष्ट है कि कंडा हाईस्कूल के शिक्षक शिक्षिका बच्चों के भविष्य को गढ़ने में पूरी ईमानदारी से लगे हुए हैं।

### राहुल गांधी को बिहार में छात्रों से संवाद करने से रोकना तानाशाही रवैया : हृदयानंद मिश्र



**मेदिनीनगर।** झारखंड कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड झारखंड सरकार के सदस्य हृदयानंद मिश्र ने आरोप लगाया कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को बिहार के दरभंगा में छात्रों से संवाद करने से रोका जाना तानाशाही की पराकाष्ठा है। श्री मिश्र ने यह दावा भी किया कि बिहार के लोग जनता दल (यू) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को माकूल जवाब देंगे। पुलिस ने राहुल गांधी को बृहस्पतिवार को दरभंगा में आंबेडकर छात्रावास जाते समय रोक लिया था, हालांकि बाद में वह अंदर गये और छात्रों से संवाद किया। प्रशासन द्वारा कांग्रेसियों को अंबेडकर छात्रावास में कार्यक्रम नहीं करने देना चिंताजनक है।

## इनोवेशन मैनेजमेंट प्रैक्टिस इन इंडिया या कारपोरेटिव वर्ल्ड विषय पर सेमिनार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**विश्रामपुर पलामू।** पीजी अध्ययन विभाग, रामचंद्र चन्द्रवंशी विवि के वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग के तत्वाधान में विश्वविद्यालय के सेमिनार हाल में इनोवेशन मैनेजमेंट प्रैक्टिसेज इन इंडिया या कारपोरेटिव वर्ल्ड (भारत या कॉर्पोरेट जगत में नवाचार प्रबंधन प्रथाएं) विषय पर दो दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। मौके पर रामचन्द्र चंद्रवंशी वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष रामचन्द्र चन्द्रवंशी शामिल थे। इस दो दिवसीय सेमिनार का औपचारिक शुभारंभ विवि के कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चन्द्रवंशी ने किया। कुलाधिपति ने शोधार्थियों एवं आयोजकों को इस सेमिनार के आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी। डॉ सरोज रंजन, एसोशिएट प्रोफेसर, विभावि, हजारीबाग तथा डॉ सुरेंद्र पांडेय, प्रोफेसर, एनपीयू पलामू, झारखण्ड विशेष वक्ता के रूप में शामिल थे।

### विजेता छात्र व स्कूल प्राचार्य खेल शिक्षक को एकाडमी खेल गौरव सम्मान

**मेदिनीनगर।** जिला पलामू खेल एकाडमी जिला एथलेटिक्स संघ जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेने वाले ज्ञान निकेतन स्कूल का छात्र हेमंत कुमार 100 मीटर कांस्य पदक, श्रुति कुमारी 600 मीटर रजत पदक, ऊंची कूद में स्वर्ण पदक, शिवम कुमार और मानसी सिंह स्वर्ण पदक विजेता हुए। एकाडमी निदेशक डॉ अज्जो हसन सिद्दीकी, अध्यक्ष शिहान संतोष कुमार, उपाध्यक्ष दीपक कुमार, स्कूल अध्यक्ष बलिराम शर्मा, प्राचार्य मनोहर पांडे थे।

## 251 बर्खास्त अनुसेवक कैबिनेट से स्वीकृति के बाद देंगे योगदान : राधा कृष्ण किशोर

- अनुसेवकों ने वित मंत्री से मिल अपनी फरियाद सुनायी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सिविल अपील अमित यादव एवं अन्य बनाम झारखंड सरकार में 10 फरवरी 2025 में पारित आदेश के आलोक में विज्ञापन संख्या 01/2018 को उपायुक्त, पलामू के द्वारा अपने आदेश एक मार्च 2025 को रद्द कर दिया गया, जिससे 251 अनुसेवक सड़क पर आ चुके । मरता क्या नहीं करता 251 बर्खास्त अनुसेवक वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर से उनके नई मुहल्ला स्थित आवास में जा कर मिले। इसके बाद मंत्री के द्वारा मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव, तथा अन्य के समक्ष कैबिनेट की बैठक में आवाज उठाया गया जिससे 251बर्खास्त अनुसेवकों उनके परिवार के बीच एक उम्मीद की किरण जगी है कि हमलोग पुनः अपनी सेवा में वापस आ जायेंगे। 251 बर्खास्त अनुसेवकों ने मंत्री के नई मुहल्ला स्थित आवास में आवास पर जाकर मिलकर माला पहनाया और गुलदस्ता भेंट दिया गया। साथ ही इस कार्य हेतु मंत्री का आभार व्यक्त किया गया।

### एसडीपीओ को रेहला थाना में घुसने से थाना प्रभारी ने रोका, एसपी ने किया निलंबित



**मेदिनीनगर।** विश्रामपुर एसडीपीओ आलोक कुमार टूटी बीती रात्रि को गश्ती के दौरान अवैध बालू उठाव करते ट्रैक्टर को पकड़ा। जिसे रेहला थाना ले गये। एसडीपीओ जैसे ही रेहला थाना पहुंचे तो वहां पाया कि थाना का मुख्य गेट बंद है। इस पर एसडीपीओ द्वारा रेहला थाना प्रभारी को फोन किया गया इस पर प्रभारी ने कोई जवाब नहीं दिया। तब एसडीपीओ ने रात्रि डियूटी में तैनात पुलिस से पूछताछ किया। पुलिस ने बताया कि थाना प्रभारी के आदेश पर गेट में ताला लगाया गया है। इस पूरे मामले को एसडीपीओ श्री टूटी ने पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन को एक रिपोर्ट तैयार कर समर्पित किया। साथ ही पूरी घटना क्रम को बताया। इस पर पुलिस अधीक्षक ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रेहला थाना प्रभारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। साथ ही निलंबित थाना प्रभारी के स्थान पर शहर थाना में कार्यरत सब इंस्पेक्टर गुलशन बिरूआ को रेहला थाना प्रभारी का कमान थमा दिया।

# बीमारियों से बचने के लिए स्वच्छता जरूरी : डॉ अनूप

- हिन्डालको ने किया प्रीवेंशन आफ डेंगू डे कार्यक्रम का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



समारोह में बोलते जिला महामारी पदाधिकारी।

**पंडवा पलामू।** हिंडालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के कठौतिया ओपन कास्ट कोल माइंस की सीएसआर ईकाई द्वारा गाड़ीखास बढ़काभीठा टोला में प्रीवेंशन आफ डेंगू डे के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता सीएसआर हेड शोभा रानी मोहंती ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला महामारी रोग विशेषज्ञ डॉ अनुप कुमार सिंह, सदर अस्पताल के चिकित्सक डॉ आनंद कुमार ने भाग लिया। महामारी रोग विशेषज्ञ डॉ अनुप कुमार सिंह ने कहा कि बीमारियों से बचने के लिए स्वच्छता एवं खान पान में नियंत्रण बहुत ही जरूरी है। गंदगी एवं जमा पानी में ही मच्छर पाएं जाते हैं जिससे डेंगू मलेरिया की बीमारी होती है। उन्होंने लोगों को वर्तमान में गर्मी से बचने के लिए धुम में नहीं निकलने की अपील करते हुए कहा कि बहुत जरूरी हो तो शरीर को ढक कर ही घर से निकले। डाक्टर आनंद कुमार ने कहा कि बीमारियों से बचने के लिए सतर्कता बहुत जरूरी है। उन्होंने लोगों से मच्छरदानी लगाकर ही सोने की अपील किया। माइंस के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ टी गफ्फार ने डेंगू बीमारी के विभिन्न लक्षणों एवं प्रारंभिक सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दिया। सीएसआर हेड शोभा रानी मोहंती ने बताया कि कंपनी अपने सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत लोगों को समय समय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर जागरूक करने का काम करती है।

## नेकी की दीवार के पुनर्स्थापन को लेकर लायंस क्लब मेदिनीनगर की बैठक, उद्घाटन आज

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बैठक में उपस्थित नेकी की दीवार से जुड़े लोग।

**मेदिनीनगर।** लायंस क्लब मेदिनीनगर की बैठक लायन गुरबीर सिंह के आवास बेलवाटीका में आयोजित की गई। बैठक में अध्यक्ष डॉ प्रवीण सिद्धार्थ ,डॉक्टर रवीश कुमार, आकांक्षा जयसवाल, प्रियंका आनंद साहू , वरुण जायसवाल, राघवेंद्र सिंह ,रंजन अग्रवाल, फिरोज अंसारी, अमुक प्रियदर्शी , अनूप कुमार , मनोज सोनी, प्रदीप नारायण, रोहित जैन ,मुकेश अग्रवाल ,विकास शेट्टी ,गुरवीर सिंह श्रीकांत कुमार , आनंद वर्धन ,ऋषिकेश दुबे, एवं रणजीत मिश्रा शामिल थे। इस बैठक में 'नेकी की दीवार' की पुनः स्थापना नगर निगम कैंपस छह मुहान चौक के पास से संबंधित सभी योजनाओं पर विचार विमर्श कर अंतिम रूप दिया गया। इस पहल के माध्यम से जरूरतमंदों को नए एवं पुराने कपड़े,बर्तन इत्यादि जरूरत की अनेकों वस्तुएं और खाद्य सामग्री निःशुल्क वितरित किए जाएंगे। साथ ही प्रचंड गर्मी को देखते हुए नगर निगम कार्यालय छह मुहान चौक के बाहर एक पनशाला स्थापित किया जा रहा है जिसका परियोजना अध्यक्ष की जिम्मेवारी वरुण जायसवाल संभालेंगे। साथ ही जरूरतमंदों के बीच सत्तू का शरबत वितरण किया जाएगा जिसकी जिम्मेदारी अनूप जी संभालेंगे। बैठक की अध्यक्षता कर रही लायन लिली मिश्रा ने कहा कि कार्यक्रम की सभी तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं। नेकी की दीवार का उदघाटन 17 मई को सुबह 9:00 बजे नगर आयुक्त द्वारा किया जायेगा। कार्यक्रम नगर निगम मेदिनीनगर एवं लायंस क्लब ऑफ मेदिनी नगर के संयुक्त तत्वाधान में किया जा रहा है।

# सेल परिसर के प्लांटेशन एरिया में लगी आग

## सीआईएसएफ जवानों की तत्परता से बड़ा हादसा टला

**खबर मन्त्र संवाददाता**


आग बुझाते जवान

**भवनाथपुर।** शुक्रवार दोपहर भवनाथपुर स्थित सेल परिसर में स्थित सीआईएसएफ बैरक के समीप बने प्लांटेशन क्षेत्र में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। गर्मी और तेज हवा के कारण आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और आसपास के पेड़-पौधों व सूखी झाड़ियों को अपनी चपेट में ले लिया। घटना की सूचना मिलते ही सीआईएसएफ के जवान तत्परता के साथ मौके पर पहुंचे और बिना देर किए आग बुझाने के अभियान में जुट गए। बाल्टी, पाइप और अग्निशमन यंत्रों के सहारे जवानों ने करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया। स्थानीय लोगों और अधिकारियों ने सीआईएसएफ जवानों की सराहना करते हुए कहा कि यदि समय पर आग नहीं बुझाई जाती, तो यह एक बड़ी दुर्घटना में बदल सकती थी। सौभाग्यवश, किसी भी प्रकार की जनहानि या संपत्ति का नुकसान नहीं हुआ। हालांकि आग लगने के कारणों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है, लेकिन माना जा रहा है कि भीषण गर्मी के कारण सूखी झाड़ियों में किसी चिंगारी के गिरने से यह घटना हुई होगी। सेल प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

**एक नजर में**

## गढ़वा के रोहित शर्मा का राष्ट्रीय कबड्डी रेफरी के रूप में चयन

**गढ़वा।** महाराष्ट्र के वर्धा में 09 से 12 मई तक आयोजित 51वीं जूनियर नेशनल कबड्डी चैंपियनशिप में गढ़वा जिला कबड्डी एसोसिएशन से रोहित कुमार शर्मा को बतौर राष्ट्रीय रेफरी चयनित किया गया। यह गढ़वा जिले के लिए अत्यंत गौरव की बात रही, जब रोहित शर्मा ने राष्ट्रीय स्तर के इस प्रतिष्ठित टूनामेंट में अपने शानदार रेफरिंग कौशल से आयोजन समिति और प्रतिभागी टीमों का ध्यान आकर्षित किया। झारखंड राज्य कबड्डी संघ ने रोहित शर्मा के चयन और प्रदर्शन पर खुशी जताते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। वहीं, गढ़वा जिला कबड्डी एसोसिएशन के अध्यक्ष ने एमेच्योर कबड्डी फेडरेशन ऑफ इंडिया के रेफरी बोर्ड के चेयरमैन हरीश कुमार के प्रति विशेष आभार प्रकट किया, जिनके मार्गदर्शन और सहयोग से यह सफलता संभव हो सकी। गढ़वा जिला कबड्डी एसोसिएशन के कोच राहुल शर्मा ने जानकारी दी कि यह उपलब्धि जिले के अन्य युवा खिलाड़ियों और खेल अधिकारियों के लिए एक प्रेरणा साबित होगी। जिले में खेल प्रेमियों ने रोहित शर्मा को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी है और भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रकट की हैं। रोहित की यह उपलब्धि न केवल गढ़वा जिले, बल्कि झारखंड राज्य के लिए भी गर्व की बात है।

## दिव्यांग मनोज एक्का को मिला विकलांगता प्रमाणपत्र

**गढ़वा।** जिले के रंका प्रखंड अंतर्गत बिश्रामपुर पंचायत निवासी दिव्यांग मनोज एक्का को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के निदेर्शानुसार विकलांगता प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। यह पहल पीएलवी राजेश कुमार चौधरी और पीएलवी कृष्णानंद दुबे की दो सदस्यीय टीम द्वारा की गई। मनोज एक्का, जो गरीबी और भुखमरी से जूझ रहे हैं, ने पीएलवी राजेश कुमार चौधरी को लिखित आवेदन सौंपा। इसके तुरंत बाद, टीम ने प्राथमिक उपचार की व्यवस्था की और पीएलवी कृष्णानंद दुबे के नेतृत्व में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवा कर उन्हें सदर अस्पताल, गढ़वा में मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अशोक कुमार के समक्ष शारीरिक जांच के लिए प्रस्तुत किया। डॉ कुमार ने बताया कि विकलांग व्यक्तियों की सहायता के लिए सरकार विभिन्न योजनाएं चलाती है, जिनमें पेंशन, वित्तीय सहायता, सहायक उपकरण, कौशल विकास और शिक्षा शामिल हैं। इस प्रक्रिया के दौरान, एक डॉक्टर की अनुपस्थिति के बावजूद, दूसरे डॉक्टर की सहायता से शारीरिक जांच पूरी की गई और मनोज एक्का को विकलांगता प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। यह पहल जिला विधिक सेवा प्राधिकार के व्यापक प्रयासों का हिस्सा है, जो गढ़वा जिले में विधिक जागरूकता और सशक्तिकरण कार्यक्रमों के माध्यम से नागरिकों को सरकारी योजनाओं और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक कर रहा है। इस सफलता से प्रेरित होकर पीएलवी कृष्णानंद दुबे ने कहा कि प्रत्येक परिवार को विभिन्न सरकारी योजनाओं और लाभों से जोड़ने का प्रयास जारी रहेगा, ताकि समाज के सभी वर्गों को उनका हक मिल सके।

## पानी टंकी बंद, भीषण जल संकट

**रंका।** गढ़वा जिले के रंका अनुमंडल में स्थित पेयजल टंकी पिछले 20 दिनों से बंद पड़ी है, जिससे खरडीहा, कंचनपुर, खपरो, रंका कला, दौनादाग, मानपुर, हरदिया पुल सहित कई पंचायतों के ग्रामीणों को भीषण गर्मी में जल संकट का सामना करना पड़ रहा है। इस स्थिति में ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए कुओं और अन्य पारंपरिक स्त्रोतों पर निर्भर होना पड़ रहा है। पेयजल विभाग के ऑपरेटर उमेश कुमार ने बताया कि पर्याप्त बिजली आपूर्ति न होने के कारण पानी टंकी से जलापूर्ति संभव नहीं हो पा रही है। उन्होंने बताया कि इस समस्या के समाधान के लिए रंका और गढ़वा के बिजली विभाग को कई बार लिखित सूचना दी गई है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि सरकार द्वारा लाखों रुपये खर्च कर बनाई गई पानी टंकी भीषण गर्मी में हाथी के दांत जैसी साबित हो रही है। दिखने में तो है, लेकिन उपयोग में नहीं आ रही। इससे पहले भी रंका अनुमंडल मुख्यालय में जल संकट की स्थिति उत्पन्न हो चुकी है, जहां जलापूर्ति बंद होने से कई मोहल्लों में लोग पानी की व्यवस्था करने के लिए परेशान थे। इस जल संकट के कारण ग्रामीणों को दिनभर पानी की तलाश में भटकना पड़ रहा है, जिससे उनकी दिनचर्या प्रभावित हो रही है। स्थानीय प्रशासन से मांग की जा रही है कि वे जल्द से जल्द बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करें ताकि पानी टंकी से जलापूर्ति बहाल हो सके और ग्रामीणों को राहत मिल सके।

## परियोजना बालिका उच्च विद्यालय में समर कैंप का समापन, छात्राएं सम्मानित

**भवनाथपुर।** विभागीय निदेर्शानुसार परियोजना बालिका उच्च विद्यालय भवनाथपुर में आयोजित चार दिवसीय समर कैंप का समापन शुक्रवार को हर्षोल्लास के साथ हुआ। इस मौके पर कैंप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को मेडल और शैक्षणिक सामग्री देकर सम्मानित किया गया। समापन समारोह के विशिष्ट अतिथि डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल भवनाथपुर के प्राचार्य राजेंद्र सचदेवा ने छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा सिलेबस से हटकर ऐसे कई कौशल हैं, जिन्हें सीखकर हम एक सफल और आत्मनिर्भर व्यक्ति बन सकते हैं। जीवन मूल्यों को समझना और उन्हें अपनाना समर कैंप का असली उद्देश्य है। डीएवी के शिक्षक मोहम्मद अली ने भी बच्चों को प्रेरित किया। वहीं, विद्यालय के प्रधानाध्यापक सत्य प्रकाश यादव ने कहा कि बच्चों ने कैंप का भरपूर आनंद लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि कैंप का उद्देश्य बच्चों में रचनात्मकता, नेतृत्व क्षमता, टीमवर्क, आत्मविश्वास और शारीरिक संतुलन को विकसित करना था।

# भाजपा की तिरंगा यात्रा में प्रमुख नेताओं की अनुपस्थिति पर विपक्ष का तीखा प्रहार

**खबर मन्त्र संवाददाता**


धीरज दुबे

**गढ़वा।** भाजपा द्वारा देशभर में आयोजित तिरंगा यात्रा के तहत गढ़वा जिले में आयोजित कार्यक्रम में पार्टी के प्रमुख जनप्रतिनिधियों की अनुपस्थिति ने राजनीतिक हलकों में चर्चा का विषय बना दिया है। गढ़वा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी और पलामू सांसद बीडी राम सहित भवनाथपुर-विश्रामपुर के पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही और रामचंद्र चंद्रवंशी इस यात्रा में शामिल नहीं हुए। इस पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सदस्य धीरज दुबे ने भाजपा नेताओं पर तीखा हमला करते हुए कहा कि भाजपा के सांसद-विधायक राष्ट्रवाद के नाम पर सिर्फ.ढोंग करना जानते हैं। यही कारण है कि देश के सम्मान में आयोजित इस कार्यक्रम में वह शामिल होना मुनासिब नहीं समझे। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ऐसे नेताओं को बढ़ावा देती है जो झूठे, मक्कार, और अवसरवादी होते हैं और पार्टी में टिकट अब संघर्ष से नहीं, बल्कि पैसे के दम पर मिलता है। धीरज दुबे ने यह भी कहा कि भाजपा जिन दलबदलू नेताओं को टिकट देती है, वे चुनाव जीतने के बाद जनता से कट जाते हैं और अपने स्वार्थ को प्राथमिकता देने लगते हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि राजस्थान में भाजपा विधायक बालमुकुंद आचार्य तिरंगा यात्रा के दौरान तिरंगे से नाक पोंछते नजर आए, जिससे पता चलता है कि भाजपा के कुछ नेताओं के लिए तिरंगा केवल दिखावे का साधन बनकर रह गया है। गढ़वा के कई भाजपा कार्यकताओं ने भी निजी रूप से नाराजगी जताई है कि जब पार्टी के शीर्ष नेता ही ऐसे आयोजनों में नहीं आते, तो कार्यकताओं में उत्साह कैसे बना रहेगा। एक युवा कार्यकर्ता ने कहा तिरंगा यात्रा सिर्फ कैमरे और सोशल मीडिया के लिए नहीं होनी चाहिए।

## दो पक्षों में मारपीट, एक पुरुष व दो महिलाएं घायल

**भवनाथपुर।** खरौंधी थाना क्षेत्र के गटीयरवा गांव में गुरुवार रात दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई, जिसमें एक पुरुष सहित दो महिलाएं घायल हो गईं। घायलों की पहचान रामप्रीत पासवान, उनकी पत्नी सुनीता देवी और पुत्री नीरज कुमारी के रूप में हुई है। तीनों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर में भर्ती कराया गया है। अस्पताल में इलाजरत रामप्रीत पासवान ने बताया कि घटना की जड़ 7 मई को हुई शादी समारोह से जुड़ी है। उन्होंने बताया कि बारात के द्वारपूजा के दौरान ही उनके गोतिया ब्रजेश पासवान, दिनेश, शिवकुमार, टुनटुन पासवान, सुदर्शन पासवान, जोगेंद्र पासवान और दीपक पासवान ने बारातियों पर पत्थरबाजी की थी।

---

**Jharkhand BijliVitran Nigam Limited**
**(CIN : U40108JH2013SGC001702)**
Regd. Office : Engineering Building, H.E.C., Dhurwa, Ranchi-834004, Telephone :-0651-2400799 & Fax : 0651-2400799
https://www.jbvnl.co.inEmail- cecr2018@gmail.com

**Expression of Interest (EOI) No. 17/PR/JBVNL/2025-26**

Jharkhand BijliVitran Nigam Limited invites emergent short Expression of Interest (EOI) for selection of Energy Auditing Firms from the List of accredited Energy Auditing Firms for DISCOM Sector Empanelled by Bureau of Energy Efficiency (BEE) to undertake Monitoring and Verification (M&V) activities work in Jharkhand BijliVitran Nigam Limited (JBVNL) under PAT Cycle – VII

| Sl. No. | Details of Work | |
|---|---|---|
| 1 | Appointment of Energy Auditing Firms from the List of accredited Energy Auditing Firms for DISCOM Sector Empanelled by Bureau of Energy Efficiency (BEE) to undertake Monitoring and Verification (M&V) activities work in Jharkhand BijliVitran Nigam Limited (JBVNL) under PAT Cycle – VII | |
| 2 | Calendar of Events : | |
| i | Date of publication of EOI documents at website | 22.05.2025 at 15:00 hrs (IST) |
| ii | Start Date and Time for rate submission (Online) | 23.05.2025 at 15:00 hrs (IST) |
| iii | Last Date and Time forrate submission (Online) | 29.05.2025 at 17:00 hrs (IST) |
| iv | Date and Time for Opening (online) | 30.05.2025 at 17:00 hrs(IST) |

The tender documents with detailed conditions can be obtained through web site http://jharkhandtenders.gov.in and should upload all relevant documents as mentioned in the tender document only through online EOI-tender portal/website http://jharkhand tenders.gov.in

Save Energy, Save Nation for better tomorrow

Sd/-
General Manager (Revenue)
JBVNL, Ranchi

PR 352629 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(25-26)#D

---

**कार्यालयः जिला मत्स्य पदाधिकारी, रामगढ**

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण–सूचना**

एतद् द्वारा मत्स्य स्पॉन उत्पादकों/आपूर्तिकर्त्ताओं को सूचित किया जाता है कि जलाशय के छाड़न एवं निबंधित मत्स्य बीज उत्पादकों को मेजरकार्प ( रेहू, कतला, मृगल, कॉमन कार्प, सिलवर कार्प तथा ग्रास कार्प) का मत्स्य स्पॉन की आपूर्ति हेतु वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए मत्स्य निदेशालय, झारखण्ड, रॉची का पत्रांक 268, दिनांक 11.02.2025 के आलोक में इच्छुक मत्स्य स्पॉन उत्पादकों से स्पॉन आपूर्ति हेतु मुहरबंद निविदा दिनांक 03.06.2025 के अपराह्न 01:00 बजे तक जिला मत्स्य कार्यालय, रामगढ के कार्यालय में स्वीकार किया जाएगा। एवं उसी दिन अपराह्न 03:00 बजे निविदा समिति के समक्ष उपायुक्त, रामगढ़ के सभागार में खोली जायेगी। निविदा आमंत्रण हेतु आवश्यक शर्ते www.ramgarh.nic.in एवं जिला मत्स्य कार्यालय, रामगढ के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

**आपूर्ति की जानेवाली स्पॉन का विवरण**

| | |
|---|---|
| मत्स्य स्पॉन | अधिकतम निर्धारित दर मो0 550.00 रूपये प्रति लाख मात्र। |

ह0/–
जिला मत्स्य पदाधिकारी, रामगढ

PR 352716 Fish(25-26)#D

---

**झारखण्ड सरकार**
**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग)**
**कार्यालय, जिला पशुपालन पदाधिकारी, चतरा।**

–: आम सूचना:–

:-FMD टीककारण अभियान Round 5 Phase1 एवं LSD
टीकाकरण 2025–26 का सफल कार्यान्वयन :–

चतरा जिला के सभी पशुपालकों को सूचित करना है कि पशुओं में होनेवाले मुँहपका एवं खुरपका रोग एवं चर्म रोग से निजाद पाने हेतु दिनांकः–19.05.2025 से 18.07.2025 तक चतरा जिला के सभी ग्रामों में FMD टीकाकरण अभियान Round 5 Phase 1 एवं LSD टीकाकरण 2025–26 निःशुल्क प्रारम्भ हो रही है। जिसके सफल संचालन हेतु आप सभी का सहयोग अनिवार्य है।

अतः सभी पशुपालकों से अनुरोध है कि दिनांक 19.05.2025 से प्रारंभ हो रही टीकाकरण का लाभ लेने हेतु संबंधित प्रखण्ड के पशुपालन पदाधिकारी से सम्पर्क कर अपने पशुओं को टीका लगवाकर इस रोग से मुक्त रखना चाहेगें।

निवेदक
जिला पशुपालन पदाधिकारी, चतरा।

PR 352648 Animal Husbandry(25-26)D

---

**कार्यालय जिला मत्स्य पदाधिकारी, रामगढ़**

**अतिअल्पकालीन निविदा**

एतद् द्वारा Mash Feed (Formulated and Extruded Mash Feed for Fish Spawn) के निर्माता अथवा अधिकृत विक्रेता को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए मत्स्य निदेशालय, झारखण्ड, रॉची का पत्रांक 268 दिनांक 11.02.2025 के द्वारा रामगढ़ जिला के निबंधित मत्स्य बीज उत्पादकों को Mash Feed (Formulated and Extruded Mash Feed for Fish Spawn) की आपूर्ति हेतु मुहरबंद निविदा दिनांक 03.06.2025 को अपराह्न 01:00 बजे तक जिला मत्स्य कार्यालय, रामगढ़ में स्वीकार किये जाएंगें। एवं निविदा उसी दिन अपराह्न 03:00 बजे निविदा समिति के समक्ष उपायुक्त, रामगढ़ के सभागार में खोली जायेगी। निविदा आमंत्रण हेतु आवश्यक शर्ते www.ramgarh.nic.in एवं जिला मत्स्य कार्यालय, रामगढ़ के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

ह0/–
जिला मत्स्य पदाधिकारी
रामगढ

PR.NO.352713 Fish(25-26):D

---

**कार्यालयः जिला मत्स्य पदाधिकारी, रामगढ़**

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण**

एतद् द्वारा जाल आपूर्त्तिकर्त्ताओं को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2025–26 के लिए मत्स्य निदेशालय, झारखण्ड, रॉची का 268 दिनांक 11.02.2025 के द्वारा राज्य योजना के अन्तर्गत निबंधित मत्स्य बीज उत्पादकों को फ्राई कैचिंग नेट की आपूर्ति किया जाना है। इस प्रयोजानार्थ जाल आपूर्तिकत्ताओं से निविदा आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक जाल आपूर्तिकताओं से जाल आपूर्ति हेतु मुहरबंद निविदा दिनांक 03.06.2025 के अपराह्न 01:00 बजे तक जिला मत्स्य कार्यालय, रामगढ़ में स्वीकार किया जायेगा, तथा उसी दिन अपराह्न 03:00 बजे निविदा समिति के समक्ष उपायुक्त, रामगढ़ के सभागार में खोली जाएगी, निविदा आमंत्रण हेतु आवश्यक शर्तें www.ramgarh.nic.in एवं जिला मत्स्य कार्यालय, रामगढ़ के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

ह0/–
जिला मत्स्य पदाधिकारी, रामगढ़

PR 352720 Fish(25-26)#D

---

**कार्यालय जिला मत्स्य पदाधिकारी, रामगढ़।**

**अतिअल्पकालीन निविदा**

एतद् द्वारा Mash Feed (Formulated and Extruded Mash Feed for Fish Spawn) के निर्माता अथवा अधिकृत विक्रेता को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए मत्स्य निदेशालय, झारखण्ड, रॉची का पत्रांक 268 दिनांक 11.02.2025 के द्वारा रामगढ़ जिला के निबंधित मत्स्य बीज उत्पादकों को Mash Feed (Formulated and Extruded Mash Feed for Fish Spawn) की आपूर्ति हेतु मुहरबंद निविदा दिनांक 03.06.2025 को अपराह्न 01:00 बजे तक जिला मत्स्य कार्यालय, रामगढ़ में स्वीकार किये जाएंगें। एवं निविदा उसी दिन अपराह्न 03:00 बजे निविदा समिति के समक्ष उपायुक्त, रामगढ़ के सभागार में खोली जायेगी। निविदा आमंत्रण हेतु आवश्यक शर्तें www.ramgarh.nic.in एवं जिला मत्स्य कार्यालय, रामगढ़ के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

ह0/–
जिला मत्स्य पदाधिकारी
रामगढ़।

PR.NO.352718 Fish(25-26):D

---

**झारखण्ड सरकार**
**कृषि, पशुपालन एंव सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग)**
**LHDCP योजना से संबंधित आवश्यक जानकारी**
**जिला पशुपालन कार्यालय, खूँटी**

**आम सूचना :–**

भारत सरकार के केन्द्र प्रायोजित योजना LHDCP योजनान्तर्गत खूँटी जिला में FMD & LSD टीकाकरण कार्यक्रम दिनांक–19/05/2025 से दिनांक–18.07.2025 तक खूँटी जिला में निःशुल्क टीकाकरण अभियान चलाया जाना है। इस कार्यक्रम अन्तर्गत पशुपालकों के घर–घर जाकर खुरहा–मुँहपका (FMD) रोग के रोकथाम हेतु सुयोग्य गौ जाति एंव भैंस जाति के पशुओं को FMD का निःशुल्क टीकाकरण एंव गाँठदार त्वचा रोग (LSD) के रोकथाम हेतु केवल गौ जाति के सुयोग्य पशुओं को LSD का निःशुल्क टीकाकरण किया जाना है।

**टीकाकरण के पूर्व सभी गौ वंशीय एंव भैंस प्रजाति के पशुओं को 12 अंकों के (UID) टैग से चिन्हितीकरण करते हुए भारत पशुधन ऐप में निबंधन किया जाना आवश्यक है।**

अतः सभी पशुपालकों से अनुरोध है कि अपने–अपने आधार नं0 एंव मोबाईल नं0 इस कार्य हेतु विभाग द्वारा प्राधिकृत टीकाकर्मियों को उपलब्ध कराकर अपने पशुओं का पंजीकरण, टैगिंग एंव टीकाकरण करवाना सुनिश्चित् करें एंव इस कार्य में विभाग को सहयोग प्रदान करें।

जिला के सभी मुखिया, वार्ड सदस्य, जिला परिशद, पंचायत समिति सदस्य एंव अन्य सभी जन प्रतिनिधियों से अनुरोध है कि इस कार्यक्रम को अपने–अपने क्षेत्र में बृहत प्रचार–प्रसार कर पशुओं का टैगिंग एंव टीकाकरण के लिए पशुपालकों को प्रेरित करें।

**नोटः–अधिक जानकारी के लिए अपने प्रखण्ड के पशुचिकित्सा पदाधिकारियों से सम्पर्क करें।**

टैग नही तो टीका नही।
जन–जन तक संदेश पहुँचाना है।
खुरहा–मुँहपका एंव गाँठदार त्वचा रोग को जड़ से मिटाना है।

निवेदक
जिला पशुपालन पदाधिकारी
खूँटी

PR 352642 Animal Husbandry(25-26)#D

---

**JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LIMITED**
**(CIN No. U40108JH2013SGC001702)**
**ELECTRIC SUPPLY AREA, HAZARIBAG**
JULU PARK, HAZARIBAG PIN - 825301
e-mail id: general.manager12@gmail.com | Phone/FAX : 06546-226949/ 272570

**TENDER NOTICE**

e-Tenders in two parts Part-I (Technical and Commercial) and Part-II (price part) are invited from the reputed tenderers having good experience of following similar type of Civil works and having sound financial status: -

| Sl. No. | NIT No. | Name of the works | Estimated cost in Rs./- | Earnest money to be deposited in Rs./- | Cost of BOQ (Non-Refundable) in Rs./- | Time of completion of work. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 22/PR/JBVNL /25-26 | R/M of control room building with leak proof treatment at 33/11 KV P/S/S, Doiyadih under ESC, Koderma. | 5,21,250/- | 10,500/- | 1475/- GST included | 02 Months |
| 2 | 23/PR/JBVNL /25-26 | R/M of control room building with leak proof roof treatement and new sewer system at 33/11 KV P /S/S Satgawan under Electric Supply Circle, Koderma. | 10,57,750/- | 21,200/- | 2950/- GST included | 03 Months |
| 3 | 24/PR/JBVNL /25-26 | R/M of control room building at 33/11 KV P/S/S Koderma under ESC, Koderma. | 8,24,650/- | 16,500/- | 1475/- GST included | 02 months |

| | |
|---|---|
| Availability of tender documents on website | From 19.05.2025 at 11.00 AM to 09.06.2025 upto 18.00 |
| Last date and time for uploading of e-tender | 09.06.2025 upto 18.00 |
| Last date and time for physical submission of original Demand Draft towards cost of BOQ and Earnest Money and no blood relation Affidavit. | 11.06.2025 upto 15.00 |
| Date and time for opening of Tender Part-I (Technical and Commercial) | 13.06.2025 at 13.00 |
| Date and time for opening of Tender Part-II (Price Part) | Will be communicated later on. |
| Tendering Officer and address for communication | General Manger Cum Chief Engineer, Electric Supply Area, Hazaribag, Jullu Park, Hazaribag. |

1. e-Tender documents and BOQ including terms & conditions, specification etc. can be downloaded and submitted online on website https://jharkhandtenders.gov.in. Any details required in this regard can also be had from the office of the undersigned (06546226949) during office hours. NIC helpline no. 0651-2400178.
2. Demand Draft from any (scheduled commercial) bank towards cost of BOQ and Earnest Money will be in favour of *Accounts Officer*, **Electric Supply Area, Hazaribag** payable at Hazaribag.
3. The tenders will be received through electronic tendering mode only. No postal transaction will be entertained. Demand draft will be submitted physically in office up to scheduled date and time.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570 (कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager - Cum Chief Engineer
Electric Supply Area, Hazaribag

PR 352684 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(25-26)D

---

**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय,रॉंची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**

उपरोक्त खलारी थाना काण्ड सं0-27/2024, दिनांक–10/02/2024 धारा–307/34 भ0द0वि0 एवं 27 आर्म्स एक्ट एवं 17 सी0एल0ए0 एक्ट के अप्राथमिक अभियुक्त संजय उरांव, पिता बोले उरांव, ग्राम झुलनडीहा, थाना–पिपरवार, जिला–चतरा का द0प्र0सं0 की धारा–82 के अन्तर्गत माननीय न्यायालय से इस्तेहार निर्गत किया गया है।

**Court of Sri Goutam Gobinda, J.M. XXXII, Ranchi**
**Schedule XLIII-High court(M) 31C, [Old Criminal Process No. 4]**
**PROCLAMATION REQUIRIND THE APPEARANCE OF A PERSON ACCUSED**
**[Form No. 4 Schedule II Act 2 1974]**

खलारी थाना काण्ड सं0-27/2024
**(Section 82 of the Code of Criminal Procedure.)** **process 82 crpc**

1. नाम व शिल पता — चूंकि मेरे पास नालिश की गई है(1)
संजय उरांव, पिता बोले उरांव, ग्राम झुलनडीहा, थाना–पिपरवार, जिला–चतरा
2. किया है या करने का उस पर शुवहा है। जो व–मुजिब दफा मजमूअए तावीरात हिन्द के सजा के लायक है (2) खलारी थाना काण्ड सं0--27/2024, दिनांक–10/02/2024
3. नाम संजय उरांव, पिता बोले उरांव, ग्राम झुलनडीहा, थाना–पिपरवार, जिला–चतरा और व–तामील वारन्ट गिरफ्तारी जो बाद अर्जा जारी हुआ या यह कैफियत दी गई है कि (3) थाना–पिपरवार, जिला–चतरा जब
4. फरार हुआ है या रूपोश है ताके वारन्ट मजकुर उसपर पाये नही जाते है और चूंकि ब–तशफ्फी हमारे साबित किया जरी न हो सके। गया है कि (3) जब
5. मोकाम। ग्राम झुलनडीहा, थाना–पिपरवार, जिला–चतरा फरार मजकुर इसलिए बजरिये इस के इश्तिहार दिया जाता है कि धारा–307/34 भ0द0वि0 एवं 27 आर्म्स एक्ट एवं 17 सी0एल0ए0 एक्ट मजकुर साकिन ब–मोकाम(5)
6. इस अदालतव रूबरू मेरे। अ–हजुर(6)

ब–तारीख 02माह 04.2025 नालिश–मजकुर करे जवाब देही के लिए हाजिर हो
आज तारीख माह 20.02.2025 सन्

**Sd. Sri Goutam Gobinda, J.M. XXXII, Ranchi**

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि अप्राथमिक अभियुक्त संजय उरांव, कहीं मिलते/दिखते हैं तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय/ **Sri Goutam Gobinda, J.M. XXXII, Ranchi** के न्यायालय में इसकी सूचना दें या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी जानकारी दें

पुलिस उपाधीक्षक, खलारी, रॉची। – 9431742777
थाना प्रभारी, खलारी, रॉची। – 9431706188

पुलिस उप–महानिरीक्षक–सह–
वरीय पुलिस अधीक्षक, रॉची

PR 352675 Police(25-26).D

# तंगहाल पाकिस्तान

पिछले 35 सालों में पाकिस्तान 28 बार आईएमएफ से ऋण ले चुका है। हाल के वर्षों का ही रिकार्ड देखा जाए तो 2019 से पिछले 05 सालों में ही उसने आईएमएफ से 04 बार ऋण लिए हैं। जाहिर है कि ऋण में मिलने वाले रुपयों का इस्तेमाल यदि पाकिस्तान के द्वारा अब तक सही ढंग से किया गया होता तो शायद उसको आईएमएफ के दरवाजे पर बार-बार हाथ फैलाने की जरूरत ही नहीं पड़ती, लेकिन सच तो यही है कि पाकिस्तान आईएमएफ से बार-बार कर्ज लेता है, लेकिन वह उनका उपयोग वास्तविक उद्देश्यों के लिए नहीं, बल्कि भारत के विरूद्ध अपनी जिहादी आतंकी मानसिकता को प्रदर्शित करने के लिए ही करता रहता है।, देखा जाए तो जिन परिस्थितियों में सबकुछ जानते-बूझते आईएमएफ से ऋण प्राप्त करने के लिए किसी भी देश को अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के सदस्य देशों के कुल वोटों का 85 प्रतिशत प्राप्त करना जरूरी होता है। साथ ही, यह जानना भी जरूरी है कि आईएमएफ में सबसे ज्यादा प्रभाव अमेरिकी वोट का होता है, जिसके पास सर्वाधिक 17 प्रतिशत वोटों का भार है। इसकी तुलना में भारत के पास वोटों का भार मात्र 03 प्रतिशत ही है। यही कारण है कि हमारे विरोध के बावजूद पाकिस्तान को आईएमएफ से ऋण मिल गया। देखा जाए तो इस मामले में अमेरिकी पहल का एक बड़ा कारण यह हो सकता है कि हाल के वर्षों में पाकिस्तान लगातार चीन की गोद में बैठकर खेलता रहा है, जिससे अमेरिका बेहद नाराज है। वह चाहता है कि पाकिस्तान चीन से बिदककर उसके पाले में आ जाए। इसीलिए शायद उसने पाकिस्तान को आईएमएफ से ऋण दिलाने में मदद की है, लेकिन उसे यह भी अच्छी तरह से समझ लेना चाहिए कि पाकिस्तान तो शुरू से ही कभी चीन तो कभी अमेरिका की गोद में बैठकर खेलता रहा है और भारत को नुकसान पहुंचाता है।




**मेष :** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। आय-व्यय की स्थिति समान्य रहेगी। शुभांक-5-7-8

**वृष :** आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। एकाकी प्रवृति का त्याग करें। यात्रा न करें। शुभांक-4-6-7

**मिथुन :** शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-4-6-8

**कर्क :** नये-नये व्यापारिक अनुबंध होंगे। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। हरि करे सो खरी इसीलिए पूरे मनोयोग से कार्य करें। शुभांक-3-6-9

**सिंह :** कार्यक्षेत्र में खुशनुमा माहौल बनेगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अतः आलस्य का त्याग करें। शुभांक-4-6-8

कन्या : भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। धार्मिक कार्य शुभ रहेगा। शुभांक-2-4-6

**तुला :** योजना क्रियान्वन के लिए समय अच्छा व सकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। सफलता मिलेगी। सुनियोजित तरीके से कार्यारम्भ करें। शुभांक-3-6-7

**वृश्चिक** : व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंग। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-2-5-7

**धनु :** लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। धार्मिक यात्रा का योग बना है। शुभांक-2-5-7

**मकर :** मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। पुराने मित्र के कारण कार्य बाधा हटेगी। शुद्ध गोचर का लाभ। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। शुभांक-3-6-8

**कुंभ** : मनोरंजन के साधनों पर धन-व्यय होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंग। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। शुभांक-6-8-9

**मीन :** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। जान-पहचान का दायरा बढ़ेगा। शुभांक-5-8-9


**संस्थापक**
**स्व. डॉ अभय कुमार सिंह**

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
**मुद्रक, प्रकाशक**
**मंजू सिंह**

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**प्रधान संपादक**
**सौरभ कुमार सिंह**
**संपादक**
**अविनाश ठाकुर***
**फोन : 95708-48433**
पिनः -834006


e-mail
khabarmantra.city@gmail.com


R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।



# मोदी का संबोधन जागृत राष्ट्र के हौसलों की उड़ान



**प्रधानमंत्री** मोदी ने यह भी साफ कर दिया है कि भविष्य में अगर पाकिस्तान से कभी बात होगी तो केवल आतंकवाद और पीओके पर ही बात होगी। उन्होंने कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि टेरर और टॉक, टेरर और ट्रेड एक साथ नहीं हो सकते।

ऑपरेशन सिंदूर, पाकिस्तान के जवाबी हमले तथा युद्ध विराम के बाद राष्ट्र के नाम संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कड़े एवं स्पष्ट शब्दों में न केवल पाकिस्तान को चेताया बल्कि उसको उसकी जमीन भी दिखायी। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ भारत की प्रखर एवं प्रभावी नीति को पूरी दुनिया के सामने बड़ी स्पष्टता और दृढ़ता के साथ रखा। उनका संबोधन न केवल भारत की भावना की अभिव्यक्ति है, बल्कि यह हमारे देश के सैन्य, कूटनीतिक, नैतिक बल की प्रस्तुति एवं दो सौ अस्सी करोड़ तनी हुई मुट्ठियों की चेतावनी भी है। यह कोरा उद्बोधन नहीं, बल्कि एक जागृत राष्ट्र के साहस एवं हौसलों की उड़ान है। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में नई लकीर खींची और नये पैमाने तय किये। पाकिस्तान की समझौते की गुहार को भी सुना, एक बड़े मकसद और व्यापक हित में भारत ने शांति की राह चुनी। पहले से ही युद्धों में उलझे विश्व के लिए भारत का यह कदम आशा एवं उम्मीद की बहुत बड़ी किरण है। लेकिन पाकिस्तान पर एक्शन सिर्फ स्थगित हुआ है, समाप्त नहीं। 22 मिनट का यह संबोधन पाकिस्तान के लिये एक सीख भी है और सबक भी। साथ ही यह एक विशाल एवं विराट इतिहास को समेटे हुए नये भारत के नये संकल्पों की सार्थक प्रस्तुति है।

प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी साफ कर दिया है कि भविष्य में अगर पाकिस्तान से कभी बात होगी तो केवल आतंकवाद और पीओके पर ही बात होगी। उन्होंने कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि टेरर और टॉक, टेरर और ट्रेड एक साथ नहीं हो सकते। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेनाओं के शौर्य और पराक्रम की भी उन्होंने खुल कर सराहना की एवं वीरगाथा सुनाई है। भारतीय सेनाओं पर जहां पूरे देश को नाज है, वहीं प्रधानमंत्री के सशक्त नेतृत्व पर समूचे देश को भरोसा है और आज हमारा देश समृद्धशाली और शक्तिशाली होने के साथ ही विकसित भारत के रूप में तेजी से उभर रहा है। प्रत्येक भारतीय की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। आतंकवाद के समूल नाश के लिए हमारी सरकार कटिबद्ध है। सिंदूर पोंछने का अंजाम अब हर आतंकी को पता चल गया है। मोदी ने साफ किया कि अब वो दौर चला गया जब भारत परमाणु हमले के नाम पर ब्लैकमेल होता था। अब अगर फिर से हमला हुआ तो पाकिस्तान व आतंकवादियों को अलग-अलग नहीं देखा जाएगा। आतंक की जड़ों पर फिर से प्रहार किया जाएगा और इस बार का प्रहार विनाशकारी एवं विध्वंसक पाकिस्तान द्वारा पोषित एवं पल्लवित आतंकवाद उसी के सर्वनाश का कारण बनेगा। पाक को बचना है तो उसे आतंकी ढांचे नष्ट करने होंगे। उन्होंने कहा कि हमारी मिसाइले एवं ड्रोन ने पाक में न सिर्फ आतंकी ठिकानों को नष्ट किया बल्कि इसके साथ सौ से अधिक खुंखार आतंकियों को भी मार गिराया। पाक में आतंकवादियों के लिये जो जगह एवं संवेदनाएं हैं, उसको दुनिया ने भी देखा। भारत की सर्जिकल स्ट्राइक में मरे दुर्दांत आतंकवादियों को अंतिम विदाई देने को पाक सेना के बड़े अधिकारी उतावले थे। पिछले तीस में पाकिस्तान ने आतंकवाद की फसल को सींचने के लिये जो संरचना अपने देश में तैयार की है, उससे निकले आतंकवादियों ने भारत को ही बार-बार लहूलुहान नहीं किया बल्कि ब्रिटेन तथा अमेरिका के 9/11 जैसे हमलों को दुनिया के दूसरे हिस्सों में अंजाम दिया है। मोदी ने स्पष्ट किया कि पहलगाम आतंकी हमले में धर्म पूछकर निर्दोष पर्यटकों की हत्या करने वाले आतंकवादी भारतीय समाज के साम्प्रदायिक सौहार्द एवं समरसता को नुकसान पहुंचाने में पूरी तरह विफल रहे हैं।



**- ललित गर्ग**

> जब हमारी संप्रभुता और नागरिकों के जीवन पर संकट आएगा तो मुंहतोड़ जवाब जरूर दिया जाएगा। उन्होंने देश के लोगों को भरोसा दिलाया कि भारतीय सेना और सुरक्षा बल किसी भी चुनौती के मुकाबले के लिये तैयार हैं। तब तक तैयार रहेंगे जब तक आतंक के अड्डे खंडहरों में तब्दील नहीं हो जाते। सीमाओं पर शांति इस बात पर निर्भर करेगी कि पाक आतंकवाद को लेकर क्या रवैया अपनाता है।

प्रधानमंत्री ने साहस एवं निर्भीकता से पाक की आतंकी मानसिकता को दुनिया के सामने उजागर किया। आतंक की सरपरस्त सरकार और आतंक के आकाओं को अलग-अलग नहीं देखा जाएगा। बुद्ध पूर्णिमा के दिन देश को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने साफ किया है कि यह युग युद्ध का नहीं है, लेकिन आतंकवाद का भी नहीं है। भारत सदियों से बुद्ध की संस्कृति व विचारों का पक्षधर रहा है। लेकिन शांति का रास्ता शक्ति के रास्ते से ही होकर जाता है और भारत ने अपनी शक्ति को दिखाते हुए न केवल पाकिस्तान को पस्त किया बल्कि दुनिया को चौंकाया भी है। बिना लाग-लपेट के प्रधानमंत्री ने साफ किया कि भारतीय शांति की नीति को कमजोरी न माना जाए, वक्त आने पर हम शक्ति दिखाने से भी नहीं चूकेंगे। अंधेरों को चीर कर उजाला की ओर बढ़ते भारत की महान यात्रा के लिये सबके जागने, संकल्पित होने एवं आजादी के अमृतकाल काल को अमृतमय बनाने के लिये दृढ़ मनोबली एवं सकारात्मक होने का आह्वान है।

मोदी ने भारतीय वैज्ञानिकों की मेधा को सराहते हुए कहा कि सर्जिकल स्ट्राइक ने बता दिया है कि भारत आधुनिक तकनीक से युद्ध के लक्ष्यों को हासिल करने में सक्षम है। भारत ने स्वदेशी प्रयासों व आत्मनिर्भरता के संकल्प के साथ देश को सुरक्षा कवच देने में कामयाबी हासिल की है। ये तकनीकें इक्कीसवीं सदी की सामरिक चुनौतियों का मुकाबला करने में सक्षम हैं। पाक द्वारा विश्व शक्तियों से हासिल मिसाइलों व ड्रोन को भारतीय वायु प्रतिरक्षा तंत्र ने जिस तरह नाकाम किया, उसने भारत के रक्षा उत्पादों की विश्वसनीयता पर मोहर लगाई है। हम न्यू इरा के वारफेयर मानकों की कसौटी पर खरे उतरे हैं। जो मेड इन इंडिया हथियारों की विश्वसनीयता को वैश्विक स्तर पर स्थापित करेगा। हमें आने वाले कल के लिए संघर्ष करना है। हमें विश्व की ओर ताकने की आदत छोड़नी होगी, राजनीतिक संकीर्णता से भी ऊपर उठना होगा, जिन्हें भारत पर विश्वास है, अपनी संस्कृति, अपनी बुद्धि और विवेक पर अभिमान है, उन्हें कहीं अंतर में अपनी शक्ति का भान है, वे जानते हैं कि भारत आज पीछे पीछे चलने की मानसिकता से मुक्ति की ओर कदम बढ़ा चुका है और ये स्थितियां हमने पाक के खिलाफ एक्शन में देख ली है।

जब हमारी संप्रभुता और नागरिकों के जीवन पर संकट आएगा तो मुंहतोड़ जवाब जरूर दिया जाएगा। उन्होंने देश के लोगों को भरोसा दिलाया कि भारतीय सेना और सुरक्षा बल किसी भी चुनौती के मुकाबले के लिये तैयार हैं।

तब तक तैयार रहेंगे जब तक आतंक के अड्डे खंडहरों में तब्दील नहीं हो जाते। सीमाओं पर शांति इस बात पर निर्भर करेगी कि पाक आतंकवाद को लेकर क्या रवैया अपनाता है। उन्होंने देश की माता-बहनों और बेटियों को आश्वस्त किया कि सरकार का ऑपरेशन सिंदूर उनकी अस्मिता व सुरक्षा के लिये समर्पित था। उस पर किसी कीमत पर आंच नहीं आने दी जाएगी। यह उद्बोधन भारत की भावी सुरक्षित एवं सशक्त दशा-दिशा रेखांकित करते हुए उसे विश्व की महाताकत बनाने का आह्वान है। यह शांति का उजाला, समृद्धि का राजपथ, उजाले का भरोसा एवं महाशक्ति बनने का संकल्प है।

## लेटर टू एडिटर

### आत्मघाती अंधविश्वास

डिजिटल युग में भी समाज अंधविश्वास की जकड़ में है। फरीदाबाद में एक महिला ने तांत्रिक के कहने पर अपने बेटे को नहर में फेंक दिया। ऐसे ढोंगी तांत्रिक न केवल पैसा लूटते हैं, बल्कि अपराध भी करते हैं। सरकार को इन पर कड़ी कार्रवाई कर समाज में जागरूकता फैलानी चाहिए।

**-वीरेंद्र कुमार रांची**

### आयुर्वेद उत्थान

मोदी सरकार द्वारा 23 सितंबर को आयुर्वेद दिवस घोषित करना सराहनीय कदम है। यह समग्र चिकित्सा प्रणाली सस्ती, प्रभावी और साइड इफेक्ट रहित है। पहले यह दिवस धनतेरस को मनाया जाता था, पर अब नई तारीख अधिक उपयुक्त मानी गई। सरकार और आयुष मंत्रालय से अपेक्षा है कि इसका व्यापक प्रचार-प्रसार कर जनजागरूकता बढ़ाई जाए।

**– युगल किशोर, गढ़वा**

## ट्वीट

**जीवन** से संसार से परिवार से व्यापार से धर्म अलग हुआ तो धर्म एक बोझिल ड्यूटी मात्र रह जाती है और उसका पालन कुछ अनहोनी क्षति का भय या सामाजिक भय या झूठा दिखावा या आंतरिक लोभ के कारण किया जाता है। निष्कर्ष धर्म आनंदित प्रेमपूर्ण जीवन की विशुद्ध कला ही है जो इनविल्ट रहती है , वैसा जीवन जिसमें ज्ञान बोध युक्त होना प्रमुख होता है इसका श्रोत सद्गुरु की वाणी शास्त्र आत्मचिंतन एवं आचरण अभ्यास है इसी को धार्मिक आध्यात्मिक जीवन होना समझें और इसका परिणाम प्रेम शांति आनंद से भरपूर जीवन है।

जीवन से धर्म की मृत्यु हो जाएगी जीवन निरस बोझ बन जाएगा। **– दास ऋतेश्वर**

# वक्फ बाय यूजर और शत्रु संपति : मालिकाना हक सरकार का है

**डॉ मयंक**

सामयिक

वक्फ कानून को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चल रही है। इस्?लामवादियों ने देश के उच्चतम न्यायालय को 70 याचिकाओं के माध्?यम से बताना चाहा है कि केंद्र की मोदी सरकार जो वक्फ कानून में संशोधन लेकर आई है वह गैर संवैधानिक है। इसमें ह्यवक्फ बाय यूजर पर होने वाली जिरह बहुत महत्?व रखती है। न्?यायालय का केंद्र सरकार से तर्क है कि वक्फ बाय यूजर के जरिए तो हजारों साल से चली आ रही इस्?लामिक संपत्तियों का दर्जा खत्म हो सकता है, जिसके बाद सरकार ने विस्तार से इसका जवाब देने के लिए कोर्ट से एक सप्ताह का समय मांगा।

देखा जाए तो न्यायालय में चल रही वक्फ बाय यूजर की बहस ने आज भारत में शत्रु संपतियों की भी याद दिला दी है। वर्तमान में जो दो समानताएं वक्फ बाय यूजर और शत्रु संपति में दिखाई देती हैं, एक- यह कि अधिकांश सभी संपत्तियां विशुद्ध रूप से सरकारी हैं और जिन संपत्तियों को निजी बताया जा रहा है, उनमें अधिकांश के पास उसके कोई भी वैध दस्तावेज नहीं है। ऐसे में यदि किसी का हक इन पर हो सकता है तो वह सरकार है। सरकार ने बताया है कि प्रबंधन और धार्मिक मामले अलग-अलग हैं। संपत्ति के प्रबंधन और धार्मिक मामलों से जुड़े मामलों के बीच फर्क करना होगा। संपत्ति का प्रबंधन ऐसा काम है जिसका धर्म या संप्रदाय से कोई ताल्लुक नहीं है। बोर्ड और वक्फ परिषद यह काम कर रहे हैं।

अब कोई कह सकता है कि वक्फ बोर्ड भी तो मुसलमानों का मजहबी मामले में स्थापित एक निकाय है। हिन्दुओं या अन्य किसी गैर मुसलमान के धार्मिक ट्रस्ट की तरह। पर देखा जाए तो ऐसा बिल्कुल नहीं है। वक्?फ की अवधारणा के अनुसार वक्फ की गई संपत्ति का उपयोग सिर्फ परोपकार के काम में हो सकता है लेकिन आज व्यवहार में ज्यादातर वक्फ संपत्तियों का उपयोग व्यवसायिक होना पाया गया है। जिसके चलते यह बात स्पष्ट होती है कि वक्फ बोर्ड आज इस्लाम के नाम पर संपत्त अर्जित करने का माध्यम है, जो जब चाहे तब किसी भी संपत्त पर अपना दावा ठोक देता है। इसलिए यह वक्फ बोर्ड विवादों में आया, जिसके चलते केंद्र सरकार को इसमें संशोधन करने की आवश्यकता पड़ी।

कुल मिलाकर यह सिर्फ महजबी मामला नहीं क्योंकि वक्फ बोर्ड नियम के अनुसार ऐसा नहीं है कि आने वाले समय में वक्फ बोर्ड किसी संपत्ति पर अपना दावा करना छोड़ देगा। हां, अब इसमें इतना जरूर होगा कि यदि वह पूर्व की भांति किसी भी संपत्ति पर अपना दावा करता है तो उस संपत्ति को उसे नए नियमों के अनुसार कागजों पर स्थापित करना होगा। पाकिस्तान जाने वाले भारत छोड़ते वक्त जो संपत्तियां वक्फ कर गए, उन सभी संपततियों पर वर्तमान में वक्फ बोर्ड का अधिकार है। इसी तरह से ज्यादातर इस्लामिक बादशाहों की बनवाई इमारतों पर वक्फ अपना अधिकार जताता है, लेकिन ये दोनों ही प्रकार की संपत्तियां पूरी तरह से सरकारी हैं। क्योंकि बादशाहों के समय जो इमारतें देश में बनी, उनके शासन के हटते ही समय-समय पर अन्य तत्कालीन शासकों के अधीन वे रहती आई हैं। पुर्तगाली, डच, फ्रांसिसी, अंग्रेज आए, स्वतंत्र राजा-महाराजाओं की सत्ता भी रहीं, फिर उसके बाद शासन भारत सरकार का आया, नए सिरे से संविधानिक प्रावधान 1950 से लागू हुए। ऐसे में समय के साथ स्वभाविक तौर पर जमीन का मालिकाना हक बदलता रहा। आज यह सभी भूमि-भवन सरकार की मिल्कीयत हैं, पर वर्तमान में अनेकों पर वक्फ बोर्ड का कब्जा है और वह उनसे धन कमा रहा है। इनमें आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (अरक) की 256 संरक्षित इमारतें भी शामिल हैं। इतना ही नहीं ईसाई एवं अन्य धर्म, संप्रदाय की भूमि एवं भवन पर भी इसने कई राज्यों में दावा कर रखा है। आज विवाद का कारण यही है, जैसा कि संसद में पेश हुई संयुक्त संसदीय कमेटी की रिपोर्ट में बताया गया, वक्फ बोर्ड ने पूरे देश में 58,000 से ज्यादा संपत्तियों पर कब्जा कर रखा है।

इतिहास से कैसे ये वक्फ बोर्ड खिलवाड़ कर रहा है, इसको आप दिल्ली की कुतुब मीनार क्षेत्र, सुंदरवाला महल, बाराखंभा, पुराना किला, लाल बंगला, कर्नाटक का बीदर किला, कलबुर्गी स्थित गुलबर्ग किले को अपना बताए जाने की मानसिकता से समझ सकते हैं। वहीं, इसने कई प्राचीन जामा मस्जिदें, सूफी-संतों की दरगाहें और गुंबदों पर भी दावा कर रखा है। रेलवे की 2704 वर्ग मीटर जमीन पर वक्फ बोर्ड ने कब्जा कर लिया है। जयपुर रेलवे स्टेशन की 45.9 वर्ग मीटर और जोधपुर रेलवे स्टेशन की 131.67 वर्ग मीटर जमीन को भी वक्फ संपत्ति घोषित कर दिया गया है। वर्तमान में वक्फ बोर्ड की जमीन 9.4 लाख एकड़ जमीन में फैली है।

# पाकिस्तान को बेलआउट पैकेज देना गलत

**चेतनादित्य आलोक**

सामयिक

पाकिस्तानी सेना अब स्पेशल इन्वेस्टमेंट फैसिलिटेशन काउंसिल में भी बड़ी भूमिका निभाने लगी है, जो इस बात का प्रमाण है कि पाकिस्तान में हालात अभी भी सुधरे नहीं हैं, बल्कि दिनोंदिन और बद से बदतर ही होते जा रहे हैं।

भारत और पाकिस्तान के बीच जारी भीषण तनाव के बावजूद अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष यानी इंटरनेशनल मानेटरी फंड (आईएमएफ) की ओर से पाकिस्तान के लिए बेलआउट पैकेज को मंजूरी दे दी गई। इसके कारण इस क्षेत्र में तनाव बढ़ने की आशंका बनी हुई है। देखा जाए तो भारत की यह आशंका निराधार और निरर्थक भी नहीं, क्योंकि यह जगजाहिर हो चुका है कि पाकिस्तान की आर्थिक नीतियों में उसकी सेना की दखलंदाजी काफी ज्यादा रहती है। साथ ही, पिछले लंबे समय से ऐसे प्रमाण भी लगातार मिलते रहे हैं कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से मिलने वाली किसी भी प्रकार की आर्थिक मदद का इस्तेमाल पाकिस्तान भारत के विरूद्ध आतंकवादियों को पालने-पोसने एवं आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा देकर निर्दोष लोगों की हत्या कराने के लिए करता रहा है। समय-समय पर इसके प्रमाण मिलते भी रहे हैं। फिलहाल, इसका ताजा उदाहरण पहलगाम के बैसरण घाटी की वह दिल दहला देने वाली घटना है, जिसमें आतंकियों ने 26 निर्दोष पर्यटकों की उनके परिवार वालों विशेषकर स्त्रियों और बच्चों के समक्ष उनका धर्म पूछ-पूछकर अत्यंत बेरहमी से हत्या कर दी थी। वैसे, 2021 में संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में भी इस बात का खुलासा हो चुका है कि पाकिस्तान एक प्रकार से सेना आधारित व्यापार करने वाला देश है, जो दान तथा ऋण में मिले रुपयों का उपयोग भारत के विरूद्ध आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा देने में करता रहा है।

इतना ही नहीं, पाकिस्तानी सेना अब ह्यस्पेशल इन्वेस्टमेंट फैसिलिटेशन काउंसिलह्ल में भी बड़ी भूमिका निभाने लगी है, जो इस बात का प्रमाण है कि पाकिस्तान में हालात अभी भी सुधरे नहीं हैं, बल्कि दिनोंदिन और बद से बदतर ही होते जा रहे हैं। वहीं, पिछले दिनों पाकिस्तानी सेनाध्यक्ष मुल्ला आसिम मुनीर का भाषण सुनने के बाद तो यह भी बिल्कुल स्पष्ट हो गया कि पाकिस्तानी सेना एक पेशेवर सेना नहीं, बल्कि जिहादियों जैसी भाषा बोलने और व्यवहार करने वाला एक धार्मिक संगठन मात्र है, जिसकी कमाई का मुख्य आधार व्यापार है। ऐसे में आईएमएफ से मिलने वाली आर्थिक मदद के कारण भारत के विरूद्ध इस क्षेत्र में सैन्य एवं आतंकी आक्रामकता और क्रूरता का जोखिम पैदा होने की आशंका बढ़ गई है। देखा जाए तो भारत ने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को अपनी इन्हीं चिंताओं से अवगत कराते हुए यह निवेदन किया था कि पाकिस्तान की आर्थिक हालत सुधारने के नाम पर उसके द्वारा मांगा जाने वाला ऋण आईएमएफ की ओर से मंजूर नहीं किया जाना चाहिए।

भारत ने विरोध स्वरूप 09 मई को आईएमएफ के एक्सटेंडेड फंड फैसिलिटी (ईएफएफ) लेंडिंग प्रोग्राम पर मतदान भी नहीं किया, जिसमें पाकिस्तान के लिए 01 अरब डॉलर के ईएफएफ लेंडिंग और 1.3 अरब डॉलर के नए लोन पर आईएमएफ द्वारा विचार किया जाना था। भारत की ओर से इस दौरान पाकिस्तान में आईएमएफ कार्यक्रमों की प्रभावशीलता पर अपनी चिंता प्रकट करते हुए अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के समक्ष स्पष्ट शब्दों में कहा भी था कि पाकिस्तान लोन फाइनेंसिंग का इस्तेमाल सीमा पार (मुख्यतः भारत में) आतंकवाद के लिए कर सकता है। इसके बावजूद आईएमएफ ने 09 मई को 02 साल की अवधि के लिए पाकिस्तान को 1.3 अरब डॉलर का नया ऋण प्रदान कर ही दिया।

**सिरम टोली से मेकॉन चौक रांची तक केबल ब्रिज का काम पूरा हो चुका है। सुरक्षा जांच के बाद इसके शुभारंभ मई-जून में संभव है। रांची शहर के यातायात को यह सुगम बनायेगा। फोटो- अजय सानी**



## कार्टून वर्ल्ड



## स्पीड न्यूज

### रोटरी क्लब ने उरीमारी में दिव्यांगों को दिया व्हीलचेयर व श्रवण यंत्र



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** लघु उद्योग भारती रामगढ़ के सौजन्य से रोटेरियन प्रवीण शर्मा और परमजीत सिंह धामी ने शुक्रवार को उरीमारी के गरसुल्ला में दिव्यांग के बीच व्हीलचेयर और श्रवण यंत्र का वितरण किया। उन्होंने कहा कि यह सहायता विशेष रूप से उन लाभुकों के लिए थी जो गरसुला गांव जैसे दूरदराज के क्षेत्रों से आते हैं और पुरी तरह से असमर्थ हैं, जिनके लिए रामगढ़ तक पहुंचना बेहद कठिन था। इन लाभुकों की सहायता के लिए रोटरी क्लब ऑफ भुरकुंडा ने मानवीय पहल करते हुए व्यक्तिगत रूप से इनसे संपर्क किया और उनके घर जाकर व्हीलचेयर सौंपा। रोटरी क्लब भुरकुंडा ने लघु उद्योग भारती रामगढ़ के इस नेक कार्य के लिए आभार प्रकट किया है और आश्वस्त किया है कि भविष्य में भी ऐसे सेवा कार्यों में उनका पूर्ण सहयोग बना रहेगा।

### तोपा प्रबंधन व बुद्धिजीवी मंच में वार्ता



**कुजू।** विभिन्न मांगों को लेकर लोकल विस्थापित प्रभावित बुद्धिजीवी मंच द्वारा सौंपे गये आवेदन के आलोक में शुक्रवार को तोपा प्रबंधन के साथ वार्ता हुआ। आवेदन में 1980 में भुमि अधिग्रहन होने बाद आज तक सभी रैयतों को नौकरी व मुवाबजा प्रबंधन के द्वारा नहीं देने, संविदा निकलने से यहां के लोकर ठेकेदार जिनका जीविकोपार्जन चलता था उसके जगह पर बडी संविदा निकाल उन्हे वंचित रखा जा रहा है, रोड सेल में कोयला उत्पादन का बहुत कम प्रतिशत ही रोड सेल में दिया जा रहा है, शादी विवाह व श्राद्धकर्म में जलावन के लिए कोयला उपलब्ध कराने, तोपा में चल रहे जर्जर बस के जगह पर दो नए बस का संविदा निकाल कर चलाने, जिससे छोटे बच्चे व बड़े स्कुली बच्चों को ससमय बस की सेवा उपलब्ध हो सके। वार्ता में तोपा पीओ एमके सिंह, मैनेजर चंद्रवीर नारायण, सेल आफिसर आलोक,पर्सनल ऑफिसर अमित साडंगी, विद्युत व यांत्रिक पदाधिकारी आकाश कुमार सिंह, भूमि व राजस्व पदाधिकारी निलेश कुमार, डाडी जिप सदस्य सर्वेश कुमार सिंह आदि शामिल थे।

### भुरकुंडा में निकाली गयी कलश यात्रा



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सयाल मोड़ स्थिल शीतला मंदिर प्रांगण में विराजमान मां दक्षिणेश्वरी काली मंदिर के 25वें स्थापना दिवस के अवसर पर शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा के साथ तीन दिवसीय यज्ञ शुरू हुआ। यज्ञ 16 से 18 मई तक चलेगा। शुक्रवार को सुबह कलश यात्रा में भारी संख्या में श्रद्धालु महिला-पुरूष व बच्चे शामिल हुए। कलश यात्रा मां शीतला मंदिर से प्रारंभ होकर पटेलनगर, भुरकुंडा बाजार, हॉस्पिटल कॉलोनी होते हुए छठ मंदिर नलकारी नदी तट पहुंची। जहां पुरोहित द्वारा पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलशों में जल भरवाया गया। तत्पश्चात कलश यात्रा वापस मंदिर लाया गया और विधिवत स्थापना की गई। कलश यात्रा में पूर्व जिप उपाध्यक्ष सह यज्ञ समिति के सचिव मनोज राम, अध्यक्ष रोशन नायक, कोषाध्यक्ष राजन नायक, विनोद सिंह, उत्तम सिन्हा, विजय वर्णवाल, विजय वर्मा,कविता देवी, पुनम देवी सहित दर्जनों श्रद्धालु शामिल हुए।

### कम मार्क्स भविष्य में बाधक नहीं



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्री अग्रसेन स्कूल, भुरकुंडा के प्राचार्य विवेक प्रधान ने कहा कि छात्रों और अभिभावकों से कहा कि हमें समझना होगा कि आपके तनाव पालने से सीबीएसइ का रिजल्ट बदल नहीं सकता है। जो भी आया है और जितना आया है उसे सहर्ष स्वीकार करें। भविष्य में आगे के लक्ष्य पर फोकस करें। न खुद तनाव लें, न ही बच्चे को तनाव में जाने दें। प्रधान ने कहा कि कम मार्क्स भविष्य निर्माण के लिए कोई बाधक नहीं है। ये बात आप भी समझें और बच्चे को भी आश्वस्त करें। मनपसंद कॉलेज में एडमिशन नहीं होगा, लेकिन उससे एक पायदान नीचे के कॉलेज में भी एडमिशन हुआ और अच्छे से पढ़-लिख लिए तो यकीन मानिए बात बराबर होगी।

### लोकप्रिय हो रहा सेल्फ स्पेस लाइब्रेरी



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पटेलनगर भुरकुंडा स्थित एसबीआई बैंक के समीप थर्ड फ्लोर पर संचालित सेल्फ स्पेस लाइब्रेरी विद्यार्थियों के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रही है। यह लाइब्रेरी युवाओं को न केवल अध्ययन के लिए शांत और सकारात्मक माहौल प्रदान कर रही है, बल्कि उनमें एकाग्रता, आत्मनिर्भरता और प्रेरणा का संचार भी कर रही है। लाइब्रेरी का प्रबंधन कर रहे आशीष कुमार, राहुल वर्मा और सतीश वर्मा ने बताया कि आज के प्रतिस्पर्धी दौर में सफलता प्राप्त करने के लिए सेल्फ स्टडी सबसे अहम है। इसी सोच को साकार रूप देते हुए यह लाइब्रेरी युवाओं के लिए एक ऐसा मंच बन गई है जहां वे बिना किसी बाधा के अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर हो सकते हैं। स्थानीय स्तर पर विद्यार्थियों के बीच इस लाइब्रेरी के प्रति विश्वास दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। सुबह से शाम तक यहां सैंकड़ों छात्र-छात्राएं पूरी लगन के साथ पढ़ाई करते हैं। संस्था के निदेशक आशीष कुमार ने कहा कि हमारा प्रयास है कि विद्यार्थियों को एक ऐसा माहौल मिले, जहां वे खुद से जुड़ सकें, अपने लक्ष्य के प्रति सजग रहें और शिक्षा के महत्व को समझें।

# हजारीबाग पुलिस आरोगंट या सर्विंग

## जूनियर्स को डीआइजी और एसपी से सिखने की जरुरत

अभय कुमार सिंह





**हजारीबाग।** हजारीबाग पुलिस में सुधार की जरुरत है। ड्रग्स पेड्लर के खिलाफ कार्रवाई में मिली सफलताओं के बावजूद, कुछ पुलिस थानों में चल रही 'सेटिंग' ने जिले की कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। हाल के दिनों में हजारीबाग पुलिस ने कुछ ड्रग्स पेड्लर को धर दबोचा है। इस पर पुलिस की तारीफ होनी चाहिए, लेकिन जिले के कुछ थाना अब सेटिंग के अड्डे बन गए हैं। कहीं कोयला माफिया की सेटिंग चल रही है, तो कहीं जमींन विवाद को लेकर 'समझौता'। यहाँ तक कि सूदखोरों के लिए भी थानों में 'सेटिंग' का धंधा फल-फूल रहा है। ऐसी बातें कई लोगो के जुबान से अक्सर सुनने को मिलता रहता है जिसमे सच्चाई भी है। सूत्र बताते है कि थानों में 'सेटिंग' इतनी आम हो चुकी है कि यदि आपका कोई रिश्तेदार वहां काम करता है, तो आपकी मुश्किलें यूं ही हल हो सकती हैं। थानों में पुलिसकर्मियों का रवैया आम आदमी के प्रति तानाशाह जैसा हो गया है। सोशल पोलिसिंग के नाम पर केवल कैंप लगाकर फोटो खिंचवाना महज दिखावा बनकर रह गया है। जब सभी जगह तीसरे आँख की निगहबानी है तो थानों के भी हर कोने को सीसीटीवी से लैस करने की जरुरत है। कौन कौन थाने में हर रोज आते जाते है, वहा कितने देर रुकते है, जाने के पीछे वजह क्या होती है इसकी जानकारी आलाधिकारियों को होनी चाहिए। बिहार में इसको लेकर कार्य भी शुरू हो गया है। डीआईजी संजीव कुमार व एसपी अरविन्द कुमार सिंह की कार्यशैली बाकी पुलिसकर्मियों के लिए मिसाल है। ये दोनों अधिकारी न सिर्फ जनता की बात सुनते हैं, बल्कि समस्या के हल के लिए कड़ी मेहनत भी करते हैं। जरूरत है कि थानों के जूनियर स्टाफ को इनसे ट्रेनिंग दिलाई जाए। उन्हें सिखाया जाए कि कैसे आम नागरिकों की बातों को गंभीरता से सुना जाए और संवेदनशीलता के साथ उनका समाधान किया जाए। खासकर संजीव कुमार को देखकर सिखने की जरुरत है कि कैसे इतने बड़े ओहदे पर होने के बावजूद वे डाउन टू अर्थ है। आज लोग थाना छोड़कर अपने समस्याओ के समाधान के लिए उनके पास जाना पसंद करते है। हजारीबाग पुलिस के आला अधिकारियों का मिजाज यदि हर थाने में दिखने लगे, तो जिले के कानून-व्यवस्था में क्रांतिकारी बदलाव आ सकता है। वर्ना थानों की सेटिंग सिस्टम जनता के विश्वास को रौंदती रहेगी और अपराधी बेखौफ अपना खेल खेलते रहेंगे।

# वीर सैनिकों के सम्मान में भाजपा ने रामगढ़ में निकाली तिरंगा यात्रा

### ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत की सैन्य शक्ति को पूरी दुनिया ने देखा : राकेश प्रसाद

खबर मन्त्र संवाददाता




**रामगढ़।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर देश के वीर सैनिकों के सम्मान में शुक्रवार को रामगढ़ में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई।

झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद ने कहा कि भारतीय सेना के शौर्य व पराक्रम की दास्तान ऑपरेशन सिंदूर की गूंज के साथ रामगढ़ में निकली भव्य तिरंगा यात्रा राष्ट्रभक्ति, वीरता और सम्मान का जीवंत उत्सव है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत की सैन्य शक्ति को दुनिया ने देखा। रामगढ़ जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता के नेतृत्व में भव्य तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा शुक्रवार को 10 बजे रामगढ़ प्रखंड कार्यालय परिसर से बिजुलिया ,फुटबॉल ग्राउंड, सुभाष चौक होते हुए जैन मंदिर तक किया गया। राजू चतुर्वेदी ने बताया कि यह यात्रा हाल ही में भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा सफलतापूर्वक चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक विजय को समर्पित रही।

विधायक रोशन लाल चौधरी ने ऑपरेशन सिंदूर में भाग लेने वाले वीर सैनिकों, वायु सेना ,नौसेना और सभी सुरक्षा बलों को नमन करते हुए कहा कि भारत ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया कि वह आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करने में पूरी तरह सक्षम है। विधायक तिवारी महतो ने कहा कि तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा के माध्यम से हम सबने सैनिकों के प्रति कृतज्ञता प्रकट किया। सिंदूर की रक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता और मजबूत इरादों को दुनिया ने देखा है। यह तिरंगा यात्रा भारत के शौर्य और सेना के अदम्य साहस को समर्पित है। आतंकवाद के विरुद्ध इस लड़ाई में तिरंगा हमारी एकता, हमारी अखंडता का परिचायक है।

तिरंगा यात्रा में प्रदेश प्रवक्ता अविनेश कुमार,रामगढ जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, जिला प्रभारी शशि भूषण भगत, रंजीत कुमार सिन्हा, प्रदेश कार्य समिति सदस्य अमरेन्द्र कुमार गुप्ता,रणंजय कुमार, डॉ संजय कुमार सिंह , डॉ संजय प्रसाद सिंह,विनोद राम, दिलीप कुमार दांगी, सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल, प्रिया करमाली अंकित सिंह व एनसीसी कैडट्स के छात्र -छात्राएं शामिल हुए।

### एसडीओ और सेटलमेंट अफसर के बिना चल रहा है हजारीबाग जिला

**हजारीबाग।** जिला इस समय गंभीर प्रशासनिक संकट का सामना कर रहा है। जिले के डीटीवो वैद्यनाथ कामती को एसडीओ का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है, लेकिन स्थायी नियुक्ति अब तक नहीं हुई है। दूसरी ओर, सेटलमेंट अफसर इंदू गुप्ता 31 जनवरी 2025 को सेवानिवृत्त हो गईं, जिसके बाद से यह पद खाली है। पिछले चार महीनों से कोई भी अधिकारी इस पद का प्रभार लेने सामने नहीं आया है। सेटलमेंट ऑफिस के बड़ा बाबू मनीष मोहन ने इस संबंध में कहा कि अधिकारी के नहीं होने से ऑफिस के दैनिक कार्यों में थोड़ी परेशानी आ रही है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि बंदोबस्त कार्यालय के कामकाज में कोई बड़ी बाधा नहीं आई है। इस स्थिति पर हजारीबाग की उपायुक्त नैंसी सहाय ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, सेटलमेंट अफसर की नियुक्ति के लिए कमिश्नर से बातचीत करूंगी। यह नियुक्ति राज्य स्तर से होती है। जल्द ही इस समस्या का समाधान किया जाएगा। एसडीओ के पद पर भी नियुक्ति के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

### बीडीओ ने अबुआ आवास का किया औचक निरीक्षण



**कुजू।** कुजू पश्चिमी पंचायत में आधे दर्जन अबुआ आवास का मांडू बीडीओ रितिक कुमार ने शुक्रवार को औचक निरीक्षण किया। बीडीओ ने पंचायत क्षेत्र में करीब छह लाभुक दुर्गा नायक, सुमित्रा देवी, रश्मि कुमारी, सुमन देवी, सुषमा देवी, चंद्रिका देवी को जल्द से जल्द मिले किश्त के अनुसार निर्माण कार्य में तेजी लाकर पूर्ण करने का निर्देश दिया। कार्य नहीं पूर्ण करने पर मिली राशि को अविलंब वापस करने की बात कही। मौके पर ब्लॉक कोऑर्डिनेटर कमल कुमार साव, पंचायत सेवक शशि किरण समेत कई अधिकारी शामिल रहे।

## रामगढ़ में 680 बोतल नकली शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



रामगढ़। रामगढ़ पुलिस ने 680 बोतल नकली शराब बरामद किया। इस मामले की जानकारी शुक्रवार को रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। एसपी अजय कुमार ने बताया कि एक सफेद रंग की स्कॉर्पियो बी आर 01 पी बी 6620 से अवैध नकली शराब की तस्करी होने की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर रामगढ़ थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिंह के नेतृत्व में एक टीम गठित कर छापेमारी शुरू की गई। राष्ट्रीय राजमार्ग 33 पर वाहन चेकिंग अभियान के दौरान मायाटुंगरी मंदिर के सामने सफेद रंग का स्कॉर्पियो को आते देख रूकने का ईशारा किया तो वाहन का चालक पुलिस को देखकर वाहन खड़ा कर भागने लगा। पुलिस ने वाहन चालक को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार व्यक्ति बिहार राज्य के मुजफ्फरपुर जिला अंतर्गत सकरा थाना क्षेत्र निवासी अशोक कुमार से पुलिस ने पूछताछ की। उसने बताया कि वह नकली शराब की तस्करी अपने दोस्तों के साथ मिलकर कई महीनो से कर रहा था। उसने अपने स्कॉर्पियो में ही शराब रखने के लिए अलग से बॉक्स बना रखा था ताकि पुलिस को पता ना चले। पुलिस ने उसे गाड़ी से 8 पीएम प्रीमियम ब्लैक सुपीरियर व्हिस्की 180 एमएल की 680 पीस बरामद की है। उन सभी बोतलों पर फोर सेल इन उत्तर प्रदेश ऑन लिखा हुआ था। छापामारी में थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिंह, पुअनि बीरबल हेम्ब्रम, पुअनि उपेन्द्र कुमार, पु अनि दीपक रजक, आरक्षी 226 जितेन्द्र कुमार साहु, गृहरक्षक अजय करमाली, संतोष कुमार, पंचानन महतो शामिल थे।

### दीक्षा एकेडमी में सम्मान समारोह आयोजित



**रामगढ़।** झंडा चौक स्थित दीक्षा एकेडमी में शुक्रवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लक्ष्मण कुमार और संचालन ललन कुमार ने किया। समारोह में सीबीएसई 10वीं और 12वीं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को बुके देकर स्वागत किया गया और उनका उत्साह बढ़ाया गया। लक्ष्मण कुमार ने कहा कि दीक्षा एकेडमी छात्र छात्राओं को गुणवता पूर्ण शिक्षा उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। कहा कि हमारी एकेडमी में बेहतर शैक्षिक माहौल होने के कारण यहां के विद्यार्थियों ने नीट और आईआईटी एडवांस में भी सफलता अर्जित कर संस्था का मान बढ़ाया है। साथ ही कई अन्य क्षेत्रों में भी यहां के छात्र छात्राओं ने सफलता प्राप्त की है।

# रामगढ़ के 425 आंगनबाड़ी केंद्रों में बनेगा भवन

खबर मन्त्र संवाददाता




### उपायुक्त ने 23 मई तक जमीन उपलब्ध कराने का दिया निर्देश

**रामगढ़ ।** रामगढ़ जिले में 15 नवंबर तक सभी आंगनबाड़ी के केंद्रों का अपना भवन होगा। शुक्रवार को समाहरणालय स्थित एनआईसी कक्ष में उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई बैठक। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खलखो ने जानकारी दी गई कि वर्तमान में रामगढ़ प्रखंड में 29, दुमली प्रखंड में 46, गोला प्रखंड में 41, चितरपुर प्रखंड में 42, मांडू प्रखंड में 111 एवं पतरातू प्रखंड में 156 आंगनबाड़ी केंद्रों में वर्तमान अपना भवन नहीं है। उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में सर्वे कर जमीन उपलब्ध कराने का कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। उपायुक्त द्वारा 23 मई तक कम से कम आधे आंगनबाड़ी केंद्रों के जमीन उपलब्धता से संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया वहीं मई के अंत तक सभी 425 आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए जमीन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त द्वारा जमीन उपलब्ध होने के उपरांत जुलाई महीने से सभी आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कार्य शुरू करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन का यह लक्ष्य है कि 15 नवंबर तक सभी 425 आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जाए एवं दिसंबर माह से सभी आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन शुरू कर दिया जाए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान उपायुक्त ने कहा कि अगर किसी कारणवश किसी क्षेत्र में आंगनबाड़ी केंद्र के लिए जमीन उपलब्ध नहीं हो पता है तो वैसी स्थिति में स्थानीय लोगों को जमीन दान करने के लिए प्रेरित किया जाए। जमीन दान करने वाले लोगों को जिला प्रशासन की तरफ से सम्मानित किया जाएगा।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान उपायुक्त ने वर्तमान में आंगनबाड़ी केंद्रों में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं यथा पेयजल, शौचालय, विद्युत आदि की समीक्षा करते हुए उनकी पर्याप्त उपलब्धता सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में सुनिश्चित करने को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## एक नजर में

### एमओ ने पीडीएस दुकानदारों के साथ की बैठक

बरही। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी (एमओ)संजय यादव ने शुक्रवार को प्रखंड के सभी जन वितरण प्रणाली दुकानदारों के साथ की बैठक। बैठक में एमओ ने दुकानदारों से 15 जून तक एक साथ दो माह का राशन वितरण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी विक्रेताओं को 15 दिनों के अंदर जून, जुलाई एवं अगस्त माह का राशन मिल जाएगा। उन्होंने कहा कि जून तक शेष केवाईसी को पूरा कर लें। बैठक में डीलरों ने कई जगहों पर नेटवर्क नहीं रहने की शिकायत की। बैठक में अध्यक्ष डोमन पांडे, सचिव केदार यादव, कोषाध्यक्ष सुकदेव साव, बंटी ठाकुर, संतोष केशरी, छोटेलाल राम, मो कयूम, राम-लखन यादव, नंदकिशोर कुमार, मंटू ठाकुर, किशोर ठाकुर, विद्या देवी, प्रदीप यादव, मो जहूर, चंद्रदेव रविदास, अर्जुन राम, प्रमेश्वर यादव समेत कई डीलर मौजूद थे।

### नकदी व आभूषण लूटने वाले दो गिरफ्तार

बरही। बरही पुलिस ने नशीला पदार्थ देकर लोगों से लूटपाट करने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया है। दोनों यात्री बस से रांची से पटना जा रहे थे। पुनि सह थाना प्रभारी आभाष कुमार ने बताया कि टिंकू स्वर्णकार, पिता मथुराचंद्र स्वर्णकार, ग्राम+पोस्ट ऑफिस भगतडीह, थाना झरिया जिला धनबाद ने आवेदन देकर शिकायत की थी कि वह कंपनी के काम से 03 .05 .2025 को पटना गया था। रात में वह चंद्रलोक टेबल्स बस संख्या बीआर-45 पी-3833 से रांची लौट रहा था, तभी पीछे की सीट पर बैठे दो लोग उससे बातचीत करने लगे। बातचीत के दौरान उन्होंने उसे पीने के लिए मैंगो कोल्ड ड्रिंक दिया। इसे पीने के बाद वह बेहोश हो गया। सुबह उसे रांची खादगढ़ा बस स्टैंड से इलाज के लिए सदर अस्पताल रांची ले जाया गया। टिंकू स्वर्णकार के बैग से कंपनी द्वारा कलेक्शन किए गए रुपए, पर्स और गले से दो अंगूठी तथा एक सोने का लॉकेट गायब हो गया था। सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद पिंटू स्वर्णकार ने दोनों व्यक्तियों की पहचान की थी। गुरुवार को उसने बरही थाना को लिखित सूचना दी कि सीसीटीवी फुटेज से पहचाने गए व्यक्ति आज सुबह पटना से रांची जा रहे थे। सूचना मिलने पर बरही चौक पर दोनों को पकड़ लिया गया। दोनों अपराधियों के पास से नशीला पदार्थ बरामद किया। अपराधी रंजीत कुमार गिरी, और रवि कुणाल,, ग्राम सहथा, थाना भगवानपुर, जिला वैशाली को पकड़ लिया।

### बरही में युवती ने किया विषपान गंभीर, रेफर

**बरही।** बेंदगी पंचायत के हासनदाग निवासी राजेंद्र यादव की 24 वर्षीय पुत्री ने विषपान कर लिया। जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई, सूचना मिलने पर परिजनों ने उसे बरही अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

### कटकमसांडी कोल साइडिंग ने रचा कीर्तिमान

**कटकमसांडी ।** कटकमसांडी रेलवे साइडिंग में चट्टी बरियातू कोयला खनन परियोजना ने 15 मई को 1000वें कोयला रैक की रवानगी कर नया कीर्तिमान स्थापित किया। परियोजना निदेशक पवन रावत ने कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि एनटीपीसी के योगदान से देश का हर चौथा बल्ब रौशन है। कार्यक्रम में सारणेश्वर ट्रांसपोर्ट कोल प्राइवेट लिं के मालिक आशुतोष सिंह ने बिरहोर टंडा के बच्चों को मिठाई वितरित की और आदिम जनजाति के लिए शौचालय, पानी और आवास देने का आश्वासन दिया।

### डांटो कला सरकारी विद्यालय में बैग वितरित

**कटकमसांडी।** कटकमसांडी प्रखंड के पंचायत डांटो खुर्द अंतर्गत डांटो कला नव प्राथमिक विद्यालय में सैकड़ों बच्चों के बीच स्कूली बैग वितरण शुक्रवार को किया गया। वितरण की शुरूआत कटकमसांडी के पूर्व विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा और पंचायत समिति सदस्य ने किया । साथ ही साथ उपस्थित बच्चों को स्वादिष्ट भोजन खिला कर के प्रोत्साहित किए।मौके पे स्कूल प्रबंधन समिति ओर उपस्थित शिक्षक मौजूद थे।

### अंचल कार्यालय में मलकोको के ग्रामीणों का धरना

बरही। मलकोको गांव की एक असहाय महिला सुदामा देवी पति स्व जागेश्वर रविदास को न्याय दिलाने के लिए ग्रामीणों ने अंचल कार्यालय के समक्ष धरना दिया। धरना के बाद सीओ को आवेदन दिया गया जिसमें असहाय महिला सुदामा देवी पति स्व जागेश्वर रविदास का आंबेडकर आवास प्रशासन की देखरेख में निर्माण कराने और सुदामा देवी को आवास के अतिरिक्त जीविकोपार्जन के लिए भूमि देने की मांग की गई है। धरना में मलकोको गांव के ग्रामीणों के आलावा एमआईएमआईएम के बरही विधानसभा प्रभारी सूरज दास, गुलाब दास, शंकर दास, लखन दास और रामसुंदर दास शामिल थे। सभी ने बताया कि मलकोको गांव की सुदामा देवी पति स्व जागेश्वर रविदास असहाय महिला है। मलकोको के सरकारी स्कूल में रहती है। तीन वर्ष पूर्व अंचल कार्यालय ने आंबेडकर आवास निर्माण के लिए दो डिसमिल जमीन दी है। उस जमीन पर वह जब भी आवास निर्माण करने जाती है गांव के अलिबक्स अंसारी उसे काम करने से रोक देते हैं। प्रशासन से बार बार सहायता की अपील करने पर भी कोई मदद नहीं मिलती है।

### एमओ ने पीडीएस डीलरों के साथ की बैठक

विष्णुगढ़। विष्णुगढ़ प्रखंड सभागार में प्रखंड के सभी पीडीएस डीलर के साथ प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी विष्णुगढ़ ने की बैठक । बैठक में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत माह अगस्त तक की अवधि के लिए खाद्यान्न के अग्रिम उठाव एवं वितरण के संबंध में प्राप्त दिशा निर्देश के अनुपालन के संबंध में विक्रेताओं को निर्देशित किया गया डोर स्टेप डिलीवरी अभिकर्ता को गाड़ी बढ़ाते हुए ससमय खाद्यान्न का उठाव करने का निर्देश दिया गया विक्रेताओं को अग्रिम उठाव से संबंधित भंडारण में समस्या आने पर वैकल्पिक व्यवस्था बनाते हुए कार्यालय को इसकी सूचना देने के उपरांत वैकल्पिक स्थान पर खाद्यान्न भंडार करने का निर्देश दिया गया। लाभुकों की सूची 30 मई तक विक्रेताओं को जमा करने का निर्देश दिया गया, तथा ई केवाईसी वीक के दौरान डोर टू डोर विजिट में चिन्हित वैसे लोगों जिनका ई केवाईसी नहीं हो सका है से संबंधित प्रतिवेदन विक्रेताओं को अविलंब समर्पित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में जन वितरण विक्रेता संघ के प्रखंड अध्यक्ष टेकोचंद महतो, सचिव शंभू नाथ पांडे उपाध्यक्ष तापेश्वर रजक, कोषाध्यक्ष चेतलाल महतो, उमेश पांडे, गोविंद पटेल, भोला प्रसाद, चंदेश्वर महतो, शिव शंकर प्रसाद, गायत्री महिला मंडल एवं अन्य सभी जन वितरण प्रणाली विक्रेता उपस्थित थे।

### दुबई से आज आयेगा प्रवासी मजदूर का शव

हजारीबाग। विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत सारुकुदर पंचायत के झपाटांड गांव के प्रवासी मजदूर महावीर महतो का दुबई से आज शव आयेगा। शुक्रवार दोपहर ढाई बजे कोलकाता एयरपोर्ट पर शव पहुंचा। शुक्रवार रात तक शव के गांव पहुंचने की संभावना है। महावीर महतो का शव पिछले 40 दिनों से दुबई में पड़ा हुआ था।6 अप्रैल को उसकी वहां मौत हो गई थी। सिकंदर अली ने बताया कि पीड़ित परिजनों को कंपनी के द्वारा मुआवजा के रूप में साढ़े 16 लाख रुपए दिए जाने की सहमति बनी है। फिलहाल चार लाख 39 हजार रुपए पत्नी के बैंक खाते में ट्रांसफर कर दिया गया है।61 हजार रुपए आज भेजी जाएगी।बाकी बीमा की राशि 11 लाख 50 हजार रुपए 2 से 4 महीने के अंदर भेजी जाएगी।

### बरही में डेंगू के लिए चला जागरूकता अभियान

**बरही।** बरही अनुमंडलीय अस्पताल में डीएस डॉ. प्रकाश ज्ञानी के नेतृत्व में और उत्क्रमित उच्च विद्यालय खोड़हर में डॉ. सुनील यादव के नेतृत्व में डेंगू से बचाव के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें मुख्य रूप से डीआरसीएचओ डॉ. डॉ. दीपक कुमार और डब्ल्यूएचओ से डॉ. दीपक कुमार शामिल हुए। इस दौरान डीएस डॉ. प्रकाश ज्ञानी ने कहा कि डेंगू का लार्वा मुख्य रूप से ठहरे हुए पानी में पैदा होता है। लेकिन मानसून शुरू होते ही लोगों में डेंगू की आशंका सबसे ज्यादा होती है। इसके लिए सामुदायिक स्तर पर लोगों को बीमारी के लक्षण, उपचार, बचाव और सावधानियों के बारे में जानकारी दी जाती है। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद थे।

## कोडरमा में केंद्रीय मंत्री और विधायक के नेतृत्व में निकली भव्य तिरंगा यात्रा

# ऑपरेशन सिंदूर हमारी सेना की शौर्यगाथा और सरकार की कूटनीतिक क्षमता का प्रतीक है : अन्नपूर्णा देवी

● ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सेना की वीरता और सरकार की प्रभावशाली विदेश नीति का परिणाम है : डॉ. नीरा यादव





खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** ऑपरेशन सिंदूर की अभूतपूर्व और ऐतिहासिक सफलता ने देश भर में गर्व और उत्साह की लहर फैला दी है। भारत की सैन्य शक्ति और कूटनीतिक दक्षता का प्रतीक बन चुका यह ऑपरेशन न केवल रणनीतिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण रहा, बल्कि इसने समूचे देश को एकता और आत्मविश्वास का नया संबल भी प्रदान किया। इसी गर्व और उत्साह को साझा करने के लिए कोडरमा जिले में शुक्रवार को एक विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में नागरिकों ने भाग लिया। यह यात्रा झुमरी तिलैया सुभाष चौक से प्रारंभ होकर स्टेशन रोड, झंडा चौक और नगर के विभिन्न हिस्सों से होते हुए महाराणा प्रताप चौक तक पहुंची। पूरे मार्ग में देशभक्ति के गीत गूंजते रहे और भारत माता की जय, वंदे मातरम जैसे नारों से आसमान गूंज उठा। इस भव्य आयोजन का नेतृत्व केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी और कोडरमा की विधायक डॉ. नीरा यादव, बरकट्ठा विधायक अमित यादव एवं जिला अध्यक्ष अनूप जोशी ने किया। कार्यक्रम के समन्वय और मार्गदर्शन की जिम्मेदारी जिला भाजपा अध्यक्ष अनूप जोशी ने बखूबी निभाई।

वहीं केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारत ने यह सिद्ध कर दिया कि अब देश की सुरक्षा और सम्मान से खिलवाड़ करने वालों को करारा जवाब मिलेगा। यह ऑपरेशन हमारी सेना की शौर्यगाथा और सरकार की कूटनीतिक क्षमता का प्रतीक है। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को इस निर्णायक और साहसिक निर्णय के लिए बधाई देती हूं।

वहीं डॉ. नीरा यादव ने ऑपरेशन सिंदूर को भारतीय सेना की वीरता और सरकार की प्रभावशाली विदेश नीति का परिणाम बताया। उन्होंने कहा आज का दिन इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा। यह सफलता न केवल हमारी सेना की ताकत को दर्शाती है, बल्कि यह भी प्रमाणित करती है कि भारत अब किसी भी चुनौती से पीछे नहीं हटता। यह हर भारतीय के लिए गर्व का क्षण है और हमें अपनी सेना तथा नेतृत्व पर गर्व है।

वहीं अमित यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की सेना को खुली छूट देकर पाकिस्तान में सैकड़ों आतंकवादियों को 72 हुरो के पास पहुंचा दिया। हिंदुस्तान में भी चुन चुन कर मारा जा रहा है। इसके लिए सेना के जवानों को बहुत-बहुत बधाई। वहीं जिला अध्यक्ष अनूप जोशी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने देश के कोने-कोने में आत्मगौरव की भावना को प्रबल किया है। यह विजय प्रत्येक नागरिक के भीतर राष्ट्रभक्ति की अग्नि को और प्रज्वलित करती है। कोडरमा की धरती इस महान क्षण की साक्षी बनकर स्वयं को धन्य मान रही है।

इस आयोजन में समाज के हर वर्ग से युवाओं, महिलाओं, छात्र-छात्राओं, सामाजिक संगठनों और नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। तिरंगे झंडों की लहराती कतारें, पारंपरिक वेशभूषा में देशभक्ति का प्रदर्शन करते बच्चे और महिलाओं के समूहों ने पूरे कार्यक्रम को एक सांस्कृतिक उत्सव का रूप दे दिया। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर कोडरमा में जिस प्रकार की एकजुटता और देशभक्ति का प्रदर्शन हुआ, वह यह दर्शाता है कि भारत अब केवल एक राष्ट्र नहीं, बल्कि एक विचार है। कोडरमा की यह तिरंगा यात्रा इस गौरवशाली क्षण की साक्षी बन गई, जो आने वाली पीढ़ियों को देश के लिए कुछ कर गुजरने की प्रेरणा देती रहेगी। कार्यक्रम में नितेश चंद्रवंशी, रवि मोदी, रमेश सिंह, राजकुमार यादव, देवनारायण मोदी, राजेश सिंह, विजय यादव, शिवेंद्र सिन्हा, चंद्रशेखर जोशी, सत्यनारायण यादव, सुरेश झांझरी, कैलाश चैधरी, प्रदीप केडिया, प्रदीप हिसारिया, नरेंद्र झांझरी, दिनेश सिंह, नरेंद्र पाल, पप्पू पांडेय, सुनील बडगवे, डॉ बीएनपी बर्णवाल, कृष्णा बृहपुरिया, सुजीत मेहता, प्रभाकर लाल रावत, महेश वर्मा, ईश्वर मोदी, संजय शर्मा, नवीन चैधरी, अनीता देवी, सुनीति सेठ, दीपा गुप्ता, सविता देवी, रामरतन महर्षि, सुनील जैन, सुनील जैन, सुशील जैन, हरि पंडित, पीयूष सहल, राजेश वर्मा, मनोज चंद्रवंशी, नीलू सिंह, अनुराग सिंह, राजीव तिवारी, सुनील सिंह, अजय पाठक, अरविंद एकघरा, अरविंद सिंह, अजीत चंद्रवंशी, सोनू चंद्रवंशी समेत सैकड़ों कार्यकर्ता तिरंगा यात्रा में शामिल हुए।

## जनता दरबार में उमड़ी फरियादियों की भीड़, डीसी ने जल्द समाधान का दिया आश्वासन



कोडरमा। उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के दूरदराज से आये ग्रामीणों ने बारी बारी से अपनी समस्याओं को रखा और आवेदन देकर उपायुक्त से उचित कार्रवाई करने की गुहार लगायी। वहीं उपायुक्त ने फरियादियों को जल्द से जल्द न्याय दिलाने का आश्वासन देते हुए, उनके आवेदनों को सम्बंधित विभाग के पदाधिकारियों को प्रेषित कर, मामले की जांच करते हुए, आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। शुक्रवार को आयोजित जनता दरबार में अवैध रूप से जमीन की घेराबंदी करने, जमीन हड़पने, धान का पैसा नही मिलने, पति द्वारा मारपीट करने आदि से सम्बंधित मामले आये।

## मुख्यमंत्री स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार पर कार्यशाला आयोजित



**कोडरमा।** पीएम श्री परियोजना बालिका उच्च विद्यालय में मुख्यमंत्री स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार पर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीएसई अजय कुमार ने मुख्यमंत्री स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार पर विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि जिले के सभी स्कूल इस कार्यक्रम में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। वहीं उन्होंने कहा कि सभी प्रधानाचार्य अपने अपने स्कूलों में एमएचएम लैब को बेहतर रूप से संचालित रखें, जरूरत पड़ने पर उसकी मरम्मत करवाएं, विद्यालय को साफ-सुथरा रखने, किचन को दुरुस्त रखने को कहा। राज्य समन्वय गौरव शर्मा ने तकनीकी सत्र में पीपीटी के माध्यम से स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार के अबतक की स्थितियों से अवगत कराया। वहीं लीड्स के सूरज कुमार ने मुख्यमंत्री स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार 2025-26 के सभी इंडिकेटर्स पर विस्तृत जानकारी दी। मौके पर प्रखण्डों के बीईईओ, बीपीओ, सीआरपी आदि मौजूद थे।

## मरकच्चो के 50 में से 12 सक्षम आंगनबाड़ी केंद्रों का किया गया भौतिक सत्यापन



**कोडरमा।** जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कनक कुमारी तिर्की ने मरकच्चो प्रखण्ड के 50 सक्षम आंगनबाड़ी केंद्रों में से 12 केंद्रों का भौतिक सत्यापन किया, वहीं सत्यापन के दौरान भवन केंद्र का संरचनात्मक की स्थिति, छत, फर्श, वेंटिलेशन की स्थिति, शौचालय की स्वच्छता, चापानल, दीवार लेखन, खेल सामाग्री, विकास चार्ट, पंजी संधारण, पोषण वितरण आदि बुनियादी सुविधाओं आदि का निरीक्षण किया गया।

## रेल टिकटों के अवैध व्यापार में दो युवक गिरफ्तार

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** गया-कोडरमा रेलखंड पर सीआइबी धनबाद और रेलवे सुरक्षा बल कोडरमा की टीम ने पहाड़पुर रेलवे स्टेशन के आरक्षित टिकट काउंटर पर संयुक्त रूप से छापेमारी की। इस कार्रवाई में दो लोगों को रेल टिकटों के अवैध कारोबार में संलिप्त पाये जाने पर रंगेहाथ गिरफ्तार किया गया। दोनों गिरफ्तार युवक पहाड़पुर बस्ती के रहने वाले हैं। गिरफ्तार युवकों की पहचान कमलेश कुमार साव एवं रोहित कुमार पासवान के रूप में हुई है। छापेमारी के दौरान उनके पास से 6360 रुपये मूल्य के दो अग्रिम रेल टिकट बरामद किये गये, जिनमें एक टिकट कोडरमा से मुंबई (सीएसएमटी) तथा दूसरा टिकट पहाड़पुर से नयी दिल्ली का था। आरपीएफ इंस्पेक्टर दीपक कुमार ने जानकारी दी हैं कि उन्हें रेल टिकटों के अवैध व्यापार की गुप्त सूचना मिली थी, इसके आधार पर तत्काल टिकट कटने के समय छापेमारी की गयी, जिसमें दोनों युवक अवैध रूप से टिकट बनाते पकड़े गये। पूछताछ में दोनों ने यह स्वीकार किया कि वे कभी-कभार टिकट बना कर 300 से 400 रुपये अधिक लेकर यात्रियों को बेचते थे। उनके खिलाफ रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट कोडरमा में कांड दर्ज कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इस मामले की जांच की जिम्मेदारी सउनि धर्मेंद्र कुमार दुबे को सौंपी गयी है, जो रेलवे सुरक्षा बल आउट पोस्ट, गुरपा से जुड़े हैं।

## अनुमंडल पदाधिकारी के नेतृत्व में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

● कहा- हमारा उद्देश्य नगर को अतिक्रमण मुक्त और व्यवस्थित बनाना है



खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** नगर परिषद के द्वारा शुक्रवार को अनुमंडल पदाधिकारी के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस अभियान के तहत कन्हैया मिष्ठान के समीप, स्टेशन रोड पर पुनः अवैध दुकानों और अतिक्रमणों को हटाया गया। अभियान के दौरान झंडा चौक से लेकर बाजार समिति मोड़ अड्डी बंगला तक सड़क किनारे दुकानों के आगे लगाए गए अवैध शेड भी हटाए गए।

अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह ने कहा कि हमारा उद्देश्य नगर को अतिक्रमण मुक्त और व्यवस्थित बनाना है। किसी भी हाल में अतिक्रमण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं ब्लॉक रोड में अतिक्रमण कर रखे दुकानों को अविलंब हटाने का भी निर्देश दिया है। प्रशासन द्वारा लगातार अभियान चलाया जाएगा और इसमें किसी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाएगी। नगर प्रशासक अंकित गुप्ता ने कहा कि अतिक्रमण के खिलाफ यह कार्रवाई जनता की भलाई के लिए है, ताकि शहर में यातायात की समस्या कम हो और हर कोई सुरक्षित तरीके से अपनी यात्रा कर सके। यह अभियान निरंतर चलता रहेगा। सिटी मैनेजर लेमांशु कुमार ने कहा की हमने पहले भी अतिक्रमण हटाने के लिए कड़े कदम उठाए थे, लेकिन फिर से कुछ लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर लिया, जिसे लेकर 8 लोगों पर अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा विधिसम्मत कार्यवाही की गई है। अभियान में नगर प्रबन्धक लेमांशु कुमार, सफाई निरीक्षक राजू राम, रेवेन्यू इंस्पेक्टर शम्भू कुमार रजक, अजित कुमार, अभिषेक कुमार मेहता, संतोष कुमार, मिल्टन टंडन, बिमल कुमार शर्मा, दुलारचंद्र यादव, सुदर्शन श्रीवास्तव, बलराम कुशवाहा, भोला कुमार दास, राजेश मोदी, मुकेश राणा, रौशन कुमार समेत होम गार्ड के जवान उपस्थित थे।

## ट्रेड यूनियनों की देशव्यापी हड़ताल अब 9 जुलाई को : सीटू

● हड़ताल की तारीख में बदलाव संघर्ष को और व्यापक बनाने की रणनीति : संजय पासवान



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** लेबर कोड और केन्द्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ 20 मई को प्रस्तावित देशव्यापी आम हड़ताल को स्थगित कर दिया गया है। यह जानकारी सीटू के जिला सचिव रमेश प्रजापति और जिलाध्यक्ष प्रेम प्रकाश ने संयुक्त रूप से दी। राज्य सचिव संजय पासवान ने अपने बयान में कहा कि मौजूदा परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए, अब यह हड़ताल 9 जुलाई को आयोजित करने का निर्णय केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और स्वतंत्र फेडरेशनों के संयुक्त मंच ने लिया है। वहीं जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकवादी हमले में 26 निर्दोष लोग मारे गए. इस घटना ने देशभर में शोक और गंभीर चिंता का वातावरण पैदा किया है. ट्रेड यूनियनों ने इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए आतंकवाद के खिलाफ केन्द्र सरकार की कार्रवाई को समर्थन दिया है और भारतीय सेना को बधाई दिया है। वहीं सीटू मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री विजय शाह एवं अन्य विभाजनकारी शक्तियों द्वारा कर्नल सोफिया कुरैशी, पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए जवान की विधवा हिमांशी नरवाल और विदेश सचिव विक्रम मिसरी व उनकी बेटी पर की गई अश्लील एवं घृणित टिप्पणी की निंदा करते हुए दोषी पर कार्रवाई करने व मंत्री विजय शाह को बर्खास्त करने की मांग की है।

## जीएस पब्लिक स्कूल के नागेंद्र ने गोल्ड मेडल व सनी और पीयूष ने सिल्वर मेडल किया प्राप्त

● कल का निर्माण आपके आज दिखाए गए साहस और दृढ़ संकल्प पर होता है : निदेशक




**डोमचांच (कोडरमा)।** जी.एस. पब्लिक स्कूल के बच्चों ने कोडरमा जिला एथलेटिक्स चैंपियनशिप में गोल्ड और सिल्वर मेडल प्राप्त किया है। बता दें कि इस खेल का आयोजन कौंडिण्य पब्लिक स्कूल झुमरी तिलैया में हुआ था, जिसमें नागेंद्र हर्ष गोस्वामी और सनी कुमार ने 60 मीटर दौड़, गोला फेक और स्टैंडिंग जंप में भाग लिया, जिसमें नागेंद्र हर्ष गोस्वामी प्रथम स्थान, गोल्ड मेडल तथा सनी कुमार द्वितीय स्थान सिल्वर मेडल प्राप्त किया। वहीं लंबी कूद में पीयूष कुमार द्वितीय स्थान प्राप्त कर सिल्वर मेडल हासिल किया। इस खेल में अहम भूमिका सीसीए कोऑर्डिनेटर मो इलियास अंसारी, राघव सिंहा, दिलीप कुमार का रहा। वही निदेशक नितेश कुमार सिंह ने इन बच्चों को अपने स्कूल के कैंपस में अपने तरफ से भी पुरस्कृत किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कोडरमा जिला एथलेटिक्स चैंपियनशिप के अध्यक्ष अशोक कुमार को भी धन्यवाद दिया, जिन्होंने इस तरह का आयोजन कर बच्चों की प्रतिभा दिखाने का प्लेटफार्म दिया। इस चैंपियनशिप में जो बच्चे गोल्ड मेडल लाए हैं उन्हें स्टेट लेवल पर भी खेलने का मौका दिया जाएगा। वहीं प्राचार्य प्रतिमा कुमारी, कोऑर्डिनेटर सोनी चंदन, अकाउंटेंट गुलाबचंद शाह के साथ सभी शिक्षक ने इन बच्चों को शाबाशी देते हुए अपना आशीर्वचन दिए।

# घरों के आसपास जमें पानी में डेंगू के मच्छर पनपते हैं, सावधान रहें : डॉ अनिल

● राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर कार्यशाला का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार की अध्यक्षता में राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए सीएस ने कहा कि डेंगू फैलाने वाले मच्छर घरों के आसपास जमे पानी में पनपते हैं, ऐसे में घरों में बेकार पड़े टिन के डब्बे, कूलर, फ्रिज आदि में पानी को जमने नहीं देना चाहिए। वहीं उन्होंने कहा कि डेंगू एक जानलेवा रोग है, समय पर इसका इलाज नहीं होने से रोगी की मौत भी हो जाती है, ऐसे में किसी भी तरह के बुखार को हल्के में नही लें, तुरंत डेंगू की जांच करवाएं।

वहीं जिला मलेरिया पदाधिकारी डॉ मनोज कुमार ने डेंगू की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि घरों और आसपास के जगहों को हमेशा साफ-सुथरा रखें, घर के टूटे फूटे बर्तनों, डब्बों आदि में पानी जमने नही दें।

उन्होंने कहा कि डेंगू के मच्छर एक बार किसी स्वस्थ व्यक्ति को काट ले तो वह डेंगू का शिकार हो जाता है। वहीं डीएस डॉ रंजीत कुमार ने कहा कि बुखार होने पर तुरंत डेंगू की जांच करवाएं, यदि कहीं डेंगू फैलता है तो अविलंब इसकी जानकारी दें।

मौके पर डॉ रविकांत सिंह, डॉ हबीबुर्रहमान, डॉ अक्षय कु. सिंह, डॉ विकास चैधरी, डीपीएम महेश कुमार, शंभु कुमार, ललन कु राणा, अविनाश आनन्द, थेयोदोर सुरीन, जितेंद्र कुमार आदि मौजूद थे।

## कोडरमा के लोग पिछले एक सप्ताह से हीट वेब से परेशान

● लोग इस भीषण गर्मी में बेवजह घरों से बाहर न निकलें : सिविल सर्जन



**कोडरमा।** देश के अन्य हिस्सों के अलावे कोडरमा में भी गर्मी का असर लगातार बढ़ता जा रहा है। कोडरमा के लोग पिछले एक सप्ताह से हीट वेब से परेशान है। गर्मी आग उगल रही है और सुबह से ही धूप असहनीय लगने लगता है। पिछले एक सप्ताह से लगातार तापमान में बढ़ोतरी देखी जा रही है। सुबह 9 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक गर्मी के कारण सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहता है। वहीं जो भी लोग अपने घरों से बाहर निकल रहें हैं अपने चेहरे और शरीर को पूरी तरह से ढक कर निकल रहे हैं। लोगों की माने तो गर्मी के साथ-साथ बिजली की अनियमित कटौती भी उन्हें परेशान कर रखी है। गर्मी के कारण लोगों को काम करने का भी मन नहीं कर रहा है। इधर गर्मी और हीट वेव से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से भी तैयारी की गई हैं। हीट स्ट्रोक के पेशेंट के लिए 10 से 12 बेड का अलग वार्ड बनाने की तैयारी चल रही है। सिविल सर्जन डॉक्टर अनिल कुमार ने बताया कि इस भीषण गर्मी में बेवजह लोग घरों से बाहर न निकले और अगर निकालना भी हो तो पूरे शरीर को ढक कर ही बाहर निकले, ताकि धूप का असर कम हो। इसके अलावे सिविल सर्जन ने आम लोगों को पेय पदार्थ और कम मसालेदार भोजन करने

## खबर एक नजर में

### गाड़ीलौंग में भव्य कलश यात्रा के साथ नौ दिवसीय रुद्र महायज्ञ का शुभारंभ



**टंडवा (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र के गाड़ीलौंग में शुक्रवार को श्री श्री 1008 श्री शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा रुद्र महायज्ञ एवं भव्य मेले का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। नवनिर्मित शिव मंदिर प्रांगण से सुबह 5 बजे सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु कलश लेकर निकले और टंडवा बाजार टांड़ होते हुए अंबेडकर चौक से नगर भ्रमण करते हुए चुंद्रू संगम नदी पहुंचे। वहां यज्ञ के आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालुओं ने कलश में पवित्र जल भरा। इसके बाद सभी श्रद्धालु कलश लेकर वापस यज्ञ स्थल गाड़ीलौंग पहुंचे। यज्ञ समिति की ओर से सभी श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद (पूरी, सब्जी और बुंदिया) की व्यवस्था की गई थी। इस अवसर पर महायज्ञ समिति के अध्यक्ष दीपू कुमार चौरसिया, उपाध्यक्ष महेंद्र यादव, सचिव मनीष चौरसिया, कोषाध्यक्ष सोनू कुमार चौरसिया, उप सचिव राहुल चौरसिया, मीडिया प्रभारी कुलदीप कुमार दास, पूजा प्रभारी जुगल साव सहित अन्य पदाधिकारी और सदस्य महायज्ञ को सफल बनाने में जुटे हुए हैं। कार्यक्रम में पूर्व विधायक किशुन दास, जिला परिषद सदस्य सुभाष यादव, व्यवसायिक संघ के अध्यक्ष विकास गुप्ता सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। आयोजन के तहत अगले नौ दिनों तक विविध धार्मिक अनुष्ठान, भजन-कीर्तन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

### बिरहोर परिवारों के बीच अनाज का हुआ वितरण



**हंटरगंज/चतरा।** आदिम जनजाति के लोगों के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजना, जनजाति खाद सुरक्षा योजना के तहत हंटरगंज प्रखण्ड के खुटिकेवालखुर्द पंचायत गोपालपुर गांव बिरहार टोला स्थित बिरहोर परिवारों के बीच चावल वितरण किया गया। वितरण बिरहोर टोला में शिविर लगाकर प्रखण्ड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी अर्जुन कुमार ने खुद से किया। शिविर में अप्रैल माह का 35-35 किलो अनाज 30 बिरहोर परिवारों के बीच वितरित किया गया। इस दौरान बिरहोर परिवारों में हर्ष का माहौल रहा। अर्जुन कुमार ने कहा कि आदिम जनजाति आबादी को पूरी तरह से खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित कराने के लिए उक्त महत्वकांक्षी योजना चलाई जा रही है। सभी परिवार के बीच 35-35 किलो अनाज वितरित किया गया। इस दौरान एमओ ने दो नए ग्रीन राशन कार्ड बनाकर भी वितरण किए। मौके पर खुटिकेवालखुर्द मुखिया बृजकिशोर सिंह, एजीएम सुनिल लकड़ा के आलवे दर्जनों मौजूद थे।

### अदौरिया मोड़ लूटकांड का पुलिस ने किया खुलासा, 7 आरोपी गिरफ्तार

**चतरा।** प्रतापपुर थाना क्षेत्र के अदौरिया मोड़ पर 13 मई की रात बारात में जा रही गाड़ी के साथ लगे डीजे वाहन को लूटने वाले गैंग का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में शामिल 8 में से 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। एक आरोपी अब भी फरार है, जिसकी तलाश जारी है। लूटपाट की इस घटना में अपराधियों ने हथियार के बल पर डीजे गाड़ी को रोका और डीजे मशीन समेत कई सामान लूट लिए थे। पीड़ित द्वारा प्रतापपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। घटना के बाद से ही पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी। प्रतापपुर थाना प्रभारी कासिम अंसारी ने बताया कि शक के आधार पर कुछ लोगों से पूछताछ की गई, जिनसे मिली जानकारी के आधार पर बाकी आरोपियों को अलग-अलग जगहों से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार लोगों के पास से 5 डीजे मशीन, एक देसी पिस्टल, 6 मोबाइल फोन और 3 बाइक बरामद की गई है। गिरफ्तार आरोपी प्रतापपुर थाना क्षेत्र के बसबूटा गांव, बरवाडीह (कुंदा थाना क्षेत्र) और बिहार के इमामगंज थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। पुलिस को शक है कि इस गैंग में और भी लोग शामिल हैं, जो इलाके में लूट और चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। पुलिस इन सभी पहलुओं की जांच कर रही है और फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

### कस्तूरबा विद्यालय में चार दिवसीय समर कैंप का समापन



**गिद्धौर।** प्रखंड में स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में 13 मई से समर कैंप के तहत खेल प्रतियोगिता एवं अन्य ज्ञान कार्यक्रम चलाया जा रहा था। जिसका समापन शुक्रवार को किया गया। इस कार्यक्रम की जानकारी विद्यालय वार्डन बिंदु पोद्दार ने दी है। कार्यक्रम के पहले दिन जुंबा डांस मास ड्रिल के तहत शारीरिक जागरूकता, आत्म चिंतन, भावनात्मक समझ, संस्कृत समझ, सहभागिता और अनुशासन, समस्या समाधान, कौशल जैसी कई जानकारियां बच्चियों को दी गईं एवं जागरूक किया गया। शुक्रवार को डिजाइन, सोच, आत्म सम्मान और गर्व आयोजन, क्षमता, सामाजिक सहभागिता की जानकारी दी गई एवं कार्यक्रम का समापन किया गया।

### बिजली चोरी के खिलाफ नौ लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

**मरकच्चों (कोडरमा)।** बिजली चोरी के खिलाफ विभाग की ओर से मरकच्चो प्रखंड के मध्य, दक्षिणी व पपलो पंचायत में छापेमारी की गयी। इस दौरान बिजली चोरी के आरोप में नौ लोगों को पकड़ा गया। इनके खिलाफ मरकच्चो थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। इनमें नंदकिशोर सिंह, बबुनी सिंह, चंद्रशेखर पांडेय, छोटू पांडेय, जावेद अख्तर, सरफुद्दीन अंसारी, इदरीस मियां, याकूब मियां तथा विनोद विश्वकर्मा के नाम शामिल हैं। इन पर जुमार्ना भी लगाया है। छापेमारी दल में कनीय अभियंता हरीकृष्ण केशरवाणी, बिजली कर्मी पोखन कुम्हार, जर्रार खान व अन्य शामिल थे।

### मॉडर्न पब्लिक स्कूल ने 11वीं कक्षा के लिए छात्रवृत्ति योजना की घोषणा की




**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** मॉडर्न पब्लिक स्कूल झुमरी तिलैया ने कक्षा 11वीं में प्रवेश लेने वाले छात्रों के लिए विशेष छात्रवृत्ति योजना की घोषणा की है। यह योजना विज्ञान, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान और वाणिज्य संकाय में दाखिला लेने वाले मेधावी छात्रों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शुरू की गई है। विद्यालय प्रबंधन द्वारा जारी जानकारी के अनुसार यह छात्रवृत्ति केवल कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा के सैद्धांतिक अंकों के आधार पर प्रदान की जाएगी। इसमें सीबीएसई, आईसीएसई बोर्ड के छात्र शामिल हैं। योजना के तहत मिलने वाली छात्रवृत्ति इस प्रकार है। वहीं 95ः और उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को ट्यूशन फीस में 70ः की छूट, प्रवेश शुल्क में 100ः की छूट। 90ः और उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को ट्यूशन फीस में 50ः की छूट, प्रवेश शुल्क में 50ः की छूट। 85ः और उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को ट्यूशन फीस में 30ः की छूट, प्रवेश शुल्क में 50ः की छूट। विद्यालय की निदेशिका संगीता शर्मा एवं प्राचार्य शैलेन्द्र कुमार ने संयुक्त रूप से यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस पहल का उद्देश्य मेधावी छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना है।

### उत्पाद विभाग ने अवैध महुआ शराब के खिलाफ छापेमारी कर सात शराब भट्ठी व उपकरण को किया विनष्ट

**सतगावां (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती पंचायत कोठियार के कानीकेंद्र जंगल में शुक्रवार को उत्पाद विभाग ने वरीय अधिकारियों के निर्देश पर छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान उत्पाद विभाग कानिकेन्द्र जंगल में अवैध रूप से संचालित सात शराब भट्ठी को ध्वस्त किया गया। साथ ही करीब 100 ली. महुआ शराब को जप्त कर थाने ले आयी। वहीं लगभग 1000 किलोग्राम जावा महुआ को विनिष्ट किया तथा शराब बनाने वाले उपकरण को क्षतिग्रस्त किया। वहीं छापेमारी दल को देखते ही शराब माफिया मौके पर से फरार होने में सफल रहे। इस सम्बंध में उत्पाद विभाग के एस.आई. निखिलचंद्र व शिवसागर महतो ने बताया कि अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ फरार अभियोग दर्ज कर आगे की कारवाई की जा रही है। छापेमारी अभियान में निखिलचंद्र के आलावे एस. आई. शिव सागर महतो, उत्पाद विभाग के सशस्त्र बल सहित अन्य लोग शामिल थे।

### मंजुला शर्मा मेमोरियल अकादमी ने कक्षा 10वीं एवं 12वीं के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को किया सम्मानित




**डोमचांच (कोडरमा)।** मंजुला शर्मा मेमोरियल अकादमी, डोमचांच द्वारा कक्षा 10वीं एवं 12वीं के सीबीएसई बोर्ड में परीक्षार्थियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शीर्ष दस विद्यार्थियों को सम्मानित करने हेतु एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में निदेशक रजनीश शर्मा तथा प्रसिद्ध शिक्षाविद् राम प्रवेश पांडेय उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत द्वीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निदेशक ने कहा कि छात्रों की मेहनत, शिक्षकों का समर्पण और अभिभावकों का सहयोग मिलकर ही शिक्षा की गुणवत्ता सुनिश्चित होती है। आज के यह विद्यार्थी आने वाले कल के भविष्य निमार्ता हैं। वहीं शिक्षाविद रामप्रवेश पांडेय ने अपने प्रेरणादायक वक्तव्य में छात्रों को निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा दी और कहा कि सच्ची सफलता वही है जो आत्मविश्वास और संस्कारों के साथ अर्जित की जाए। इस अवसर पर राकेश रौशन, शिवकुमार साव, अलख सिंह, रीता कुमारी, राजन कुमार, अभिषेक कुमार, प्रीति कुमारी, कुमुदिनी लकड़ा सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे। समारोह के अंत में विद्यालय की ओर से समस्त विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र, मेडल एवं स्मृतिचिन्ह प्रदान किए गए।

# विगत पांच वर्ष से अधिक लंबित सभी कांडों व नक्सल कांडों की पुलिस महानिरीक्षक ने की समीक्षा

## जागरूकता अभियान चलाने का दिया निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** पुलिस महानिरीक्षक दक्षिण छोटानागपुर प्रक्षेत्र राँची श्री अखिलेश कुमार झा ने शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय चंदाली स्थित सभागार में पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक किया। समीक्षा के दौरान पुलिस महानिरीक्षक ने जिला के लंबित नक्सल कांड एवं विगत 05 वर्ष से अधिक लंबित सभी कांडों की समीक्षा की तथा अविलम्ब निष्पादन हेतु आवश्यक निर्देश दिया गया। समीक्षा के दौरान सड़क सुरक्षा से संबंधित जागरूकता अभियान चलाने, नशीली मादक पदार्थों के तस्करी की रोक थाम हेतु प्रभावी कार्रवाई करने, डायन प्रथा, महिला उत्पीड़न के विरूद्ध जागरूकता अभियान चलाने हेतु आवश्यक निर्देश दिया गया। हत्या-बलात्कार के मामलों में अविलम्ब प्राथमिकी दर्ज करते हुए त्वरित गति से अनुसंधान करने के संबंध में निर्देशित किया गया। न्यायालय द्वारा निर्गत वारंट,कुर्की, इश्तेहार का निष्पादन की समीक्षा की गई तथा अविलम्ब निष्पादन हेतु आवश्यक निर्देश दिया गया। बैठक से पूर्व गुमला आगमन पर पुलिस अधीक्षक ने पुलिस महानिरीक्षक का गुलदस्ता देकर स्वागत किया। जिसके बाद जवानों ने गार्ड ऑफ आनर दिया। बैठक में पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय वीरेंद्र टोप्पो, एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चैनपुर, एसडीपीओ बसिया, पुलिस उपाधीक्षक परिक्ष्यमान गुमला, अंचल निरीक्षक, पुनि सह प्रभारी सीसीआर एवं पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी गुमला सुरेंद्र कुमार सिंह उपस्थित थे।


समीक्षा बैठक में शामिल पुलिस महानिरीक्षक, एसपी व जिले के अन्य पदाधिकारी

डीएमएफटी की प्रबंधकीय समिति व न्याय परिषद की बैठक संपन्न, खनिज प्रभावित क्षेत्रों के विकास हेतु योजनाओं को गति देने पर जोर

# खनन से संबंधित जानकारी सदस्यों को दें ताकि अवैध खनन पर रोक लगाया जा सके: उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट की प्रबंधकीय समिति एवं न्याय परिषद की बैठक जिला समाहरणालय स्थित सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जिले के खनिज प्रभावित क्षेत्रों के समावेशी और सतत विकास के लिए विभिन्न प्रस्तावों पर विचार-विमर्श किया गया।

बैठक की शुरूआत में उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महत्तो ने उपस्थित सदस्यों को डीएमएफटी के उद्देश्यों, स्वरूप एवं सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि ट्रस्ट का प्राथमिक उद्देश्य खनन प्रभावित क्षेत्रों के निवासियों को मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराना है। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि खनिज प्रभावित क्षेत्र के रूप में पूर्व से चिन्हित गांवों के अतिरिक्त अब पत्थर, बालू उत्खनन क्षेत्र एवं ईंट भट्ठा प्रभावित क्षेत्रों को भी सम्मिलित किया गया है। इस विस्तार के साथ अब कुल 123 गांव खनिज सघन क्षेत्र के अंतर्गत आ चुके हैं।

उन्होंने स्पष्ट किया कि डीएमएफटी के अंतर्गत प्राप्त निधि का उपयोग ऐसे निर्माण कार्यों में किया जाएगा। जिनसे स्थानीय नागरिकों को दीर्घकालिक लाभ प्राप्त हो सके। बैठक के दौरान विभिन्न जनप्रतिनिधियों एवं सदस्यों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया गया। इन पर चर्चा करते हुए उपायुक्त ने सभी जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे ग्राम सभाओं का आयोजन कर ग्रामीणों की सर्वसम्मति से लिखित प्रस्ताव तैयार करें।

इन प्रस्तावों पर शीघ्र कार्रवाई की जाएगी। प्राप्त प्रस्तावों में मुख्य रूप से सड़क निर्माण, आंगनवाड़ी केंद्र, स्वास्थ्य भवन, विद्यालय भवन, पुल निर्माण तथा नहर जैसी आधारभूत संरचनाओं के निर्माण की मांग प्रमुख रही। उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी को निर्देश दिया कि खनन से संबंधित समस्त जानकारी सभी सदस्यों को प्रदान की जाए, ताकि उन्हें अपने क्षेत्रों में हो रहे वैध एवं अवैध खनन की जानकारी हो और अवैध खनन की पहचान कर उस पर रोक लगाई जा सके। उन्होंने सभी सदस्यों से अपील की कि यदि उन्हें अवैध खनन से संबंधित कोई जानकारी प्राप्त होती है, तो उसे शीघ्र प्रशासन के संज्ञान में लाएँ। बैठक में डीएमएफटी के अंतर्गत सामाजिक सरोकार से जुड़े निर्माण कार्यों को प्राथमिकता देने का निर्णय लिया गया, जिनमें विशेष रूप से आंगनवाड़ी केंद्र, विद्यालय, स्वास्थ्य केंद्र आदि शामिल हैं। उपायुक्त ने इन सभी कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश भी संबंधित सदस्यों को दिए। घाघरा और बिशुनपुर प्रखंड अंतर्गत पाट क्षेत्रों में जारी योजनाओं की प्रगति को देखते हुए त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया। साथ ही 15वें वित्त आयोग की योजनाओं के अंतर्गत चापाकल, जलमीनार की मरम्मती जैसे छोटे मगर आवश्यक कार्यों को शीघ्र पूरा करने की बात कही गई। उपायुक्त ने आवासीय विद्यालयों एवं छात्रावासों में शौचालय निर्माण तथा भवनों की मरम्मती संबंधी प्रस्ताव शीघ्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी मुखियाओं एवं जनप्रतिनिधियों से 10 दिनों के भीतर ग्राम सभाएँ आयोजित कर प्रस्ताव उपलब्ध कराने की अपील की। बैठक में अन्य कई प्रशासनिक व तकनीकी विषयों पर भी चर्चा हुई और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। बैठक में खूंटी एवं लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि, विशुनपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रतिनिधि, वन प्रमंडल पदाधिकारी, डायरेक्टर डीआरडीए, सिविल सर्जन, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के कार्यपालक अभियंता, विभिन्न प्रखंडों के प्रमुख, मुखिया, उपमुखिया सहित संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।


बैठक में शामिल डीसी, डीडीसी व अन्य अधिकारी

स्पीड न्यूज

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भाजपाईयों ने निकाला तिरंगा बाईक यात्रा

**गुमला।** भारतीय सेना के द्वारा संचालित ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर शुक्रवार को भाजपा गुमला के द्वारा शहर में तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा जशपुर रोड स्थित पर्यटन भवन से आरंभ हुई। भाजपा कार्यकर्ता बाईक से शहर के जशपुर रोड, लोहरदगा रोड, महावीर चौक, थाना रोड, पालकोट रोड, सिसई रोड सहित विभिन्न स्थानों पर घूमे और भारतीय फौज की अदम्य साहस को तिरंगा यात्रा निकालकर कर सम्मान दिया। भाजपा जिलाध्यक्ष विनय कुमार लाल ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर पूरे देश में भाजपा के द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। इसी कड़ी में गुमला में भी बाईक रैली निकाली गई।

## स्टेट टीम ने जारी प्रखंड के कई विद्यालयों का किया निरीक्षण

**जारी।** जारी प्रखंड में स्टेट टीम के सदस्यों ने शुक्रवार को सरकारी विद्यालयों में स्कूल रुआर कार्यक्रम को लेकर अनुश्रवण किया। स्कूली शिक्षा व साक्षरता विभाग के द्वारा समग्र शिक्षा के तहत 5 से 18 आयुवर्ग के बच्चों का विद्यालय में शत प्रतिशत नामांकन कराने का लक्ष्य सुनिश्चित किया गया है। टीम के द्वारा सबसे पहले राजकीयकृत उत्क्रमित +2 विद्यालय जारी का निरीक्षण किया गया और बच्चों की शिक्षा का जायजा लिया गया। जिसमें दसवीं कक्षा के बच्चों से पूछताछ की गई और उन्हें परमवीर अलबर्ट एक्का का नाम लिखने को कहा गया। लेकिन वे सही तरीके से लिख नहीं पाये।

## बस पड़ाव में पिस्टल के बल पर 5500 की लूट

**गुमला।** शहर के ललित उरांव पड़ाव बस स्टैंडपड़ाव में गुरुवार की रात 10:30 बजे दो युवकों से हथियार के बल पर 55 सौ की लूट की गई है। वहीं दोनों युवक को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। सदर अस्पताल में दोनों घायलों का इलाज चल रहा है। घटना की जानकारी देते हुए फसिया पंचायत के तर्री निवासी 18 वर्षीय सत्यम सिंह और 25 वर्षीय हिमालय सिंह ने बताया वे दोनों बाइक से शहर के ललित उरांव बस पड़ाव स्थित सिद्धि विनायक होटल खाना खाने जा रहे थे। तभी 7 से 8 लड़कों ने उन्हें रोका इसके बाद हथियार के बल पर हिमालय के पॉकेट से 5500 सौ रूपया लूट लिया। वहीं दोनों के साथ जमकर मारपीट की और पैसों की डिमांड भी की गई। इसी बीच दोनों ने अपने मोबाइल को जींस के नीचे पैर की ओर छुपा लिया। अपराधी मोबाइल की भी मांग कर रहे थे। वहीं बाइक की चाबी भी लूट ली। सत्यम ने बताया उनके समूह में दो लड़कियां भी शामिल थी और सभी नशे में थे।

## खेत के मेड पर रखे बम को उठाकर दबाने से हुआ विस्फोट

**रायडीह।** रायडीह थाना क्षेत्र के सीलम पंचायत के कुलमुंडा गांव में बम विस्फोट होने से 57 वर्षीय असरू मुंडा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद गुरुवार की रात 9 बजे उसे सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के उपरांत उसे रिम्स रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक घायल बकरी खोजने जंगल की ओर गया था। तभी मेड में उसे एक बम मिला। उसने बम को उठाया और दबाने लगा तभी बम विस्फोट हुआ और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बम का छर्रा उसके पेट में घुस गया। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया।

एक नजर में

## जन वितरण सतर्कता समिति को एक्टिव करें ताकि सही से हो राशन वितरण: बीडीओ

**घाघरा।** घाघरा ब्लॉक परिसर सभागार में बीडीओ दिनेश कुमार ने मुखिया और राशन डीलर के साथ बैठक किया। बैठक में जन वितरण सतर्कता समिति को एक्टिव करने का निर्देश बीडीओ ने दिया ताकि राशन वितरण सुचारू रूप से हो सके। राशन वितरण में किसी भी तरह के अनियमितता ना बरती जा सके। वहीं बीडीओ ने कहा कि जन वितरण सतर्कता समिति के अध्यक्ष, मुखिया, सदस्य सरकारी विद्यालय के एक शिक्षक,आंगनबाड़ी सेविका और वार्ड सदस्य होंगे। चारों में एक की उपस्थिति में राशन डीलर राशन का वितरण करेंगे। इसके साथ ही ईकेवाईसी, चना दाल, राशन वितरण की समीक्षा किया। वहीं डीलर ने अपनी समस्या बताते हुए कहा कि स्मार्ट पीडीएस से मशीन में सरवर और मशीन में कई समस्याएं आ रही है। जिस पर बीडीओ ने कहा कि जिला आपूर्ति के पास पत्राचार किया जाएगा। मौके पर मुखिया विनीता कुमारी,अग्नि उरांव, लोदो एक्का,फिरंगी उरांव, शिशिर शर्मा,अजय जायसवाल, सहित कई मुखिया और राशन डीलर उपस्थित थे।

## भ्रष्टाचार के विरुद्ध व ननबैंकिंग में जमा पैसे भुगतान के लिए मुहिम तेज होगी : विजय

**गुमला।** झारखंड नवनिर्माण दल के बैनर तले भरनो ब्लॉक के समीप जोबला उरांव की अध्यक्षता में भ्रष्टाचार के विरोध में तथा सहारा इंडिया समेत दर्जनों ननबैंकिंग में जमा मेहनत के पैसे की जल्द भुगतान हेतु सभा का शुक्रवार को आयोजन किया गया। मौके पर झानद के विजय सिंह ने कहा कि सरकार जब बेईमान हो जाती है तब आम जनता को अन्याय के खिलाफ आगे आना ही पड़ता है। लुटेरी व्यवस्था ने गांव-गांव तक भ्रष्टाचार फैला रखी है। यही कारण है कि भ्रष्टाचार शिष्टाचार का स्थान लेने लगी है। लोकतांत्रिक व्यवस्था तथा सभ्य व विकसित समाज के लिए यह घातक है। उन्होंने आम जनता को भ्रष्टाचार के विरुद्ध संगठित होकर आगे आने की अपील की। वहीं बैठक में उपस्थित ननबैंकिंग में पैसा जमाकताओं को भुगतान की मांग को लेकर ननबैंकिंग कंपनी पीड़ित मंच द्वारा की जा रही कोशिश को आगे बढ़ाने की बात करते हुए वीर बिरसा मुंडा के शहादत दिवस 9 जून 2025 को राजभवन मार्च में रांची चलने की अपील की।

## माप-तौल विभाग की कार्यशैली से तंग आकर चेंबर सदस्यों ने सौंपा उपायुक्त को ज्ञापन

**गुमला।** माप-तौल विभाग की कार्यशैली से तंग आकर चेंबर अध्यक्ष राजेश सिंह व सचिव बबलू वर्मा ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। चेंबर अध्यक्ष राजेश सिंह ने कहा कि माप-तौल विभाग का कार्यालय नहीं खुलता है। जिसे व्यापारियों को अपना काम कराने में परेशानी हो रही है। लंबे समय से व्यापारी विभाग का चक्कर लगा रहे हैं लेकिन कार्यालय में ताला बंद रहता है। शहर के कितने व्यापारियों का लाइसेंस नवीकरण का कार्य लटका हुआ है। व्यापारी बार-बार माप-तौल विभाग जाकर थक चुके हैं। चेंबर अध्यक्ष ने उपायुक्त से तत्काल उक्त समस्या का समाधान की अपील की। जिसपर उपायुक्त ने अश्वस्त किया कि जल्द ही उनकी समस्या का समाधान हो जाएगा। मौके पर दिनेश अग्रवाल, राकेश सिंह, अभिजीत जायसवाल, राजेश लोहानी, दिलीप गुप्ता, नीरज गुप्ता, प्रणय कुमार, प्रतीम अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

## 33 हजार वोल्ट का तार गिरा, तीन दिनों से अंधेरे में है जारी प्रखंड

**जारी।** जारी प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीण विगत तीन दिनों से अंधेरे में जीवन गुजारने को विवश हैं। तीन दिन पूर्व बारिश व हवा चलने से रायडीह प्रखंड के मरियम टोली में एक विद्युत पोल गिर गया। जो 33 हजार वोल्ट का है। जिसके बाद पूरा क्षेत्र अंधकार हो गया है। विभाग द्वारा बिजली व्यवस्था सुधार करने को लेकर पहल नहीं की जा रही है। जिसके कारण भीषण गर्मी में लोग त्राहिमाम कर रहे हैं। वहीं रात में पूरा क्षेत्र अंधकार हो जाता है। तपती धूप में लोग गर्मी से बेहाल हो रहे हैं। वहीं बिजली विभाग की लापरवाही भी सामने आ रही है। साथ ही गोविंदपुर बगीचा के पास विद्युत तार सड़क से 4 से 5 फीट ऊपर में झूल रहा है। जो किसी बड़ी दुर्घटना को आमंत्रण दे रहा है। वहां से लोगों और वाहनों का आवागमन होता है। साथ ही मवेशी भी इसकी चपेट में आ सकते हैं। लेकिन इस ओर विभाग का ध्यान नहीं है।

## चैनपुर में साप्ताहिक बाजार से लौट रहे युवक अचानक गिरकर हुआ घायल

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड मुख्यालय के कुरूमगाड़ मोड़ के समीप एक युवक साप्ताहिक बाजार से लौटते समय अनियंत्रित होकर गिर गया और घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार मड़ईकोना निवासी 20 वर्षीय संजू टोप्पो साप्ताहिक बाजार करके अपने घर जा रहा था। रास्ते में आगे से अचानक लाइट की रोशनी उनकी आँखों में पड़ने के कारण वे अपना नियंत्रण खो बैठे और गिर गए। ग्रामीणों की मदद से उन्हें तत्काल चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहाँ उनका इलाज किया गया। घटना की सूचना मिलते ही चैनपुर थाना के जवान भी घटनास्थल पर पहुँचे और घायल युवक की मदद की। प्राथमिक उपचार के बाद संजू टोप्पो को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

## ई-केवाईसी पर दिया गया जोर

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड सभागार में शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी चैनपुर यादव बैठा और अंचलाधिकारी दिनेश गुप्ता ने संयुक्त रूप से की। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी तीन महीने जून, जुलाई और अगस्त का राशन एक साथ लाभार्थियों को वितरित करने की योजना पर जनप्रतिनिधियों को अवगत कराना और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करना था। जिला आपूर्ति पदाधिकारी गुमला के आदेशानुसार आयोजित इस बैठक में प्रमुख, उप प्रमुख, जिला परिषद सदस्य, मुखिया, उप मुखिया और पंचायत समिति सदस्यों सहित कई जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार के निर्देशानुसार जून, जुलाई और अगस्त माह का खाद्यान्न एक साथ लाभार्थियों को प्रदान किया जाएगा। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों से इस संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार करने का आह्वान किया ताकि सभी पात्र लाभुक समय पर अपना राशन प्राप्त कर सकें। बीडीओ श्री बैठा ने सतर्कता समिति के सदस्यों से राशन वितरण में किसी भी प्रकार की कालाबाजारी को रोकने के लिए सक्रिय रहने का आग्रह किया।

सांसद सुखदेव भगत के प्रयास से

## तीनों जर्जर सड़कों का होगा निर्माण : आलोक साहू


ग्रामीणों के साथ आलोक साहू

खबर मन्त्र संवाददाता

**सेन्हा।** प्रखंड के ग्राम एक्कागुड़ी अंबा टोली, महुआ टोली के ग्रामीणों की शिकायत पर लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत के निजी सचिव आलोक कुमार साहू शुक्रवार को एक्कागुड़ी अंबा टोली पहुंचकर वहां के ग्रामीणों से रूबरू हुए। मौके पर ग्रामीणों ने श्री साहू को बताया कि सेंरगहातू से बक्शी डीपा तक सड़क का निर्माण हो चुका है, दूसरी तरफ भंडरा से सेन्हा तक सड़क का निर्माण हो चुका है सेमर मोड एक्कागुड़ी से एक्कागुड़ी ढोड़ा तक एक किलोमीटर सड़क का निर्माण अधूरा छूट गया है यह सड़क काफी जर्जर है इसे बनवाया जाए ।इस प्रकार महुआ टोली चौक से अंबा टोली होते हुए कोयल नदी तक सड़क में ग्रेड वन किया हुआ है। इस सड़क का निर्माण आज तक नहीं हुआ है, इसी प्रकार महुआ टोली चौक से टंगरा टोली तक 2 किलोमीटर कालीकरण सड़क कई वर्षों से जर्जर अवस्था में है जिसके कारण जनता को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है अतः सांसद से तीनों जर्जर सड़क का निर्माण कराने की मांग ग्रामीणों ने किया ।

मौके पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए आलोक कुमार साहू ने कहा कि सांसद सुखदेव भगत के अनुशंसा पर पूरे संसदीय क्षेत्र में सैकड़ो किलोमीटर सड़क का निर्माण हो चुका है और सैकड़ो किलोमीटर सड़क स्वीकृति के लिए विभाग भेजा गया है।

शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर के नौवीं बोर्ड परीक्षा 2025 का

# परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा

## 34 भाई-बहनों ने ग्रेड ए+ प्राप्त किया

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** झारखंड अधिविध परीक्षा द्वारा कक्षा नवम बोर्ड परीक्षा 2025 का परिणाम घोषित किया गया। जिसमें शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर जिला में एक बार फिर उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन कर अपनी श्रेष्ठता साबित की। सत्र 2024-25 में विद्यालय के कुल 145 भैया- बहन परीक्षा में सम्मिलित हुए थे और सभी सफलतापूर्वक प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए।

विद्यालय के 34 भैया -बहनों का शत-प्रतिशत अ+ ग्रेड रहा। जो शिक्षा के क्षेत्र में एक सराहनीय उपलब्धि है। विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने कहा कि शिक्षा सबसे शक्तिशाली हथियार है। एक किताब ,एक शिक्षक, एक छात्र और एक कलम दुनिया बदल सकती है। सभी भैया -बहनों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। इस परीक्षा में कशिश कुमारी,अनुष्का कुमारी, अनुष्का बेग ,श्वेता रानी, अनुष्का राय ,आयुषी पांडे, पूजा कुमारी ,प्रकृति भगत, वंशिका कुमारी ,रेशमा कुमारी ,साक्षी कुमारी, आस्था कुमारी ,सोनाली कुमारी ,शुभम कुमार महतो ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय में अपना स्थान बनाया। इन छात्रों ने न सिर्फ अच्छे अंक प्राप्त किया बल्कि पूरे विद्यालय एवं अपने अभिभावकों को गर्व महसूस कराया।

विद्यालय में इस सफलता को लेकर आचार्य दीदी एवं अभिभावकों के बीच खुशी का माहौल है। प्रधानाचार्य सहित कक्षा नवम के कक्षाचार्य भैया- बहनों से दूरभाष के माध्यम से बधाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल , सचिव अजय प्रसाद, समस्त प्रबंधकारिणी समिति एवं विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार ने भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी और आचार्य, दीदी के कठिन परिश्रम की प्रशंसा की। वही विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि आने वाले वर्षों में भी इसी प्रकार से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया है , ताकि भैया -बहन शिक्षा को शक्तिशाली हथियार बनाकर प्रत्येक क्षेत्र में सफलता प्राप्त करें।


परीक्षा में सफल विद्यार्थी

# लापता युवती का शव 4 दिनों बाद अपना ही कुएं से बरामद

युवती की हत्या की आशंका पुलिस कर रही है जांच, फॉरेंसिक टीम बुलाकर मामले की जांच कराई जा रही है

खबर मन्त्र संवाददाता

**भंडरा।** थाना क्षेत्र भंडरा कुंबटोली निवासी सलीम अंसारी की बेटी 22 वर्षीय निखत परवीन की हत्या कर शव को कुएं में डाल दिया गया। आज सुबह उसके शव को कुआं में तैरते लोगों ने देखा। इसकी सूचना भंडरा पुलिस को दी गई। भंडरा पुलिस के द्वारा शव को कुएं से बाहर निकलकर जांच की जा रही है। पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमा के निर्देश पर फॉरेंसिक टीम फॉरेंसिक टीम बुलाई गई है। टीम के द्वारा इस मामले की जांच की जा रही है। इस घटना से भंडरा के लोग स्तब्ध हैं। सभी ने जांच कर दोषी व्यक्तियों को कठोर से कठोर सजा देने की मांग की है। घटना के अनुसार 13 मई की रात में निखत परवीन एवं पड़ोस में रहने वाला युवक शकील अंसारी को आपस में बात करते हुए निखत के परिजनों ने देखा था। इसके बाद निखत के परिजनों ने निखत को अपने घर में ले जाकर एक कमरे में बंद कर दिया था और शकील अंसारी की पिटाई की थी। इस घटना की जानकारी मिलने के बाद भंडरा पुलिस के द्वारा शकील अंसारी को कब्जे में लेकर भंडरा थाना ले गई थी. इस घटना के बाद निखत परविन के परिजनों ने भंडरा थाना में निखत परवीन के लापता होने की मामला दर्ज करवाया था। इस सम्बन्ध मे भंडरा पुलिस के पप्पू कुमार गुप्ता ने बताया की भंडरा पुलिस के द्वारा इस बिंदु पर जांच की जा रही थी। निखत परवीन का शव कुए से बरामद कर लिया गया। निखत परवीन के शव के साथ एक दुपट्टा से पत्थर बांधकर कुआं में डाला गया था। लोगों का कहना है कि निखत परवीन की हत्या कर कुआं में डाला गया है। पुलिस के द्वारा विभिन्न बिंदुओं पर जांच की जा रही है।





### 8 घंटा बाद पहुंची फोरेंसिक टीम

शव निकल जाने के बाद 8 घंटे बाद फॉरेंसिक टीम घटनास्थल पर पहुंची। प्राप्त जानकारी के अनुसार फॉरेंसिक टीम के पास वाहन की सुविधा नहीं थी। फॉरेंसिक टीम को लाने के लिए भंडरा से वाहन भेजा गया तब फॉरेंसिक टीम भंडरा आई।

# ऑपरेशन सिंदूर की प्रचंड सफलता पर लातेहार में निकली तिरंगा यात्रा

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता ने पूरी दुनिया को भारतीय सेना की ताकत का एहसास करा दिया है : कालीचरण सिंह

**खबर मंत्र संवाददाता**

**लातेहार।** ऑपरेशन सिंदूर की प्रचंड सफलता पर तिरंगा यात्रा का आयोजन शुक्रवार को किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष पंकज सिंह ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में चतरा सांसद कालीचरण सिंह मौजूद रहे। यह यात्रा मंगल बाजार टाड़ शिव मंदिर से चलकर मेन रोड मुख्य बाजार होते हुए समाहरणालय पहुंचा। जिला अध्यक्ष ने कहा कि भारत अब पाकिस्तान को हर हाल में सबक सिखायेगा। पाकिस्तान भारत को परमाणु बम की धमकी देना बंद करे। आज पूरे विश्व में पाकिस्तान अलग थलग पड़ गया है। सांसद कालीचरण सिंह ने अपने संबोधन कहा कि आपरेशन सिंदूर की सफलता ने भारतीय सेना के पराक्रम और शौर्य को पूरे विश्व में दिखाया है। जिस प्रकार पाकिस्तान के पालित आतंकवादियों ने पहलगाम में पिछले 22 अप्रैल को निर्दोष महिलाओं का सिंदूर उजाड़ा, उसका बदला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आपरेशन सिंदूर चला कर पूरा किया। आपरेशन सिंदूर की सफलता ने पूरी दुनिया को भारतीय सेना की ताकत का एहसास करा दिया है। तिरंगा यात्रा को संबोधित करते हुए कहा।


रैली में भाग लेते लोग।


लोगों को संबोधन करते सांसद।

उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पाकिस्तान से शर्तों के साथ सीजफायर किया गया है। अगर अगली बार पाकिस्तान से सीजफायर या किसी प्रकार की हरकत किया जएगा या उल्लघंन किया जायेगा तो उसे युद्ध माना जायेगा और भारत उसी प्रकार इसका जवाब देगा। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री ने स्पष्ट कहा कि अगर अगली बार पाकिस्तान अगर किसी प्रकार का कोई कार्य भारत के खिलाफ करेगा तो भारत उसे छोड़ेगा नहीं। संसद ने भारतीय सेना को सलाम किया। यह तिरंगा हम भारतीयों का आन बान व शान है। हर भारतीय इसी के लिए जीता और मरता है। मौके पर जिला प्रभारी बालमुकुंद सहाय, पूर्व विधायक हरेकृष्ण सिंह, सरयु प्रसाद सिंह, राजधानी प्रसाद यादव, जिला उपाध्यक्ष राकेश कुमार दुबे, सांसद प्रतिनिधि चंदन कुमार सिंह, विधायक प्रतिनिधि अनिल सिंह, आनंद सिंह, बंशी यादव, रघुबीर यादव, मो महताब आलम, विवेक चंद्रवंशी, सुभाष सिंह, राजदेव प्रसाद, लव कुमार दुबे, नागमणी, मंगल उरांव, विष्णुदेव प्रसाद, प्रमोद प्रसाद, राजू दास, मनीष दास समेत सैकड़ों लोग शामिल थे।

### महिला का शव बरामद



**लातेहार।** जिला अंतर्गत गारू प्रखंड के कोयल नदी किनारे लुहूरटाड़ के पास शुक्रवार को सुबह एक अज्ञात महिला का शव बरामद किया गया है। शव को हत्या कर नदी के बालू में दफनाने की आशंका जताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह स्थानीय ग्रामीणों ने देखा कि एक कुत्ता बालू में कुछ खोद रहा है, जहां से महिला के हाथ का हिस्सा बाहर निकल आया। यह दृश्य देखकर ग्रामीणों में सनसनी फैल गई और इसकी सूचना तुरंत गारू थाना को दी गई। सूचना मिलते ही गारू थाना प्रभारी पारस मणी दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और वरीय पदाधिकारियों की उपस्थिति में शव को बालू से बाहर निकाल कर अपने कब्जे में लिया। शव की स्थिति देखकर प्रथम दृष्ट्या से हत्या कर बालू में दफनाने का प्रतीत हो रहा है। शव की पहचान अभी तक नहीं हो पाया है मृत युवती काले रंग का जीस एवं हल्के लाल रंग का टॉप पहने हुई है। शव को पुलिस कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम लातेहार सदर अस्पताल भेजा गया है। वहीं थाना प्रभारी ने कहा कि अनुसंधान चल रही है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल पाएगा।

### बिरसा हरित ग्राम योजना आम बागवानी के तहत ले आउट एवं गड्ढा खुदाई का कार्य का हुआ शुरूआत

**खबर मंत्र संवाददाता**


बागवानी के लिए गढ्ढा कराते अधिकारी।

**गारू।** सरकार के महत्वकांक्षी योजना बिरसा हरित ग्राम योजना आम बागवानी के तहत ले आउट एवं गड्ढा खुदाई का कार्य सभी जगह जारी है ऐसे में गारू प्रखंड में भी योजना का शुरूआत करते हुए सभी पंचायतों में प्रारंभ कर दिया गया है। इस क्रम में ग्राम पंचायत कारवाई में प्रखंड विकास पदाधिकारी अभय कुमार के द्वारा बिरसा हरित ग्राम योजना आम बागवानी के तहत ले आउट एवं गड्ढा खुदाई के कार्यों का निरीक्षण किया गया। मौके पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अभय कुमार ने बताया कि यह योजना झारखंड सरकार की ओर से बिरसा हरित ग्राम योजना चलाई जा रही है। इसका लाभ उठाकर ग्रामीण अपनी जिंदगी बदल रहे हैं। कई ग्रामीण बागान लगाकर आम का उत्पादन कर रहे हैं। सरकार इस योजना को बड़ी सिद्दत से धरातल पर उतारा, तो इसका असर देखने को मिला है। इस योजना के तहत आम, अमरूद, नींबू के साथ मिश्रित फल की बागवानी की जाती है। इसके अलावा फलदार पौधों के साथ-साथ अपने खेतों में अनाज और सब्जी को भी उपजाने पर जोर दिया जाता है, ताकि पौधों को पर्याप्त मात्रा में पानी और पौष्टिक तत्व मिल सके।

### लक्ष्य तय करें तो जीवन में असफल नहीं होंगे : प्रकाश राम

**बच्चे सिर्फ अच्छी बातें सीखने के लिए ही मोबाइल का इस्तेमाल करें**

**खबर मंत्र संवाददाता**


बच्चों को प्रेरित करते विधायक।

**बालूमाथ।** जीवन में अगर लक्ष्य तय कर ले तो जीवन में कभी असफल नहीं होंगे। मेरा लक्ष्य था कि मैं राजनीति करूंगा और आज मैं तीसरी बार विधायक बना हूं। उपरोक्त बातें लातेहार विधायक प्रकाश राम ने बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रोजेक्ट इंदिरा गांधी मेमोरियल बालिका उच्च विद्यालय में आयोजित न्यूतन छात्रा अभिनंदन समारोह में कहा उन्होंने कहा की आज के दौर में विद्यार्थियों को मोबाइल से दूर रहने की आवश्यकता है जीवन में अगर कुछ करना है तो मोबाइल को हाथ नहीं लगाये। सिर्फ अच्छी बातें सीखने के लिए ही मोबाइल का इस्तेमाल करें ।आज से आप लोग 15 घंटे पढ़ाई करना तय करे। अच्छे पद पर जाकर बालूमाथ का नाम रोशन करें उन्होंने कहा कि मैं बालूमाथ में डिग्री कॉलेज का निर्माण हर हाल में कराऊंगा। पिछले बार पांच विद्यालय को इंटरमीडिएट का दर्जा दिलवाया था। वही इस स्कूल को भी उच्च विद्यालय बनाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि पहलगाम में जो आतंकी घटना हुई जिसमे हमारी सेना की महिला कमांडर ने पाकिस्तान को सबक सिखाने का कार्य किया । वहीं इससे पूर्व आयोजित कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों को गुलदस्ता देकर उनका अभिनंदन किया गया। वही विधायक के अलावा रामनाथ सिंह, सुरेंद्र गुप्ता, अरविंद भगत, कृष्णा यादव, शैलेश सिंह विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष पंकज राय ने भी छात्राओं को संबोधित करते हुए जीवन में लक्ष्य लेकर पढ़ाई करने की बात कही। वही मौके पर अंजली कुमारी, सौम्या सिंह, हिना प्रवीण, रीमा कुमारी समेत कई छात्राओं अपने-अपने विचार रखें। छात्रा सुधा कुमारी ने विधायक के समक्ष पीने का साफ पानी की व्यवस्था स्कूल में नहीं होने की बात कही जिस पर विधायक ने जल्द ही कमी दूर करने का आश्वासन दिया। वही सभा का संचालन शिक्षक निर्मल सिन्हा ने किया। मौके पर बड़ी संख्या में स्कूली छात्राएं एवं शिक्षक गण उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर लगा स्वास्थ्य जांच शिविर



चंदवा। प्रखंड अंतर्गत कामता पंचायत के चटूवाग ग्राम में राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की पहल पर शुक्रवार को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम स्वर्गीय डोमन परहिया के घर के समीप लगाया गया था। यहाँ बताते चले कि गुरुवार को सड़क के अभाव व क्रॉसिंग जाम के कारण डोमन की आकस्मिक मौत हो गयी थी। स्वास्थ्य शिविर में ग्राम वासियों का स्वास्थ्य संबंधी जांच किया गया। कुल 35 रोगियों का जांच कर आवश्यक दवाई व परामर्श दिया गया। शिविर में उपस्थित एमपीडब्ल्यू सीताराम कुमार ने बताया कि आज डेंगू दिवस के अवसर पर एक दिनी शिविर लगाकर ग्रामीणों का इलाज किया जा रहा है। आगे बताया कि गर्मियों और बरसात के मौसम में मच्छरों का आतंक हर घर, हर गली में देखने को मिलता है। इस दौरान कई खतरनाक बीमारियों के फैलने का खतरा रहता है। इनमें से एक है डेंगू, यह एक जानलेवा वायरस संक्रमण है जो एडीज नाम के मच्छर के काटने से फैलता है। जिसमें तेज बुखार, सिर दर्द जोड़ों में दर्द, त्वचा पर चकत्ते और कमजोरी इसके मुख्य लक्षण है। समय पर इलाज नहीं होने पर प्लेटलेट्स की संख्या घटकर स्थिति को गंभीर बना सकती है। इसलिए लोगों को इस बीमारी के प्रति जागरूक रहने की आवश्यकता है। स्वच्छ परिवेश व सतर्क जीवन शैली अपनाकर डेंगू जैसी बीमारी को मात दिया जा सकता है। मौके पर संजय कुमार विश्वकर्मा, अमर प्रसाद, विकास रंजन, बीटीटी देवकांत तिवारी सहिया मुनिता परहीन के अलावे बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद थे।

### सीएनटी जमीन के फर्जी तरीके से डिमांड खोल कर दी गई ऑनलाइन रसीद निर्गत, जांच जारी

**लातेहार।** अंचल कार्यालय में जमीन की गड़बड़ी रोकने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला डुडंगी कला मौजा का है। यहां सीएनटी जमीन पर बिना राजस्व कर्मचारी और सीआई की रिपोर्ट के ही फर्जी तरीके से ऑनलाइन रसीद निर्गत कर दी गई है। जमीन की खरीद 2012 में हुई थी। कमलेश प्रसाद और नंदलाल कुमार गुप्ता ने मुनिलाल मोची के वंशज से खाता संख्या 65, प्लॉट 847 में क्रमशः 6.25 और 5 डिसमिल जमीन खरीदी थी। उक्त जमीन की राजस्व कर्मचारी व सीआई के रिपोर्ट के बिना ही ऑनलाइन कर रसीद निर्गत कर दिया गया। जिसका फर्जी म्यूटेशन केस संख्या 380/2012-13 और 534/2012-13 है। यह पूरा काम अंचल कार्यालय के कंप्यूटर ऑपरेटर आकाश कुमार के द्वारा किया गया है। जब मामला अधिकारियों तक पहुंचा तो ऑपरेटर आकाश कुमार के द्वारा 13 मई 2025 को आनन-फानन में झारभूमि पोर्टल से ऑनलाइन दस्तावेज को हटा दी गई। फजीवाड़े की जानकारी मिलते ही अंचलाधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो ने कंप्यूटर ऑपरेटर आकाश कुमार से 24 घंटे में जवाब मांगा है। इधर, कंप्यूटर ऑपरेटर आकाश कुमार ने कहा कि मेरे द्वारा इस तरह की कोई ऑनलाइन छेड़छाड़ नहीं की गई है। मुझे जमीन संबंधित कार्य से हटा भी दिया गया है।

**जानकारी मिली है, जांच की जा रही है: सीओ**

अंचलाधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो ने कहा कि मामले की जानकारी मिली है। इस मामले की जांच कराई जा रही है। जो भी इसमें शामिल होंगे, कार्रवाई की जाएगी।

### बोलेरो ने पेड़ में मारा टक्कर दो घायल रिम्स रेफर



**बालूमाथ।** बालूमाथ-रांची-चतरा एनएच 22 मुख्य पथ पर गोनिया ग्राम के समीप शुक्रवार की अहले सुबह 2:00 बजे एक बोलेरो वाहन अनियंत्रित होकर पेड़ में जा टकराई। जिसमें सवार राजू साव 24 वर्ष पिता शंकर साब एवं बोलेरो चालक सौरभ कुमार सिंह 20 वर्ष पिता अशोक सिंह दोनों ग्राम चीरू थाना हेरहंज गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों द्वारा घायल अवस्था में दोनों युवकों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य लाया गया। जहां सीएचओ वकार अहमद द्वारा प्राथमिक इलाज के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रिम्स रेफर कर दिया। परिजनों ने बताया कि चिरू ग्राम से लावालोंग चतरा बारात गया हुआ था। तथा रात्रि में ही बारात से वापस आने के क्रम में चालक को झपकी आ गई। और तेज रफ्तार होने के कारण वह पेड़ से जा टकराया। दोनों युवक को जब चिकित्सकों ने रिम्स रेफर कर दिया। तो परिजन 108 एम्बुलेंस में दो घंटा तक कॉल करते रहा लेकिन वहां से एंबुलेंस उपलब्ध नहीं कराया गया। जबकि 108 एंबुलेंस बालूमाथ ब्लॉक में ही खड़ी थी।

### टी.बी मरीजों के बीच किया पोषण टोकरी का वितरण



**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को सीसीएल की ओर से टी.बी रोगी मरीजों के बीच पोषण टोकरी का वितरण किया गया। इसकी जानकारी देते हुए सी.आई.एन.आई संस्था के अरविंद कुमार ने बताया कि सीसीएल द्वारा लातेहार जिले में टी. बी मुक्त बनाने का संकल्प लिया गया है। जिसके तहत चाइल्ड इन नीड इंस्टीट्यूट( उक्छक) संस्था की मदद से मरीज के बीच मुफ्त दवा एवं पोषण टोकरी का वितरण प्रत्येक माह किया जाता है। पोषण टोकरी में कई पौष्टिक आहार खाने पीने की सामग्री रहती है। मौके पर जिन लोगों के बीच उक्त सामग्री का वितरण किया गया उसमें मालो देवी, टिंकू कुमार, दशरथ प्रजापति, चंद्रदेव उरांव, रामदेव साहू बहादुर उरांव, निर्मल गंझु समेत कई लोग शामिल थे।

### नक्सल प्रभावित आंटीखेता में आजादी के बाद पहली बार सांसद की दस्तक

## संसद में गूंजेगी आंटीखेता की आवाज : कालीचरण सिंह

**खबर मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** झारखंड के लातेहार जिले के गहरे जंगलों और पथरीले पहाड़ों के बीच बसे आंटीखेता गांव ने शुक्रवार को इतिहास रच दिया। आजादी के 77 साल बाद पहली बार यहां कोई सांसद पहुंचा। चतरा संसदीय क्षेत्र के सांसद कालीचरण सिंह जब दुर्गम रास्तों से गुजरते हुए गांव पहुंचे तो ग्रामीणों ने उनका स्वागत किसी वीर योद्धा की तरह किया। ढोल-नगाड़ों की थाप, पारंपरिक आदिवासी नृत्य और खुशियों से झूमते चेहरे, मानो लोकतंत्र का सबसे जीवंत दृश्य यही हो।

**सुर्खियों में रहा है आंटीखेता गांव**

यह वही आंटीखेता है, जो कभी ट्रेन हाइजैक की घटना से सुर्खियों में वर्षों तक सुर्खियों में रहा। सुरक्षा बलों की गश्त और सन्नाटे की मार झेल चुके इस गांव में पहली बार सत्ता का कोई प्रतिनिधि जब खुद चलकर आया, तो लोगों ने भी दिल खोलकर अपनापन दिखाया। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा नेता सह जिला परिषद सदस्य कन्हाई सिंह की अगुवाई में संयुक्त आम सभा मंच के बैनर तले किया गया। सभा का केंद्र बिंदु था रेलवे सुविधाओं को लेकर वर्षों से उपेक्षित मांगों को सांसद के सामने जमीन से उठाकर संसद तक पहुँचाना। इस दौरान ग्रामीणों ने तीन अहम मांगों को लेकर सांसद को ज्ञापन सौंपा। जिनमें कुमंडीह रेलवे स्टेशन पर फूट ओवरब्रिज का निर्माण, सासारामझरांची एक्सप्रेस का कुमंडीह स्टेशन पर ठहराव और आंटीखेता में एक नया रेलवे हॉल्ट बनाए जाने की मांग। जहां सांसद कालीचरण सिंह ने पूरी संवेदनशीलता से ग्रामीणों की बातें सुनीं और आश्वासन दिया कि ये मांगें वे न सिर्फ संसद में उठाएंगे बल्कि रेलवे मंत्रालय से जल्द कार्रवाई की भी मांग करेंगे। आप सबकी मांगे बिल्कुल जायज हैं। रेलवे हॉल्ट हो या ओवरब्रिज, ये सिर्फ सुविधाएं नहीं, आपका हक हैं। मैं वादा करता हूं, आपकी आवाज कभी दबेगी नहीं। आंटीखेता अब नक्शे पर सिर्फ लाल घेरे में नहीं, विकास के दायरे में आएगा। अब डर नहीं, विकास की दस्तक होगी। सभा में प्रमुख सुशीला देवी, जिला मंत्री अजय प्रसाद, मंडल अध्यक्ष राजेश प्रसाद, प्रवीण कुमार, राजू परहिया, बृजमोहन सिंह, प्रयाग सिंह, राजा ठाकुर, धनलाल उरांव, सुदामा प्रजापति, दीपक तिवारी, दिलावर सिंह और महेश्वर उरांव समेत कई स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल थे।


संबोधित करते सांसद कालीचरण सिंह।

### ट्रेन हादसे में दोनों पैर गंवाने वाले दीपक को बीडीओ ने सौंपी ट्राईसाईकिल, कहा हर संभव मदद करेगा प्रशासन


ट्राईसाईकिल सौंपती बीडीओ।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय में एक भावुक क्षण देखने को मिला जब खुरा गांव निवासी दीपक कुमार को ट्राईसाईकिल सौंपा गया। वर्ष 2017 में ट्रेन हादसे में दोनों पैर गंवाने के बाद दीपक पूरी तरह असहाय हो गए थे। अब वर्षों बाद उन्हें चलने-फिरने में सहारा देने वाली ट्राईसाईकिल मिली है। जिप सदस्य संतोषी शेखर की पहल पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रभारी सीडीपीओ रेशमा रेखा मिंज ने दीपक को उनके परिवार के समक्ष ट्राईसाईकिल सौंपते हुए भरोसा दिलाया कि सरकार की योजनाओं का लाभ अब उन्हें प्राथमिकता से मिलेगा। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर वह बेझिझक कार्यालय आकर संपर्क कर सकते हैं, प्रशासन हर संभव मदद करेगा। रेशमा रेखा मिंज ने मौके पर मौजूद लोगों को भी योजनाओं की जानकारी दी और दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के अपने संकल्प को दोहराया। इस दौरान बीपीओ कमलेश कुमार, लीला कुमारी, रानी कुमारी समेत कई लोग उपस्थित थे।

### एसएलआरएम का बैठक सम्पन्न

**बारियातू।** प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय सभागार परिसर मे शुक्रवार को एसआरएलएम की बैठक प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक बीपीएम जेएसएलपीएस मुजिबुल आरफीन की अध्यक्षता मे की गई। बैठक में प्रखण्ड के सभी मास्टर ट्रेनर, वर्कर एवं कम्पोजीट बेड बनाने वाले दीदी भी शामिल हुए। इसके अतिरिक्त प्रखंड के वाश समन्वक निरंजन कुमार एवं जेएसएलपीएस के कर्मी उपस्थित रहे। इस बैठक मे कंपोजिट बेड बनाने वाले दिदियों को बताया गया की प्रखंड के सभी पंचायतो मे पांच -पांच कंपोजिट बेड तैयार किया जाना है। जिसको 23 मई तक बेड तैयार करना अनिवार्य है। प्रत्येक कंपोजिट बेड में एक रजिस्टर तैयार करना है। जिसमें जितने भी दीदीयाँ कार्य करेंगी, उनका उपस्थिति दर्ज होगा ताकि वह जब बेड हार्वेस्ट के बाद बिक्री होने पर जो दीदी कार्य किए है। उनके उपस्थिति के आधार पर उनका मानदेय दिया जाएगा। वही उस्थित कर्मियों से पंचायत वार टारगेट के बारे मे जानकारी ली गई। मौके पर एडमिन नितेश कुमार सीसी और मास्टर ट्रेनर उपस्थित थे।

# 24 सुत्री मांग को लेकर तेतरियाखाड़ विस्थापित संघ ने सीसीएल महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष किया प्रदर्शन

**खबर मंत्र संवाददाता**


लोगों को सम्बोधन करते हुए।


लोगों से समर्थन मांगते हुए।

**चंदवा।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को सीसीएल द्वारा संचालित तेतरियाखाड़ कोलियरी प्रबंधन के खिलाफ विस्थापित प्रभावित बेरोजगार ट्रक मालिक, चालक-उप चालक संघ के द्वारा 24 सुत्री मांगों को लेकर चंदवा स्थित सीसीएल राजहरा प्रबंधक कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया गया। इससे पूर्व संघ के द्वारा तेतरियाखाड़ कोलियरी से मोटरसाइकिल जुलूस निकाली गई। रैली में बड़ी संख्या में ट्रक मालिक समेत कोलियरी से जुड़े लोग शामिल हुए। उक्त रैली तेतरियाखाड़ कोलियरी के समीप से निकलकर नगड़ा, तसतबार, बड़का बालूमाथ से रांची-चतरा मार्ग होते हुए चंदवा स्थित सीसीएल ऑफिस पहुंची जहां संघ के द्वारा मांगो को लेकर रोषपूर्ण प्रदर्शन किया गया। घेराव में शामिल लोग हाथों में 4 लाख टन स्टॉक के कोयले की बिक्री जल्द करो, तेतरियाखाड़ कोलियरी में व्याप्त भ्रष्टाचार को बंद करो, स्थानीय शिक्षित बेरोजगारों को ही ठेकेदारी में प्राथमिकता दो, पेलोडर लोडिंग बंद करो हस्त लोडिंग चालू करो, संघ की मांग पूरी करो आदि नारे लिखे हुए तख्तियां लिये हुए थे। घेराव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संघ के अध्यक्ष गिरधारी यादव ने कहा कि अपनी 24 सूत्री मांगों को लेकर विगत दो माह से तेतरियाखाड़ कोलियरी में संघ के द्वारा धरना प्रदर्शन किया जा रहा है, इसके बावजूद प्रबंधन के द्वारा इस पर कोई भी पहल नहीं की गई है। प्रबंधन को कोलियरी से जुड़े लोगों की समस्याओं से कोई वास्ता नहीं रह गया है। प्रबंधन सिर्फ कोलियरी से अपना स्वार्थ साधने में लगी हुई है। इतने लंबे समय से चल रहे आंदोलन पर जब प्रबंधन की ओर से कोई पहल नहीं किया तो मजबूरन हमे आंदोलन का दूसरा चरण शुरू करना पड़ा है। अगर जल्द ही तेतरियाखाड़ कोलियरी प्रबंधन के द्वारा मांगो पर विचार नहीं किया जाता है तो संघ के द्वारा उग्र आंदोलन चलाते हुए कोयला स्टॉक में लगी आग को बुझाकर उक्त कोयले को ट्रकों में भरकर बेचने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि इस भीषण गर्मी में भी इतनी तादाद में लोग इस कार्यक्रम में पहुंचे हैं इससे आप अंदाजा लगा लीजिए कि लोग किस प्रकार से प्रबंधन के कारण बेरोजगारी का दंश झेल रहे हैं।कार्यक्रम के उपरांत सीसीएल राजहरा कार्यालय में एसपीओ सुप्रियन केरकेट्टा को संघ की तरफ से 24 सुत्री मांग पत्र सौंपा गया। मांगो में मुख्य रूप से स्टॉक में कोयला लगभग चार लाख टन है जो कोयला जल रहा है जिसे सीघ्र ही बेचा जाये, स्टॉक में लगी आग को तत्काल बुझाई जाये, सीसीएल अपने उत्पादन लक्ष्य को हासिल करने के लिए ओबी कोयला स्टॉक में किसी भी कीमत पर मिलावट न करें, जिससे कोयले की गुणवत्ता खराब हो, ग्रेड जी-12 कोयला और ग्रेड जी-11 कोयला में चल रही विसंगति को दूर करने समेत नियम विरुद्ध लगे तीनों कांटा घर को स्टॉक से अलग करने आदि मांग शामिल हैं। कार्यक्रम में बालकिशुन यादव, दिलमणि यादव, राजन यादव, अयुब अलाम, नौशाद अलाम, मो एहतेशाम सोनु समेत बड़ी संख्या में संघ के सदस्य मौजूद थे।

### प्रसव के दौरान लापरवाही बरतने का आरोप

**प्रसूता ने लगाया आरोप कहा प्रसव के दौरान लापरवाही से टूट गई नवजात की गर्दन व हाथ की हड्डी**


मृत शव।

**चंदवा।** चंदवा की डेढ़ लाख की आबादी में एकमात्र अस्पताल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा इन दिनों प्रसव के दौरान लापरवाही बरते जाने के लग रहे आरोपों को लेकर चर्चा में है। गत रविवार को प्रसव के दौरान शिशु के मौत होने का मामला ठंडा भी नहीं पड़ा था कि सप्ताह के दौरान दूसरी बार प्रसूता के द्वारा प्रसव के दौरान एएनएम के द्वारा लापरवाही बरते जाने का आरोप लगाया गया है। मामला गुरुवार की बताई जा रही है, जहां प्रखंड सासंग पंचायत अंतर्गत किता ग्राम से प्रसव के लिए सविता देवी पति सुरेश गंझु को सीएचसी लाया गया था। सविता देवी ने बताया कि उसके गर्भ में जुड़वा बच्चे थे, जिसमें पहले शिशु के प्रसव के दौरान सीएचसी में एएनएम की लापरवाही से नवजात गर्दन की हड्डी एवं हाथ ही हड्डी तीन जगह से टूट गई है। सविता की तकलीफ बढ़ने के बाद आनन फानन में उसे दूसरे अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिसके बाद परिजन उसे लेकर चंदवा के एक निजी अस्पताल पहुंचे जहां दूसरे बच्चे का जन्म ऑपरेशन से हुआ। जहां जच्चा बच्चा दोनों स्वास्थ्य है। प्रसूता ने जिला प्रशासन से दोषी स्वास्थ्यकर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की गुहार भी लगाई है। वहीं दूसरी ओर मामले में सीएचसी प्रबंधन पल्ला झाड़ती नजर आ रही है। मामले को लेकर पूछे जाने पर सीएचसी प्रभारी नीलिमा कुमारी ने बताया कि एएनएम के द्वारा प्रसूता की निगरानी लंबी समय से की जा रही थी, प्रसूता को पूर्व में ही बता दिया गया था कि जुड़वा बच्चा है, उसकी डिलीवरी सदर अस्पताल में होगी। लेकिन गुरुवार को प्रसव पीड़ा के बीच प्रसूता अस्पताल लाई गई थी, जहां से उसे रेफर किया गया था। प्रबंधन की ओर से कोई लापरवाही नहीं बरती गई है।

# आसमानी बिजली गिरने से 6 मवेशी की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो/ कसमार।** कसमार अंचल अंतर्गत सोनपूरा पंचायत के सिल्ली साड़म में तेज बारिश के साथ वज्रपात होने से 6 मवेशी की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। बताया जा रहा है कि सभी मवेशी सोनपूरा पंचायत के सिल्ली साड़म निवासी सर्वेश्वर हांसदा की है। सर्वेश्वर हांसदा ने बताया कि जंगल की ओर से घर आने के क्रम में सभी मवेशी विष्णु टाँड़ फुटबॉल मैदान के पास एक बांस की झाड़ी पास पहुंचे ही थे कि अचानक बारिश होने लगी। उसी बीच वज्रपात से 5 गाय व 1 बैल की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। पीड़ित किसान ने सोनपूरा पंचायत के मुखिया चंद्रशेखर हेम्ब्रम को वज्रपात से मवेशी की मौत की सूचना दी। सूचना पाते ही वे घटनास्थल पहुंचे और वहीं से कसमार सीओ प्रवीण कुमार कसमार थाना प्रभारी भजनलाल महतो तथा कसमार के भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अखौरी को जानकारी देते हुए मुआवजा की प्रक्रिया करने की मांग की। मौके पर पशु चिकित्सक जितेन्द्र टुडू नंदन हेम्ब्रम श्यामसुंदर मरांडी भीम टुडू नकुल टुडू सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### घर के बाहर खड़ी स्कॉर्पियो गाड़ी को चोरों ने उड़ाया

**गोड्डा /महागामा।** थाना क्षेत्र में चोरों ने फिर एक और बड़ी घटना को अंजाम दिया है। चोरों ने बहुत ही सफाई से सदर बाजार में रात के समय घर के बाहर खड़ी सफेद रंग की स्कॉर्पियो गाड़ी को चुरा लिया और किसी को भनक तक नहीं लगने दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गाड़ी ईसीएल कर्मचारी परमानंद मिर्धा के बेटे भीम मिर्धा की है। वहीं भीम मिर्धा ने थाने में चोरी की शिकायत दर्ज करा दी है। चोरी की गई गाड़ी सफेद रंग की स्कॉर्पियो है, जिसका निबंधन संख्या जेएच 17एसी 2533 है। जानकारी के अनुसार ड्राइवर उमेश कुमार सिंह रोजाना परमानंद मिर्धा को ईसीएल में ड्यूटी के लिए लाता और ले जाता था और फिर ड्यूटी खत्म होने के बाद वह गाड़ी को हर रात में महागामा स्थित अपने घर पर खड़ी करता था, जहां यह घटना घटित हो गई। बताते चलें कि इस घटना से पूर्व महागामा सदर बाजार में एक दुकान मालिक से सोने की चेन और अंगूठी की छिनतई हुई थी इस मामले का उद्भेदन पुलिस अब तक नहीं कर पाई है वहीं अब दरवाजे पर से गाड़ी चोरी का यह दूसरी घटना है। वहीं इस प्रकार से लगातार हो रही चोरी और छिनतई की घटनाओं से क्षेत्र के लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। स्थानीय लोग पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाने लग गए हैं। उनका कहना है कि रात में पुलिस गश्त के बावजूद बड़ी गाड़ी की चोरी कैसे हो गई। वहीं इस मामले में महागामा एसडीपीओ चंद्रशेखर आजाद ने बताया कि सूचना मिलते ही मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है। जल्द ही कार्रवाई की जाएगी और आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होगा साथ ही चोरी और छिनतई का सामान भी बरामद कर लिया जाएगा।

### असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने का निर्देश

**गोड्डा।** आज गोड्डा पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी ने अपने कार्यालय में अपने तमाम वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ मासिक अपराध समीक्षा बैठक कर पुलिस कर्मियों को उनके उत्कृष्ट सेवा के लिए सम्मानित किया गया जिनमें मोतिया ओपी के इंचार्ज महावीर पंडित को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया ।बैठक में पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय प्रशिक्षु उपाधीक्षक अनुमंडल पुलिस अधिकारी पुलिस निरीक्षक एवं सभी थाना प्रभारी उपस्थित रहे ।अधिकारियों को उनके कर्तव्य के प्रति जागरूक रहने पर बल देते हुए उन्हें नशा उन्मूलन, दो पहिया वाहन चोरी, एटीएम बैंक व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए गए। लंबित कांडों पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। महिला उत्पीड़न, डायन, बिसाहा इत्यादि कांडों पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। खनन माफिया, जमीनमाफिया, असामाजिक तत्वों गुंडा तत्वों को लेकर विशेष निर्देश दिए गए। 112 नंबर पर दर्ज शिकायत पर त्वरित गति से संज्ञान लेने के निर्देश दिए गए।

### तेज आंधी और बारिश ने तेनुघाट में मचाया जमकर तबाही

**बेरमो /तेनुघाट कोर्ट।** गुरुवार को अचानक आए तेज आंधी और बारिश ने तेनुघाट क्षेत्र में भारी नुकसान पहुंचाया। व्यवहार न्यायालय भवन के पास, अधिवक्ता संघ परिसर एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय के समीप मुख्य मार्ग पर कई पेड़ की डाली टूटकर गिर गई। इससे एक घर की छत और इंटर कालेज जाने वाली सड़क मार्ग के पास में खड़ी चारपहिया वाहन क्षतिग्रस्त हो गई। इस घटना से बिजली के तार भी टूट गए, जिससे पूरे इलाके की बिजली आपूर्ति ठप हो गई है। बिजली विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर पोल और तार को ठीक करने में जुटी है, लेकिन अब तक बिजली बहाल नहीं हो सकी है। स्थानीय कॉलोनीवासियों का कहना है कि यहां से बिजली की लाइनें जर्जर अवस्था में हैं और कई बार विभाग को तार बदलने की मांग की गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। लोगों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि बिजली विभाग के अधिकारी 'कान में तेल डालकर सोए' हुए हैं, जिसके कारण आंधी या बारिश में ही तेनुघाट क्षेत्र की बिजली व्यवस्था चरमरा जाती है।

# तिरंगा यात्रा में दिखा सेना के प्रति जोश और जज्बा

## उमड़ी भीड़ ने लगाई भारत माता की जय




खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** आज भाजपा जिला ईकाई द्वारा गोड्डा के हटिया चौक अमर शहीद सरदार भगत सिंह चौक से चलकर गोड्डा शहिद अशोक स्तंभ तक भारतीय सेना के वीर सपूतों के सम्मान यानी ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर देश की आन बान शान तिरंगा यात्रा निकाला गया। सभी पार्टी के कार्यकर्ता बंधु तिरंगा झंडा हाथों में लिए पक्तिबद्ध रोड शो के रूप में बाजार से गुजरते हुए शहीद स्तंभ तक जमा होकर पाकिस्तान मुदार्बाद के नारे लगाए ,भारती सेना की जय हो, भारत माता की जय, वंदे मातरम आदि के नारों से गूंजाय मान किया। पार्टी के बैरिस्ट लोगों और कई वक्ताओ ने देश के लोकप्रिय और यशस्वी प्रधानमंत्री और दोनों महिला विंग कमांडर सोफिया और सिंह की तारीफ की और देश के शहिद जवानों और नागरिकों के लिए संवेदना व्यक्त किया।

# खुदीबेड़ा मौजा में चला बुलडोजर

## किसी को मिली मोहलत तो किसी को तोड़कर हटाया

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो/कसमार।** बरलंगा से कसमार भाया नेमरा पथ चौड़ीकरण-मजबुतीकरण पथ निर्माण के तहत अधिग्रहित भूमि एवं संरचनाओं का मुआवजा भुगतान लेने के बावजूद संरचनाओं को हटाये नहीं जाने पर शुक्रवार को खुदीबेड़ा मौजा में एसडीओ मुकेश मछुआ एवं सीओ प्रवीण कुमार की मौजूदगी में अतिक्रमण मुक्त अभियान चला। जिसके तहत बुलडोजर चलाकर संरचनाओं को हटाया गया। खुदीबेड़ा मौजा में अधीर चंद्र चक्रवर्ती के घर से प्रयाग महतो के घर तक बुलडोजर चलाया गया। इस दौरान कुछ पंचाटियों को स्वयं से संरचनाओं को हटाने के समय सीमा की मोहलत दी गयी तो कुछ पंचाटियों की संरचनाओं को बुलडोजर चलाकर हटाया गया। जिन पंचाटियों को किसी कारणवश एक दो दिन पूर्व नोटिस मिला है उन्हें एक सप्ताह की मोहलत दी गई। इस दौरान बेरमो एसडीओ मुकेश मछुआ ने कहा कि सड़क निर्माण परियोजना में अधिग्रहित भूमि एवं संरचनाओं के हितबद्ध पंचाटियों को शत-प्रतिशत मुआवजा भुगतान किया जा चुका है बावजूद इसके अपनी संरचनाओं को हटाये नहीं जाने पर प्रशासन की ओर से बुलडोजर चलाकर हटाया जा रहा है। ताकि ससमय महत्वाकांक्षी परियोजना को पूर्ण किया जा सके। बता दें कि खुदीबेड़ा मौजा में पंचाटि प्रयाग महतो पदमी देवी भेखन राम महतो सुभाष कुमार महतो छोटू राम महतो प्रयाग महतो राजेंद्र महतो जागेश्वर महतो अजीत कुमार महतो सुरेश कुमार महतो खगेंद्र नाथ महतो अमित कुमार महतो लाल मोहन गंझू अखिलेश्वर महतो भोलानाथ महतो मुकुंद महतो वासुदेव महतो गोवर्धन महतो नंदलाल महतो नकुल महतो सुरेश कुमार महतो हीरालाल कुमार महतो बुधन राम महतो ज्वाला देवी हृदय करमाली छोटा महतो शांति देवी चंदन गोस्वामी उदय गोस्वामी एवं अधीर चंद चक्रवर्ती के संरचनाओं को अधिग्रहित किया गया है। मौके पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी कनीय अभियंता राजीव रंजन एवं आशीष कुमार कसमार थाना प्रभारी भजनलाल महतो एसआई मो मोजविल भू-अर्जन कार्यालय के शरत कुमार राजस्वकर्मी जमील अहमद गंगा कंस्ट्रक्शन के नरेंद्र पांडेय गुड्डू पाठक विकास तिवारी जैप-जवान चौकीदार आदि मौजूद थे।

## एक नजर में

# अपराध को अंजाम दे रहे पांच साईबर अपराधी गिरफ्तार, गये जेल



खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** दुमका पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। जिला के तालझारी थाना पुलिस साईबर अपराध की योजना बना रहे पांच साईबर ठगों को गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

गिरफ्तार अपराधियों में थाना क्षेत्र के हेठतीनघरा गांव निवासी वरूण यादव, संजय यादव, विनय कुमार यादव, कुन्दन कुमार एवं बुढ़ीकुरूवा गांव निवासी पप्पु कुमार मंडल शामिल है। इसकी जानकारी प्रेसवार्ता कर एसपी पितांबर सिंह खेरवार ने दी।

उन्होंने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना के आधार पर सफलता मिली है। सूचना मिला कि तालझारी थाना क्षेत्र हेठतीनघरा गांव स्थित पहाड़ के उत्तर तरफ पहाड़ के नीचे जंगल झाड़ी के बीच में साईबर ठगी की घटना को अंजाम दे रहे है। इस संबंध में पदाधिकारी के द्वारा आवश्यक कार्रवाई का निर्देश प्राप्त हुआ। जिसके आधार पर एक छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल के पहाड़ के उत्तर तरफ पहाड़ के नीचे जंगल झाड़ी के बीच छापमारी करते हुए पांचों साईबर अपराधी को रंगे हाथ धर दबोचने में कामयाब हुई।

# डीवीसी सीटीपीएस के अधिकारियों और कर्मचारियों ने लिया स्वच्छता की शपथ



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/चंद्रपुरा।** डीवीसी चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र के अधिकारियों और कर्मचारियों व केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवान एवं अन्य कर्मियों ने आज स्वच्छता पखवाड़ा को लेकर हिंदी और अंग्रेजी में शपथ लिया। 16 मई से शुरू होकर 23 मई तक आयोजित होने वाली स्वच्छता कार्यक्रम में वरिष्ठ जीएम और परियोजना प्रधान विजया नन्द शर्मा ने हिंदी में और वरिष्ठ जीएम मानव संसाधन डीसी पांडेय ने अंग्रेजी में उपस्थित कर्मियों को शपथ दिलाया। मौके पर उपस्थित कर्मियों ने स्वच्छता शपथ लिया कि महात्मा गांधी ने जिस भारत का सपना देखा था उसमें सिर्फ राजनीतिक आजादी ही नहीं थी बल्कि एक स्वच्छ एवं विकसित देश की कल्पना भी थी। महात्मा गांधी ने गुलामी की जंजीरों को तोड़कर मां भारती को आजाद कराया और अब हमारा कर्तव्य है कि गंदगी को दूर करके भारत माता की सेवा करें। सभी ने शपथ लिया कि वे स्वयं हर सप्ताह 2 घंटे श्रमदान करके स्वच्छता के प्रति सजग रहेंगे और इसके लिए समय देंगे। सभी ने शपथ लिया कि वह गांव-गांव और गली-गली स्वच्छ भारत मिशन का प्रचार करेंगे एवं अन्य 100 व्यक्तियों से भी यह कार्य कराया जाएगा।

# तम्बाकू उद्योग के पीछे के खतरनाक सच के प्रति स्कूली बच्चे हुए जागरूक

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** उपायुक्त विजया जाधव के निदेशानुसार सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद के आदेशानुसार चास नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत मध्य विद्यालय जोधाडीह चास एवं मध्य विद्यालय सोलागीडीह चास में तम्बाकू के दुष्प्रभाव एवं तम्बाकू उद्योग के आकर्षण के पीछे के खतरनाक सच के प्रति बच्चों को जागरूक करने हेतु सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों को तम्बाकू से होने वाले जनित रोगों से अवगत कराया गया। साथ ही सभी को तम्बाकू छोड़ने हेतु परामर्शी सेवा के साथ-साथ तम्बाकू नशा मुक्ति केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं से भी अवगत कराया गया। नोडल पदाधिकारी एनसीडी डॉ सुधा सिंह के द्वारा सभी बच्चों को बताया गया कि तंबाकू में नशीला पदार्थ निकोटिन होता है जिसके उपयोग से हृदय और सांस संबंधी बीमारियों के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के कैंसर होने का सबसे बड़ा प्रमुख कारण होता है। झारखंड में कक्षा 7 से 10 तक में प्रत्येक 100 बच्चों में 5 बच्चे तम्बाकू का उपयोग करते हैं जिन्हें तम्बाकू के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करने हेतु लगातार स्कूल जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है ताकि इस संख्या में कमी लाई जा सके। जिला परामर्शी तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम मो असलम ने बताया कि झारखंड में कुल आबादी का लगभग 88 लाख लोग तम्बाकू का उपयोग किसी न किसी रूप में करते हैं जिसमे तम्बाकू जनित रोगों से झारखण्ड में प्रत्येक वर्ष लगभग 35 हजार लोगों की मृत्यु होती है। वहीं कार्यक्रम के अन्त में सभी बच्चों को शपथ दिलाया गया कि भविष्य में कभी भी तम्बाकू का उपयोग नहीं करेंगे। सेमिनार कार्यक्रम में दोनों स्कूल के प्राचार्य केशव चन्द्र महथा एवं सदानंद महतो स्वास्थ्य विभाग से सोशल वर्कर छोटेलाल दास विद्यालय के शिक्षक सहित अन्य स्टाफ व बच्चे उपस्थित थे।

# फर्जी ग्रामसभा कर पत्थर खदान लीज देने का मामला आया सामने, विरोध

खबर मन्त्र संवाददाता

**शिकारीपाड़ा।** दुमका जिले के शिकारीपाड़ा प्रखंड क्षेत्र में पत्थर खदान का फर्जी रूप से ग्राम सभा कर लीज देने का मामला सामने आया है। यह आरोप चंदनगड़िया के ग्रामीणों ने लगाया है। मामले में चंदनगड़िया के ग्रामीणों ने बताया कि चंदनगड़िया मौजा में फर्जी ग्राम सभा प्रस्तुत कर जमाबंदी रैयत एवं सोलह आना रैयत के बगैर सहमति व बिना जनसुनवाई कर यहां पत्थर खदान लीज दिया गया है। मामले में प्रशासन को लिखित शिकायत देने के बावजूद जांच-पड़ताल अब तक नहीं हो सकी है। इसी को लेकर चंदनगड़िया मौजा के ग्राम सभा सदस्य सह सोलह आना रैयतों ने एक ग्राम सभा सह जनसभा आयोजन कर जिला प्रशासन और भूमि माफिया के खिलाफ पुरजोर विरोध प्रदर्शन किया। जिसकी अध्यक्षता ग्राम सभा अध्यक्ष पानमुनी किस्कू ने की।

# अधिवक्ता परिषद ने निकाली तिरंगा रैली

**बोकारो।** अधिवक्ता परिषद झारखंड की बोकारो जिला इकाई की ओर से तिरंगा रैली का आयोजन कर भारतीय सेना के अदम्य साहस- पराक्रम और राष्ट्रभक्ति को नमन किया गया। भारतीय सैन्य बलों द्वारा पाकिस्तानी आतंकवादियों के विरुद्ध किए गए ऑपरेशन सिंदूर की अभूतपूर्व सफलता के उपरांत अधिवक्ताओं ने बार परिसर से बोकारो जिला व्यवहार न्यायालय होते हुए महिला अधिवक्ताओं की अगुवाई में तिरंगा यात्रा निकाली।

# आरएम संस्कार पब्लिक स्कूल में संयुक्त परिवार के महत्व पर मना परिवार दिवस

**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड अंतर्गत रणविजय मेमोरियल संस्कार पब्लिक स्कूल खैराचातर में आयोजित अंतराष्ट्रीय परिवार दिवस के तहत संयुक्त परिवार के महत्व पर बच्चों ने ड्राइंग फैमिली ट्री शार्ट प्ले तथा डांसिंग व सिंगिंग के माध्यम से इसके महत्व पर प्रकाश डाला। कक्षा छठी से दसवीं के छात्र-छात्राओं-खुशी अमित अनुराग गुड़िया पलक दीपांश श्याम पायल यश व आराध्या आदि द्वारा प्रस्तुत लघु नाटिका को काफी सराहना मिली।

# केंद्रीय ट्रेड यूनियन के आहूत 20 मई का हड़ताल अब होगी 9 जुलाई को

**दुमका।** अटल बिहारी वाजपेयी प्राइवेट बस स्टैंड में झारखंड परिवहन मजदूर यूनियन कार्यालय में शुक्रवार को बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता यूनियन अध्यक्ष गजेंद्र कुमार ने किया। बैठक में पिछले 10 मई को संपन्न बैठक में केंद्रीय ट्रेड यूनियन के संयुक्त मंच के आवाहन पर चार श्रमिक समहिताओं को अविलंब रद्द करने सहित अन्य महत्वपूर्ण मांगों को लेकर 20 मई को आहूत देशव्यापी हड़ताल को सफल बनाने के लिए तय रणनीति होना था।

# ससमय पूरी हो ग्रामीण नल-जल योजना, अन्यथा होगा आंदोलनः कुमार अमित

खबर मन्त्र संवाददाता



बोकारो। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुमार अमित ने केन्द्र सरकार के जल जीवन मिशन के तहत चास प्रखंड में जारी ग्रामीण नल-जल योजना के कार्य प्रगति की जानकारी सोनाबाद कार्यस्थल पर पहुँच कर कार्यरत एजेंसी से ली। कुमार अमित ने इस कार्य की अत्यंत धीमी प्रगति पर असंतोष जताते हुए कहा कि जल जीवन मिशन ग्रामीण क्षेत्रों के हर घर में नल से स्वच्छ जल पहुंचाने हेतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रारम्भ की गई। इस योजना में झारखंड सरकार की भी बराबर की भागीदारी है। इस योजना से चास प्रखंड में भी सभी पंचायतों के चालीस हजार परिवारों तक नल जल पहुँचाने के लिए दस स्थानों पर जल मिनार निर्माण और पाइप लाइन बिछाने का कार्य किया जाना है।

इस कार्य को कर रही एजेंसी ने कार्य धीमी होने का कारण राज्य सरकार द्वारा बिल का भुगतान नहीं होना बताया है। जबकि केन्द्र सरकार ने राज्य सरकार को इस योजना हेतु फंड पूर्व में आवंटित कर दिया है। फंड की कमी के कारण चास प्रखंड में जारी इस योजना का अपने तय समय जून माह तक पुरा हो पाना असम्भव दिख रहा है जो कि चिंता का विषय है। कुमार अमित ने बताया कि राज्य सरकार की लापरवाही का दंश झेल रही इस महत्वपूर्ण जनाकांक्षी योजना को किसी हाल में विफल नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने योजना को समय से पूरा नहीं होने पर ग्रामीण जनता के साथ सड़क पर उतर राज्य सरकार के खिलाफ आंदोलन करने की बात कही।

भाजपा नेता ने इस योजना को सफलतापूर्वक धरातल पर उतारने और इसका लाभ चास प्रखंड के ग्रामीणों को दिलाने के लिए एजेंसी को हर संभव प्रयास व सहयोग करने की भी बात कही है। इस दौरान ग्रामीण करण गोराई धनन्जय कर रतन महतो कौशिक मुखर्जी लालबाबू काली मंडल हीरालाल विनय महतो हराधन गोप विवेक अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

# पुलिस लाईन में पदस्थापित हवालदार का आकस्मिक निधन

**दुमका।** पुलिस लाईन में पदस्थापित हवलदार हीरालाल सिंह का आकस्मिक निधन हो गया। जानकारी के अनुसार अहले सुबह हवलदार हीरालाल सिंह की तबीयत अचानक खराब हो गई। जिन्हें परिचारी प्रवर रमेश मंडल के निदेशानुसार प्राथमिक चिकित्सा के लिए पुलिस एसोसिएशन एवं सहयोगियों के मदद से सदर अस्पताल ले जाया गया। जहां उन्हें चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। हवलदार हीरालाल सिंह को शोक सलामी देते हुए पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मियों द्वारा श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए नम आँखों से विदाई दी।

## पेज एक का शेष

### जगद्गुरु रामभद्राचार्य ज्ञानपीठ ...

**पुरस्कार की गरिमा बनी रही है :** द्रौपदी मुर्मु ने 1965 से विभिन्न भारतीय भाषाओं के उत्कृष्ट साहित्यकारों को पुरस्कृत करने के लिए भारतीय ज्ञानपीठ ट्रस्ट की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि भारतीय भाषाओं में उत्कृष्ट साहित्यकारों को पुरस्कृत करने की प्रक्रिया में भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार के चयनकर्ताओं ने सर्वश्रेष्ठ साहित्यकारों का चयन किया है और इस पुरस्कार की गरिमा को बनाये रखा है। राष्ट्रपति ने कहा कि हमारी बहनों और बेटियों को इन महान महिला लेखकों से प्रेरणा लेकर साहित्य सृजन में सक्रिय रूप से भाग लेना चाहिए और सामाजिक सोच को और अधिक संवेदनशील बनाना चाहिए।

### खुशखबरी : मंईयां योजना ...

जिन लाभुक महिलाओं का अब तक आपका बैंक खाता आधार से लिंक नहीं है, तो जल्द से जल्द आधार सीडिंग करवा लें, वरना 5000 मिलने में देरी या रुकावट हो सकती है। इधर लाभुकों की स्क्रूटनी के बाद बड़ी संख्या में अपात्र लाभुकों को योजना से वंचित किया गया है। विभाग का कहना है कि यह कदम पारदर्शिता और वास्तविक लाभुकों तक सहायता पहुंचाने के उद्देश्य से उठाया गया है।

**सभी पात्र लाभुकों को ही मिले लाभ :** सरकार का लक्ष्य है कि सभी पात्र महिलाओं तक समय पर लाभ पहुंचे और उनके खातों में बिना किसी परेशानी के राशि ट्रांसफर की जाये। विभाग ने जिलों के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वह आधार सीडिंग प्रक्रिया को तेजी से पूरा कराये, ताकि कोई भी पात्र महिला योजना से वंचित नहीं रह सके। **किस जिले को कितनी राशि आवंटित :** गिरिडीह- 907.50 करोड़, रांची-823.50 करोड़, धनबाद-670.50 करोड़, बोकारो-639.00 करोड़, पलामू-559.50 करोड़।

### अभी तो ट्रेलर...

उन्होंने कहा, पाकिस्तान अपने नागरिकों से एकत्र कर को जैश-ए-मोहम्मद आतंकवादी संगठन के प्रमुख मसूद अजहर को लगभग 14 करोड़ रुपये देने में खर्च करेगा, जिसे संयुक्त राष्ट्र द्वारा आतंकवादी नामित किया है। उन्होंने कहा, नष्ट किये गये आतंकी ढांचे का पाकिस्तान ने फिर से निर्माण शुरू कर दिया है। उन्होंने आईएमएफ से इसे दी जाने वाली एक अरब डॉलर की सहायता पर पुनर्विचार करने और भविष्य में भी कोई सहायता न देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, मेरा मानना ??है कि आज के समय में पाकिस्तान को किसी भी तरह की वित्तीय सहायता आतंकवाद के वित्तपोषण से कम नहीं है।

**जड़ से खत्म करेंगे आतंकवाद :** रक्षा मंत्री ने कहा कि हम आतंकवाद के हर स्वरूप को जड़ से खत्म कर देंगे। यह राष्ट्रीय सुरक्षा सिद्धांत का हिस्सा बन गया है । श्री सिंह ने कहा कि मौजूदा युद्धविराम का मतलब है कि भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई उसके व्यवहार के आधार पर स्थगित की है। उन्होंने कहा कि अगर उसके व्यवहार में सुधार होता है तो अच्छी बात है; लेकिन अगर कोई गड़बड़ी होती है तो कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

**हम पूरे पाक में प्रहार में सक्षम :** राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत के लड़ाकू विमान सीमा पार किए बिना पाकिस्तान के हर कोने पर हमला करने में सक्षम हैं। उन्होंने कहा, दुनिया ने देखा है कि कैसे भारतीय वायुसेना ने आतंकी शिविरों और बाद में पाकिस्तान के एयरबेसों को नष्ट कर दिया। भारतीय वायुसेना ने इस बात का प्रमाण दिया कि भारत की युद्ध नीति और तकनीक बदल गयी है। नये भारत का संदेश दिया कि हम सिर्फ विदेश से आयात किए गए हथियारों और प्लेटफार्मों पर निर्भर नहीं हैं, बल्कि भारत में निर्मित उपकरण हमारी सैन्य शक्ति का हिस्सा बन गए हैं। भारत में निर्मित हथियार अभेद्य भी हैं। पाकिस्तान ने खुद ही 'ब्रह्मोस' मिसाइल की ताकत को स्वीकार कर लिया है।

### वज्रपात से जख्मी ...

इसकी चपेट में आने से सीआरपीएफ 26 बीएन के सेकेंड (द्वितीय कमान अधिकारी) एम प्रोबो सिंह, सहायक समादेष्टा सुबीर कुमार मंडल, सअनि सुरेश भगत व सअनि चंदलाल हांसदा, जिलाबल गंभीर रूप से घायल हो गये। सबसे पहले अभियान में मौजूद डॉक्टरों ने ही घायलों का इलाज किया। उसके बाद सभी घायलों को जंगल से रेस्क्यू कर बाहर निकाला गया । **अन्य जवानों की स्थिति स्थिर :** घायल सहायक समादेष्टा सुबीर कुमार मंडल एवं जवान सुरेश भगत, चंदलाल डांसद की स्थिति स्थिर है। अपस्ताल में उनका इलाज चल रहा है।


### थरूर, ओवैसी समेत...

सत्तारूढ़ दल की ओर से पूर्व मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर, ओड़िशा की भाजपा सांसद अपराजिता सारंगी सत्ता पक्ष से इस डेलिगेशन का हिस्सा हो सकती हैं।

**सांसदों के 8 ग्रुप अलग-अलग 8 देश जायेगा :** पहले चरण में सांसदों के 8 ग्रुप बनाये जायेंगे। हर दलों के सांसदों के ये 8 ग्रुप, 8 अलग-अलग देशों का दौरा कर भारत का पक्ष रखेंगे और पाकिस्तान को बेनकाब करेंगे। प्रतिनिधिमंडल या उनके सदस्यों की सही संख्या के बारे में कोई साफ जानकारी नहीं है। हालांकि कहा जा रहा है कि 30 से ज्यादा सांसद इस मुहिम का हिस्सा हो सकते हैं। सूत्रों ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल में जिन पार्टियों के सांसद शामिल होंगे, उनमें भाजपा, कांग्रेस, टीएमसी, डीएमके, एनसीपी (एसपी), जदयू, बीजद, सीपीआई (एम) और कुछ अन्य शामिल हैं। पहली टीम को 22-23 मई तक 10 दिनों के लिए रवाना होने के लिए मुस्तैद रहने को कहा गया है।

स्पीड न्यूज

## कांस में जैकलीन ने बिखेरा जलवा



**कांस।** बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीस ने फ्रांस के रिवेरा शहर में चल रहे कांस फिल्म फेस्टिवल में जैकलीन फर्नांडिस ने अपना जलवा बिखेरा है। 78वें कान फिल्म फेस्टिवल के तीसरे दिन जैकलीन फर्नांडीज ने रेड सी फिल्म फाउंडेशन की वीमेन इन सिनेमा पहल के तहत आधिकारिक तौर पर भारतीय सिनेमा का प्रतिनिधित्व करते हुए शानदार उपस्थिति दर्ज कराई।

## जल्द मिलेंगे ट्रंप और पुतिन : सेबेस्टियन

**वाशिंगटन।** अमेरिकी प्रशासन को उम्मीद है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन के बीच बहुत जल्द ही मुलाकात होगी। अमेरिकी राष्ट्रपति के उप सहायक और आतंकवाद निरोध के वरिष्ठ निदेशक सेबेस्टियन गोर्का का ऐसा मानना है। उन्होंने कहा कि सौदे और समझौते तो होते ही रहते हैं। राष्ट्रपति ट्रंप और पुतिन के मिलने का सही समय आ गया है। उन्होंने पॉलिटिको अखबार के तत्वावधान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा सम्मेलन में यह घोषणा की।

## पुतिन ने रूस के थल सेना प्रमुख को हटाया

**मॉस्को।** रूस के थल सेना प्रमुख जनरल ओलेग सल्युकोव को उनके पद से हटा दिया गया। द मॉस्को टाइम्स की खबर के अनुसार, ओलेग सल्युकोव रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के पुराने सहयोगी हैं। उन्होंने ही उन्हें थल सेना प्रमुख के पद से हटाने का फैसला किया। पुतिन का यह फैसला ऐसे वक्त में आया है जब रूस, यूक्रेन युद्ध और सैन्य रणनीति को लेकर अंतरराष्ट्रीय दबाव में है। सल्युकोव 2014 से थल सेनाध्यक्ष थे। अब उन्हें रूसी सुरक्षा परिषद में उप सचिव के पद पर नियुक्त किया गया है।

## तरनतारन में 85 किलो हेरोइन बरामद

तरनतारन। पंजाब में तरनतारन पुलिस ने ब्रिटेन स्थित ड्रग हैंडलर लल्ली द्वारा संचालित एक सीमा पार, आईएसआई-नियंत्रित-पाकिस्तान आधारित नार्को-तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया और उसके भारत स्थित ऑपरेटिव, अमरजोत सिंह उर्फ जोता संधू, गांव भिट्टेवाड़, अमृतसर ग्रामीण निवासी को गिरफ्तार कर उसके पास से 85 किलोग्राम हेरोइन बरामद की डीजपी गौरव यादव ने शुक्रवार को बताया कि अमरजोत सीमा पार के तस्करों से खेप प्राप्त कर रहा था व पूरे पंजाब में ड्रग्स की आपूर्ति कर रहा था।

# गया शहर का नाम बदला, अब 'गया जी' से जाना जायेगा

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार शाम मंत्रिमंडल की बैठक में मोक्ष और ज्ञान की भूमि गया का नाम बदलकर गया जी रख दिया गया है। आज की बैठक में कुल 69 एजेंडों पर मुहर लगी है। कैबिनेट ने बिहार सरकार के कर्मचारियों के लिए डीए 53 प्रतिशत से बढ़ाकर इसे 55 प्रतिशत कर दिया है। बिहार सरकार पर सप्तम केंद्रीय पुनरीक्षित वेतन संरचना में वेतन पेंशन प्राप्त कर रहे सरकारी सेवकों और पेंशन भोगियों को 53 प्रतिशत से 55 प्रतिशत महंगाई भत्ता (डीए) करने पर 1070 करोड़ रुपये का भार पड़ेगा। मंत्रिमंडल ने ऑपरेशन सिंदूर में सशस्त्र सेना एवं केंद्रीय सशस्त्र पुलिस वलों के शहीद कर्मियों के निकटतम आश्रितों को अनुग्रह अनुदान के रूप में 50 लाख रुपये देने की स्वीकृति दी गई है।

**कैबिनेट का फैसला**

- **सरकारी कर्मियों का डीए दो प्रतिशत बढ़ा**
- **ऑपरेशन सिंदूर के शहीद जवानों के परिवार को मिलेंगे 50 लाख**
- **सहकारिता विभाग में 333 लिपिकों की होगी बहाली**
- **सुशील मोदी की जन्म दिन राजकीय समारोह के रूप में मनाने की मंजूरी दी गयी**

पर्यटन मंत्रालय के स्वदेश दर्शन स्कीम 2.0 के अंतर्गत बौद्ध ध्यान एवं अनुभव केंद्र बोधगया के निर्माण के लिए 165 करोड़ 44 लाख 30000 रुपये की स्वीकृति दी गई। बिहार राज्य उड्डयन प्रशिक्षण संवर्ग भर्ती नियमावली 2025 के गठन की स्वीकृति दी गई। पटना उच्च न्यायालय में विभिन्न बहुमंजिलीय भवनों तथा प्रशासनिक एवं आईटी भवन ऑडिटोरियम एवं मल्टी लेवल कर पार्किंग और अन्य सुविधाओं के विकास के लिए 302 करोड़ 56 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है।

सहकारिता विभाग में लिपिक संवर्ग में 333 पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई है। वित्त विभाग में बिहार वाहन चालक संवर्ग अंतर्गत वाहन चालक के 18 पदों के अस्थाई रूप से सृजन की स्वीकृति दी गई। पूर्व उपमुख्यमंत्री स्व. सुशील मोदी की जन्म तिथि 5 जनवरी को पटना में राजकीय समारोह के रूप में मनाने की स्वीकृति दी गई।

**सोनपुर को नगर परिषद और मदनपुर को नगर पंचायत का दर्जा :** छपरा जिले के सोनपुर को नगर परिषद व औरंगाबाद के मदनपुर को नगर पंचायत का दर्जा दिया गया है।

**जल-जीवन-हरियाली का विस्तार :** बिहार सरकार ने जल-जीवन-हरियाली' कार्यक्रम की अवधि 2025 से बढ़ाकर 2029-30 तक कर दी है। इस पहल के तहत जल संरक्षण, पौधारोपण और हरियाली को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही, दरभंगा जिले के लिए 186 करोड़ और औरंगाबाद के लिए 72 करोड़ की जलापूर्ति परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं। बोधगया और सोनपुर में भी जल परियोजनाओं को मंजूरी मिली है।

**900 पंचायतों में बनेगा भवन :** 900 ग्राम पंचायतों में पंचायत सरकार भवन बनाए जाएंगे, जिससे ग्रामीण प्रशासनिक व्यवस्था मजबूत होगी और ग्रामीण जनता को सुविधाएं नजदीक मिलेंगी।

तीन केंद्रीय विद्यालय खुलेंगे : राज्य के विभिन्न जिलों में केंद्रीय विद्यालय संगठन के नए विद्यालय खोले जाएंगे। वहीं, बिहार राज्य अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालयों में भी शिक्षकों की नियुक्ति और तीन नए विद्यालय (भागलपुर, अररिया, गोपालगंज) खोलने की योजना स्वीकृत हुई है।

## महिलाओं के लिए पटना समेत पांच जिलों में पिंक बस शुरू

- **6 से 25 रुपये है किराया सुरक्षा के लिए पैनिक बटन सीसीटीवी और हर सीट पर चार्जिंग पॉइंट की सुविधा**



खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को पटना समेत राज्य के पांच जिलों में महिलाओं के लिए विशेष पिंक बस सेवा की शुरूआत की। मुख्यमंत्री ने पटना स्थित एक अणे मार्ग से पिंक बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पहले चरण में कुल 20 मिनी पिंक बसें चलाई गई हैं।

इसमें पटना में 8, मुजफ्फरपुर में 4 तथा गया, भागलपुर, दरभंगा और पूर्णिया में 2-2 बसें शामिल हैं। दूसरे चरण में 80 और पिंक बसें सड़कों पर उतरेंगी। इसमें सफर करने का किराया 6 रुपये से 25 रुपये के बीच है। सुरक्षा के लिए पैनिक बटन, सीसीटीवी भी है जबकि हर सीट पर चार्जिंग पॉइंट की सुविधा है। परिवहन मंत्री शीला कुमारी ने बताया कि यह सेवा महिलाओं को एक सुरक्षित और भरोसेमंद यात्रा का विकल्प प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि ड्राइवर और कंडक्टर दोनों महिलाएं होंगी। बिहार राज्य सड़क परिवहन निगम को अब तक पर्याप्त महिला ड्राइवर नहीं मिल पाई हैं जिससे पहले चरण में संभावना है कि पुरुष चालक इन बसों को चलाएंगे। लेकिन भविष्य में महिला चालकों की नियुक्ति के बाद इसे पूरी तरह महिला-संचालित सेवा के रूप में विकसित किया जाएगा। पिंक बसें खासतौर पर महिलाओं के लिए डिजाइन की गई हैं। इनमें केवल महिला एवं छात्राएं ही सफर कर सकेंगी। ये बसें शहरों के प्रमुख मार्गों पर सिटी बस सेवा के रूप में चलेंगी और इनका संचालन प्रतिदिन सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक किया जाएगा।

# ऑपरेशन सिंदूर प्रधानमंत्री की दृढ़ इच्छाशक्ति का प्रतीक:शाह

## तीनों सेनाओं, सीमा सुरक्षा बल और सभी सुरक्षा एजेंसियों पर देश को गर्व : गृह मंत्री

एजेंसी

- **नया मल्टी एजेंसी सेंटर देश को गंभीर खतरों से निपटने के लिए बनायेगा मजबूत**



**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को नई दिल्ली के नॉर्थ ब्लॉक में नए मल्टी एजेंसी सेंटर (एमएसी) का उद्घाटन किया। शाह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति, खुफिया एजेंसियों की सटीक सूचनाओं और हमारी तीनों सेनाओं की अचूक मारक क्षमता का अनूठा प्रतीक है। भारत को अपनी तीनों सेनाओं, सीमा सुरक्षा बल और सभी सुरक्षा एजेंसियों पर गर्व है।

केंद्रीय गृहमंत्री ने हाल ही में छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर करेंगट्टालु हिल्स (केजीएच) में केंद्रीय अर्धसैनिक बलों द्वारा चलाए गए ऐतिहासिक नक्सल विरोधी अभियानों के बारे में कहा कि नक्सलियों के खिलाफ ये ऐतिहासिक अभियान हमारे सुरक्षा बलों के बीच बेहतरीन समन्वय को प्रदर्शित करते हैं। इसी तरह का समन्वय ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी देखने को मिला, जिससे पता चलता है कि हमारी खुफिया एजेंसियों तथा तीनों सशस्त्र बलों द्वारा कार्य को अंजाम देने की प्रक्रिया और सोच में काफी बेहतर समन्वय है। शाह ने कहा कि नया एमएसी आज के परिवेश में सामने आ रही जटिल और परस्पर जुड़ी राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों से निपटने में सभी एजेंसियों के प्रयासों में तालमेल बिठाने के लिए एक सहज और एकीकृत मंच प्रदान करेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह नया नेटवर्क आतंकवाद, उग्रवाद, संगठित अपराध और साइबर हमलों जैसे गंभीर खतरों से निपटने के लिए देश के प्रयासों को मजबूत करेगा। उन्होंने नए एमएसी नेटवर्क की सराहना की और रिकॉर्ड समय में हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर से संबंधित कार्यों को सफलतापूर्वक पूरा करने पर संतोष व्यक्त किया। इसमें एम्बेडेड एआई/एमएल तकनीक जैसी भविष्य की क्षमताओं को शामिल किया गया है ताकि एमएसी और जीआईएस सेवाओं के साथ विशाल डेटाबेस की क्षमता का दोहन किया जा सके। उन्होंने नए एमएसी के साथ उपलब्ध उन्नत डेटा एनालिटिक्स का लाभ उठाने के लिए विभिन्न साइलो में विभिन्न केंद्रीय एजेंसियों के पास मौजूद अन्य महत्वपूर्ण डेटाबेस को इस प्लेटफॉर्म पर एकीकृत करने की आवश्यकता पर बल देते हुए भविष्य की रूपरेखा भी रखी। शाह ने कहा कि इस नए नेटवर्क से एमएसी नेटवर्क पर उत्पन्न डेटा एनालिटिक्स की गुणवत्ता को उच्च स्तर तक बढ़ाने की उम्मीद है, जिससे सटीक प्रवृत्ति विश्लेषण, हॉटस्पॉट मैपिंग और समयरेखा विश्लेषण से पूर्वानुमान और परिचालन परिणाम मिल सकेंगे। नया एमएसी संगठित अपराध के साथ जटिल संबंधों वाले आतंकी पारिस्थितिकी तंत्र का मुकाबला करने में एक लंबा रास्ता तय करेगा।

## चिदंबरम भी जानते हैं कांग्रेस का कोई भविष्य नहीं है : गौरव भाटिया

**नयी दिल्ली।** भाजपा ने शुक्रवार को विपक्षी गठबंधन आईएनडीआईए पर कांग्रेस नेता पी चिदंबरम की टिप्पणी पर तंज किया है। भाजपा ने कहा कि राहुल गांधी के करीबी सहयोगी भी जानते हैं कि कांग्रेस का कोई भविष्य नहीं है। दरअसल, चिदंबरम ने गुरुवार को विपक्षी गठबंधन पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा था कि उन्हें यकीन नहीं है कि गठबंधन अभी भी बरकरार है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता की टिप्पणी पर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि जब इंडी गठबंधन बना था, तो इसका सामान्य लक्ष्य सत्ता में आना था। इसके लिए भले ही उन्हें भारत विरोधी बनना पड़े, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को गाली देनी पड़े या सशस्त्र बलों का मनोबल गिराना पड़े। उन्होंने आरोप लगाया कि मतदाताओं ने घमंडी गठबंधन को खारिज कर दिया है क्योंकि इसके नेता लोगों की सेवा करने के लिए नहीं बल्कि अपने स्वार्थ को पूरा करने के लिए एक साथ आए थे। भाटिया ने कहा कि अब चिदंबरम ने कहा है कि इंडी गठबंधन खत्म हो चुका है। शहजाद पूनावाला ने कहा किआईएनडीआईए में कुश्ती-दोस्ती मॉडल है और यह गठबंधन केवल स्वार्थ के लिए बना है।

# लश्कर तैयबा के 3 मददगार गिरफ्तार

- **बडगाम-श्रीनगर में टारगेट किलिंग व सुरक्षाबलों पर हमले की साजिश विफल**
- **भारी मात्रा में हथियार व गोला-बारूद बरामद**

एजेंसी

श्रीनगर। सुरक्षाबलों ने शुक्रवार को बडगाम और श्रीनगर में टारगेट किलिंग व ग्रेनेड हमले के एक षडयंत्र को विफल बनाते हुए लश्कर-ए-तैयबा के तीन ओवरग्राउंड वर्करों को गिरफ्तार कर लिया। यह तीनों बीते पांच वर्ष से फरार लश्कर-ए-तैयबा के कमांडर आबिद क्यूम लोन के लिए काम करते हैं। आबिद क्यूम के मौजूदा समय में पाकिस्तान में छिपे होने की सूचना है। आबिद क्यूम आतंकी बनने से पहले जम्मू स्थित एक इंजीनियरिंग कालेज का छात्र था। यहां मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस को अपने तंत्र से पता चला था कि लश्कर-ए-तैयबा ने बडगाम और श्रीनगर में टारगेट किलिंग व सुरक्षाबलों पर ग्रेनेड हमले का षडयंत्र रचा है। इस षडयंत्र को अंजाम देने के लिए हथियार लेकर आतंकियों के ओवरग्राउंड वर्कर बारामूला-श्रीनगर-बडगाम मार्ग पर एक जगह विशेष पर जमा होने वाले हैं। इसके आधार पर पुलिस ने सीआरपीएफ और सेना के जवानों के साथ मिलकर कुछ स्थानों पर विशेष नाके लगाए और नारबल मागाम के कावूसा नारबल में तीन ओवरग्राउंड वर्करों को पकड़ लिया। उनकी पहचान मुजम्मिल अहमद, इश्फाक पंडित (दोनों अगलर पट्टन बारामुला के निवासी) और मुनीर अहमद निवासी मीरीपोरा बीरवाह के रूप में हुई है। उनके कब्जे से एक पिस्तौल और एक हथगोला व अन्य साजो सामान बरामद किया गया है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि यह तीनों लश्कर ए तैयबा के आतंकी आबिद कयूम लोन, पुत्र अब्दुल कयूम लोन, निवासी वुसन पट्टन के लिए काम करते हैं। आबिद क्यूम 2020 में पाकिस्तान भाग गया था। वह पाकिस्तान में बैठकर पट्टन, बारामूला, बडगाम, सोपोर और श्रीनगर में अपने स्थानीय नेटवर्क की मदद से आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के साथ ही स्थानीय युवाओं को आतंकी संगठन में भर्ती होने के लिए तैयार कर रहा था। क्यूम आतंकी बनने से पहले जम्मू में इंजीनियरिंग कालेज का छात्र था।

## कैट ने तुर्किये व अजरबैजान के उत्पादों का किया बहिष्कार

**नयी दिल्ली।** व्यापारियों के संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने शुक्रवार को तुर्किये और अजरबैजान के साथ सभी कारोबारी और पर्यटन संबंधों को खत्म करने का ऐलान किया। कैट द्वारा राजधानी नई दिल्ली के होटल ललित में आयोजित राष्ट्रीय व्यापार सम्मेलन में देशभर से आए 125 से अधिक शीर्ष व्यापारिक नेताओं ने सर्वसम्मति से दोनों देशों के साथ सभी कारोबारी और पर्यटन संबंधों को खत्म करने का संकल्प लिया। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री एवं सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने बताया कि देश के 24 राज्यों से आए 125 से अधिक व्यापारी प्रतिनिधियों ने राष्ट्रीय व्यापारी सम्मेलन में तुर्किये और अजरबैजान के साथ सभी कारोबारी और पर्यटन संबंधों को खत्म करने का निर्णय लिया है। खंडेलवाल ने बताया कि राष्ट्रीय व्यापार सम्मेलन में देशभर से आए हुए 125 से ज्यादा शीर्ष व्यापारिक नेताओं ने सर्वसम्मति से यह संकल्प लिया है कि भारत का व्यापारिक समुदाय तुर्किये और अजरबैजान के साथ हर प्रकार के व्यापार एवं व्यावसायिक संबंधों का पूर्ण बहिष्कार करेगा। व्यापारिक समुदाय ने भारतीय फिल्म उद्योग से भी अपील की है कि वे तुर्किये और अजरबैजान में किसी भी प्रकार की फिल्म की शूटिंग न करें।

## बलूचिस्तान में नहीं घुस रही पाक सेना

एजेंसी

**भारत समर्थन करे तो घोषित कर देंगे आजादी : रज्जाक**



क्वेटा में तैनात ब्लूच विद्रोही।

**वाशिंगटन।** बलूच अमेरिकी कांग्रेस के महासचिव रज्जाक बलूच ने एक साक्षात्कार में चौंकाने वाले दावे किए। उन्होंने कहा कि बलूचिस्तान का 70 से 80 प्रतिशत हिस्सा पाकिस्तानी सेना के लिए निषिद्ध क्षेत्र बन गया है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय, विशेष रूप से भारत और अमेरिका से बलूच स्वतंत्रता आंदोलन का समर्थन करने की अपील की। रज्जाक ने कहा कि पाकिस्तानी सेना अंधेरे के बाद क्वेटा से बाहर भी नहीं निकल सकती। पाकिस्तान की अपनी विधानसभा के सदस्यों ने भी इस वास्तविकता को स्वीकार किया है। उन्होंने कहा कि शाम पांच बजे से सुबह पांच बजे तक डर के मारे सेना सड़कें खाली कर देती हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मारंग बलूच अब भी जेल में हैं और बलूचिस्तान में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन जारी है। उन्होंने सरदार अख्तर मेंगल जैसे नेताओं के प्रयासों को स्वीकार किया, लेकिन इस बात पर जोर दिया कि चौनी और क्वेटा जैसे क्षेत्रों में पाकिस्तानी सैन्य गढ़ों को खत्म करने के लिए विदेशी समर्थन महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि अगर भारत बलूचिस्तान की आजादी का समर्थन करता है, तो बलूचिस्तान के दरवाजे भारत के लिए खुल जाएंगे। साथ ही कहा कि समर्थन में देरी करने से बर्बर सेना को बढ़ावा मिलेगा, जिसका असर सिर्फ बलूचिस्तान पर ही नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र पर पड़ेगा। उन्होंने लोकतांत्रिक देशों से बलूच प्रतिनिधियों की मेजबानी करने और संघर्ष को मान्यता देने की अपील की। उन्होंने कहा कि इससे पहले कि पाकिस्तानी सेना को बांग्लादेश की तरह खदेड़ा जाए।

## पंजाब में बबर खालसा से जुड़े 15 स्थानों पर छापेमारी

**नयी दिल्ली।** एनआईए ने शुक्रवार को पंजाब के गुरदासपुर जिले में दिसंबर में हुए पुलिस थाने पर ग्रेनेड हमले के संबंध में बबर खालसा आतंकी समूह से जुड़े 15 स्थानों पर छापेमारी की। ये छापेमारी गुरदासपुर, बटाला, अमृतसर और कपूरथला में की गई। इस दौरान कई आपत्तिजनक सामग्री, मोबाइल और दस्तावेज जब्त किए गए। इन छापेमारी का लक्ष्य अमेरिका में स्थित बबर खालसा इंटरनेशनल ऑपरेटर और गैंगस्टर हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पासियन से जुड़े संदिग्धों को पकड़ना था। हैप्पी के सहयोगियों में शमशेर सिंह शेरा उर्फ हनी भी शामिल है।




# हर कोई चाहता है, उसका नाम अखबारों में छपे

एजेंसी

## सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ से जुड़ी नई याचिकाओं को किया खारिज

**20 मई को लंबित मामले पर सुनवाई करेगी पीठ**




**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली कुछ नई याचिकाओं पर विचार करने से इनकार कर दिया और कहा कि हर कोई चाहता है कि उसका नाम अखबारों में छपे। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि 20 मई को लंबित मामले पर फैसला करेगी। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट मामले में अंतरिम राहत के मुद्दे पर सुनवाई करेगा। दरअसल, शुक्रवार को एक और नई याचिका सुनवाई के लिए कोर्ट में आई, जिसके बाद केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने इस पर आपत्ति जताई और कहा कि अधिनियम को चुनौती देने वाली याचिकाओं का 'अंतहीन' दायर होना संभव नहीं है।

हालांकि, याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील ने कहा कि उन्होंने 8 अप्रैल को याचिका दायर की थी और 15 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री द्वारा बताई गई खामियों को दूर कर दिया गया था, लेकिन उनकी याचिका को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध नहीं किया गया।

सीजेआई ने कहा कि हर कोई चाहता है कि उसका नाम अखबारों में आए। जब वकील ने पीठ से आग्रह किया कि उनकी याचिका को लंबित याचिकाओं के साथ जोड़ा जाना चाहिए तो पीठ ने कहा कि हम इस मामले पर फैसला करेंगे। इसके बाद पीठ ने इसे खारिज कर दिया। जब इसी तरह की एक और याचिका सुनवाई के लिए आई तो पीठ ने खारिज किया। जब याचिकाकर्ता के वकील ने आग्रह किया कि उन्हें लंबित याचिकाओं में हस्तक्षेप करने की अनुमति दी जाए तो सीजेआई ने कहा कि हमारे पास पहले से ही बहुत सारे हस्तक्षेपकर्ता हैं। 17 अप्रैल को सर्वोच्च न्यायालय ने अपने समक्ष कुल याचिकाओं में से केवल पांच पर सुनवाई करने का निर्णय लिया। अधिनियम को चुनौती देने वाली याचिकाएं 15 मई को मुख्य न्यायाधीश और न्यायमूर्ति मसीह की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आईं।

**याचिकाकर्ता द्वारा उठाए गए मुद्दे :** पीठ ने कहा कि वह 20 मई को तीन मुद्दों पर अंतरिम निर्देश पारित करने के लिए दलीलें सुनेगी, जिसमें अदालतों द्वारा वक्फ, उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ या विलेख द्वारा वक्फ घोषित संपत्तियों को गैर-अधिसूचित करने की शक्ति शामिल है। याचिकाकर्ताओं द्वारा उठाया गया दूसरा मुद्दा राज्य वक्फ बोर्डों और केंद्रीय वक्फ परिषद की संरचना से संबंधित है, जहां उनका तर्क है कि पदेन सदस्यों को छोड़कर केवल मुसलमानों को ही काम करना चाहिए। तीसरा मुद्दा एक प्रावधान से संबंधित है, जिसमें कहा गया है कि जब कलेक्टर यह पता लगाने के लिए जांच करता है कि संपत्ति सरकारी भूमि है या नहीं, तो वक्फ संपत्ति को वक्फ नहीं माना जाएगा।

## शेयर बाजार में तेजी पर ब्रेक, सेंसेक्स 200 व निफ्टी 42 अंक टूटा

**मुंबई।** एशियाई बाजारों की गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर भारती एयरटेल, एचसीएल टेक, एसबीआई और इंफोसिस समेत चौदह दिग्गज कंपनियों में हुई बिकवाली से शेयर बाजार पिछले लगातार दो दिनों की तेजी के बाद शुक्रवार को गिरकर बंद हुआ। सेंसेक्स 200.15 अंक का गोता लगाकर 82,330.59 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 42.30 अंक टूटकर 25019.80 अंक पर आ गया। हालांकि बीएसई की दिगगज कंपनियों के मुकाबले मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में लिवाली हुई, जिससे मिडकैप 0.85 प्रतिशत उछलकर 45,005.84 अंक और स्मॉलकैप 1.18 प्रतिशत की छलांग लगाकर 51,045.74 अंक पर पहुंच गया।

